सेंसेक्स	74,742.50
निफ्टी	22,666.30
सोना	65650
चांदी	84,500
डॉलर	83.26

बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
मंगलवार 09 अप्रैल 2024
चैत्र कृष्ण 15 विक्रम सम्वत 2080/81
वर्ष 15, अंक 197
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

खास खबर

दिल्ली एयरपोर्ट उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली को परमाणु बम से उड़ने की धमकी मिली है। दिल्ली पुलिस ने बताया है कि 5 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयरलाइंस में चढ़ने से पहले यात्रियों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान हड़कम्प मच गया जब दो यात्रियों ने सिक्योरिटी स्टाफ को धमकी दी कि वह एयरपोर्ट को परमाणु बम से उड़ा देंगे। पुलिस का कहना है कि परमाणु बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के खिलाफ एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में कई धारा लगाई गई है। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। बता दें कि दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशल एयरपोर्ट देश के सबसे बिजी एयरपोर्ट में से एक है।

मुंबई हवाई अड्डे से 8.10 किलो सोना जब्त

मुंबई। पिछले कुछ दिनों से मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं. इस बीच कुल 8 मामलों में मुंबई सीमा शुल्क विभाग द्वारा 8.10 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है। मुंबई कस्टम विभाग ने जानकारी दी है कि अलग-अलग मामलों में कुल 4.81 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया गया है।

जेजेपी को झटका, प्रदेश अध्यक्ष निशान ने दिया इस्तीफा

चंडीगढ़। हरियाणा में अजय चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। राजनीति हल्कों में चर्चा है कि निशान के साथ उनके कई समर्थक कांग्रेस का हाथ थाम सकते हैं। हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को बड़ा झटका देते हुए जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह ने सोमवार को पार्टी छोड़ दी। निशान सिंह के कांग्रेस में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि निशान के कई विधायक भी उनके साथ जाएंगे। 2018 में जेजेपी के गठन के बाद निशान सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। हरियाणा में भाजपा के साथ साढ़े चार साल का गठबंधन तोड़ने के बाद, अजय चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। हरियाणा की सभी 10 सीटों पर 25 मई को मतदान होना है। भाजपा पहले ही सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुकी है।

जेल का जवाब वोट से नाम से आप ने लांच किया कैंपेन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना चुनावी कैंपेन लांच किया है। जेल का जवाब वोट से नाम के कैंपेन के तहत आप ने कई जगह पर पोस्टर लगाए हैं। आप की ओर से पोस्टर जारी किया गया हैं, उसमें केजरीवाल को जेल के अंदर दिखाया गया है। बता दें कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में जेल में बंद हैं।

इस कैंपेन को लांच करने के बाद आप नेताओं ने कहा, हमारी जिम्मेदारी है कि हम केजरीवाल के मिशन को आगे बढ़ाए। हमने एक कैंपेन लांच किया है। इस कैंपेन का नाम जेल का जवाब वोट से है। जिस दिन मत डाले जाएंगे उस दिन जेल का जवाब मिल जाएगा। आप नेता गोपाल राय ने कहा, हर व्यक्ति के जुबान पर एक सवाल था कि जब केजरीवाल जेल चले गए तब उनके बिना चुनावी अभियान कैसे चलेगा।

शहडोल में सभा के बाद रवाना होना था लेकिन...

नहीं उड़ पाया राहुल का हेलिकॉप्टर

भोपाल/शहडोल। कांग्रेस सांसद व पार्टी के स्टार प्रचारक राहुल गांधी सोमवार को शहडोल में सभा करने पहुंचे। सभा के बाद राहुल गांधी को शहडोल से रवाना होना था, लेकिन उनका हेलिकॉप्टन फ्यूल कम होने के कारण उड़ान नहीं भर सका। इसके चलते राहुल को आज रात शहडोल में ही रुकना होगा। उनके रुकने का इंतजाम एक निजी होटल में किया गया है, जहां से कल सुबह वो रवाना होंगे।

कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी सोमवार को मंडला और शहडोल में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने शहडोल में चुनावी सभा की जिसके बाद उन्हें शहडोल से रवाना होना था, लेकिन हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका और उन्हें वहीं रुकना पड़ा है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बताया कि हेलिकॉप्टर के लिए भोपाल से फ्यूल मंगवाया गया था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण फ्यूल समय पर उपलब्ध नहीं हो सका है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के मुताबिक खराब मौसम के कारण फ्यूल आने में देरी हुई है। सुरक्षा कारणों

के चलते राहुल गांधी आज रात शहडोल में ही रुकेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कल सुबह 6 बजे यहां से रवाना होंगे।

यहां बतलाते चलें कि इससे पहले राहुल गांधी ने सोमवार को मंडला और शहडोल लोकसभा प्रत्याशी के लिए चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र के वादों को दोहराते हुए कांग्रेस की नीति को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही राहुल गांधी ने अनेक मुद्दों पर मोदी सरकार को निशाने पर लिया।

किसानों का कर्जा होगा माफ

शहडोल के बाणगंगा मेला ग्राउंड में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, कि हमारी सरकार बनने पर देश के किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार बनने पर किसानों को कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। उन्होंने महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपए देने की भी घोषणा की। यहां राहुल गांधी ने कहा, कि मोदी जी ने तो 22 से 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया। आगे उन्होंने कहा कि मनरेगा को चलाने के लिए 65 हजार करोड़ रुपए लगते हैं। मोदी जी ने 24 साल का मनरेगा का पैसे से कर्जे को माफ कर दिया, लेकिन वो किसानों का, गरीबों का, मजदूरों का कर्जा माफ नहीं करते। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्नि वीर योजना को बंद किया जाएगा, क्योंकि सेना भी इसे नहीं चाहती है।

आदिवासी देश के असली मालिक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इससे पहले मंडला लोकसभा क्षेत्र के सिवनी जिले के धनौरा में आयोजित सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने यहां कहा, कि आदिवासी इस देश के और इस जमीन के पहले और असली मालिक हैं। राहुल गांधी ने इस अवसर पर आदिवासी के सिर पर पेशाब करने की घटना को याद करते हुए कहा कि यह मध्य प्रदेश है जहां एक भाजपा नेता आदिवासी के सिर पर पेशाब किया। इससे इनकी विचारधारा पता चलती है।

राहुल के युवाओं के लिए वादे

यहां राहुल ने युवाओं से वादा करते हुए 30 लाख सरकारी नौकरी, एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों को दोगुनी स्कॉलरशिप प्रदान करने की घोषणा की है। इसके साथ ही राहुल ने किसानों को एमएसपी और गरीब महिलाओं के खाते में हर साल एक लाख रुपए जमा कराए जाने का भी वादा किया। राहुल ने आदिवासियों के लिए खास नीति के तहत ऐलान किया कि जहां 50फीसदी आदिवासी आबादी है, वहां छठी अनुसूची लागू की जाएगी, ताकि आदिवासी अपने निर्णय खुद ले सकें।

जबलपुर पहुंचना था लेकिन रात शहडोल रुकेंगे

गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी हेलिकॉप्टर के ऊड़ान नहीं भरने के कारण आज रात शहडोल में ही बिताने वाले हैं। उन्हें शहडोल के बाणगंगा मेला ग्राउंड में सभा के बाद जबलपुर के लिए रवाना होना था, लेकिन फ्यूल की कमी के कारण उनका हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाया।

धर्म के आधार पर आरक्षण की बात...फिर क्यों कर रही कांग्रेस, राहुल गांधी जबाव दे- नड्डा

नई दिल्ली । देश के तमाम राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए लगातार चुनावी रैली और रोड शो कर रहे हैं। एनडीए जहां पीएम मोदी के चेहरे पर 400 पार के नारे के साथ चुनावी मैदान में उतरी भाजपा ने फिर से तुष्टिकरण और धर्म के आधार पर आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की तुलना मुस्लिम लीग से करते हुए देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी को घेरना शुरू कर दिया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने फिर से कांग्रेस पर हमला कर आरोप लगाया है कि कांग्रेस सत्ता के लिए फिर से देश को बांटने की कोशिश कर रही है।

नड्डा ने कांग्रेस की तीखी आलोचना कर कहा कि उन्होंने कांग्रेस का घोषणा पत्र देखा जिसे देखकर उन्हें आश्चर्य हुआ कि यह कांग्रेस का घोषणा पत्र है या मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को जनता ने बार-बार नकारा है लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि देश को बांटने के लिए और सत्ता को पाने के लिए कांग्रेस किस हद तक जा सकती है, इसका अंदाजा कांग्रेस के इस घोषणा पत्र से लग सकता है। राहुल गांधी को भी इसका जवाब देना चाहिए कि केरल के वायनाड से उनके नामांकन के समय कांग्रेस के झंडे क्यों गायब थे, आखिर यह तुष्टिकरण की राजनीति कहां तक जाएगी? उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ मुस्लिम लीग के लिए कांग्रेस ने अपने झंडे तक हटा दिए थे। मुस्लिम लीग ने वर्ष 1929 में धर्म के आधार पर जिस आरक्षण की बात कही थी, आज उसी बात को कांग्रेस पार्टी फिर दोहरा रही है। आज अल्पसंख्यक के लिए जिस तरह से धर्म के आधार पर आरक्षण की बात हो रही है और जो 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण की बात है, वह किसके लिए की जा रही है, कांग्रेस को यह स्पष्ट करना पड़ेगा।

नड्डा ने कहा कि देश को नहीं भूलना चाहिए कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में इन्होंने बहुसंख्यक समुदाय के खिलाफ एक ऐसा कानून बनाया था, जो संसद से पारित नहीं हो पाया था लेकिन इससे कांग्रेस की मंशा सामने आ गई थी।

कोस्ट गार्ड में महिलाओं को परमानेंट कमीशन दें - सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। कोस्ट गार्ड में महिला अफसर को स्थायी कमीशन देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कोस्ट गार्ड अफसर प्रियंका त्यागी को फिर से सर्विस में बहाल कर दिया है। प्रियंका त्यागी को कोस्ट गार्ड में जनरल ड्यूटी ऑफिसर के रूप में सेवा जारी रखने के लिए अंतरिम राहत दी गयी है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से केस अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस मामले में लैंगिक समानता का गंभीर संवैधानिक सवाल उठा है।

सीजीआई डी वाई चंद्रचूड ने इस मुद्दे पर केंद्र से कहा कि हमें ध्वजवाहक बनना होगा और राष्ट्र के साथ मार्च करना होगा। पहले महिलाएं बार में शामिल नहीं हो सकती थीं। फाइटर पायलट नहीं बन सकती थीं एक महिला के तटरक्षक बल में शामिल होने के विरोध को देख रहे हैं। अगर महिलाएं आपरेशन थिएटर या सुप्रीम कोर्ट बार में जा सकती हैं। तो वो गहरे समंदर में भी जा सकती हैं। 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को चेताया था कि या तो स्थायी कमीशन दीजिए वरना कोर्ट ये आदेश देगा। इससे पहले अदालत में इस मामले पर 20 फरवरी को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने केंद्र सरकार के रवैये पर सवाल उठाए थे। अदालत ने पूछा था- कोस्ट गार्ड को लेकर आपका इतना उदासीन रवैया क्यों है? आप कोस्ट गार्ड में महिलाओं को क्यों नहीं चाहते? चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा था अगर महिलाएं सीमाओं की रक्षा कर सकती हैं, तो वे तटों की भी रक्षा कर सकती हैं। आप नारी शक्ति की बात करते हैं। अब इसे यहां दिखाएं। याचिकाकर्ता प्रियंका त्यागी ने खुद को कोस्ट गार्ड के ऑल विमेन क्रू का सदस्य बताया है, जो तटरक्षक बेड़े पर डोमियर विमानों की देखभाल के लिए तैनात किया गया था। याचिकाकर्ता ने अपनी रिट में 10 वर्षों की शॉर्ट सर्विस नियुक्ति को आधार बनाते हुए एनी नागराज और बबिता पूनिया के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है और न्याय की गुहार लगाई है।

राजनीतिक दलों और नेताओं की गारंटी को कानून के दायरे में लाने की मांग

नई दिल्ली। उपभोक्ताओं को जिस तरह से कानून बनाकर गारंटी और वारंटी से संरक्षण दिया जाता है। यदि कोई कंपनी अपने उत्पाद की गारंटी और वारंटी को पूरा नहीं करती है। ऐसी स्थिति में उसे उपभोक्ता को मुआवजा देना पड़ता है। लोकसभा चुनाव 2024 में जिस तरह से राजनीतिक दल और राजनेता तरह-तरह की गारंटी दे रहे हैं।पिछले वर्षों में राजनीतिक दलों और राजनेताओं द्वारा जो गारंटी दी गई थी। वह पूरी नहीं हुई। समय भी जाने के बाद राजनीतिक दल उसे जुमला बता देते हैं। जिसके कारण मतदाता ठगे जाते हैं। अब मतदाताओं को गारंटी पर गारंटी दी जा रही है। राजनीतिक दलों के नेताओं और राजनीतिक दलों को जिम्मेदार बनाने और मतदाताओं के हक की रक्षा करने के लिए, राजनीतिक दलो के लिए गारंटी कानून बनाने की मांग मतदाताओं की ओर से सामने आ रही है। मतदाताओं का कहना है, जिस तरह से सांसद और विधायक दल बदल कर, दूसरे दलों में चले जाते हैं। चुनाव लड़ते समय जो गारंटी मतदाताओं को दी गई थी। उसे पूरा नहीं किया जाता है। मतदाता से उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा जो वादे किए जाते हैं। उनकी जो विचारधारा के आधार पर मतदाता वोट देते हैं। सांसद,विधायक और राजनीतिक दल अपने वादे से मुकर जाते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें हर्जाना देना चाहिए। इस तरह के कानून बनाने की मांग अब मतदाताओं द्वारा की जा रही है।

जब तक गरीब की हर चिंता दूर नही होगी, चैन से नहीं बैठूंगा-मोदी

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी विजय संकल्प शंखनाद रैली में सोमवार को हुँकार भरते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन मोदी गरीब का बेटा है सिर ऊँचा करके चलता है। मोदी इनकी धमकियों से डरने वाला नहीं है। गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा मिलनी चाहिए। कोई घर में घुस आए और लूटपाट करने लगे तो परिवार का हर सदस्य भिड़ जाता है और मोदी के लिए तो मेरा भारत मेरा परिवार। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बस्तर की धरती पर भानपुरी विधानसभा क्षेत्र स्थित स्व. बलीराम कश्यप के ग्राम आमाबाल में भाजपा की महती चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की रक्षा देश के करोड़ों लोग करेंगे। हमने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, बिचैलियों की कमाई बंद की, तब से इनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भ्रष्टाचार किया। यहाँ के लोगों के साथ धोखा किया, उनकी जांच चल रही है। अपने देश को अपने परिवार को लूटपाट से बचाने में जुटा हूं। मोदी कहता है भ्रष्टाचार हटाओ और कांग्रेस कहती है भ्रष्टाचारी बचाओ।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बस्तर में जनसंघ व भाजपा के प्रमुख स्तम्भ रहे स्व. बलीराम कश्यप की यादों को साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी और इससे सबसे ज्यादा नुकसान गरीबों का

होता है। भ्रष्टाचार गरीब का अधिकार छीन लेता है। 2014 से पहले लाखों-करोड़ों रुपए के घोटाले होते थे। कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से 1 रुपए निकलता था और सिर्फ 15 पैसा लोगों तक पहुंचता था। यह बात कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कही थी। तो बताओ, वह कौन-सा पंजा था जो बाकी के 85 पैसे मारता था। मोदी ने कांग्रेस की लूट की ऐसी व्यवस्था बंद कर दी। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 साल में 34 लाख करोड रुपए सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। दिल्ली से 1 रुपए भेजे और पूरे 100 पैसे गरीब के खातों में जमा हो गए। जब सीधा पैसा जा रहा है और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। अगर देश में कांग्रेस की सरकार होती तो यह कांग्रेस गरीबों के 34 लाख करोड़ रुपए में से 28 लाख करोड़ रुपए लूट लेती। आजादी के बाद कांग्रेस को देश लूटने का लाइसेंस मिल गया था। 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट की लाइसेंस से कैंसिल कर दिया है और यह लाइसेंस इसलिए खत्म हुआ क्योंकि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे लाइसेंस मिला था। जब उनकी दुकान बंद हुई और उनका लाइसेंस चला गया तब मोदी को गाली देने लगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश कहाँ-से-कहाँ पहुँचा है, देश ने कितनी प्रगति की है, और उसमें आप सब का जो साथ मिला है। छत्तीसगढ़ वासियों ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई है और आज इस विश्वास से पूरा देश कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार। श्री मोदी ने कहा कि अनेक दशकों बाद देश ने भाजपा की स्थिर और मजबूत सरकार देखी है। गरीब का कल्याण हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही। आजादी के बाद दशकों तक गरीब की जरूरत को कांग्रेस की सरकारों ने नजरअंदाज किया। कच्ची छत के नीचे रहने की तकलीफ क्या होती है यह मोदी जानता है, जब घर में राशन नहीं होता तब एक माँ पर क्या बीतती है यह मोदी जानता है, जब दवा खरीदनी हो और दवा खरीदने के लिए घर में पैसा नहीं होते तो इसकी तकलीफ मोदी जानता है।

नहीं टलेंगी सीए परीक्षाएं, याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय में सीए फाइनल और सीए इंटरमीडिएट कोर्सेस की मई 2024 सत्र की परीक्षाओं को टाले जाने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को खारिज हो गई है। दोनों ही कोर्सेस के कुछ स्टूडेंट्स द्वारा दायर याचिका में मांग की गई थी कि इस सत्र की परीक्षाओं के लिए घोषित की गई संशोधित तिथियों में बदलाव किया जाए।

बता दें कि द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने हाल ही में 19 मार्च 2024 को चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) के फाइनल और इंटरमीडिएट कोर्सेस की मई 2024 के दौरान आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं की नई तारीखों का ऐलान किया था।

मैं एक प्राउड हिंदू हूं मुझे कोई गुमराह नहीं कर सकता- कंगना

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी और उम्मीदवार बालीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने कांग्रेस के मंत्री विक्रमादित्य सिंह के गोमांस खाने वाले आरोपों को खारिज कर दिया है। कंगना ने कहा कि वह गोमांस नहीं खाती...प्राउड हिंदू हैं।

भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत उन पर लगे गोमांस खाने के आरोपों का जवाब देते हुए बिना किसी का नाम लिए कंगना ने विक्रमादित्य सिंह पर



निशाना साधा था, विक्रमादित्य के आरोपों पर कंगना ने कहा कि मैं बीफ या अन्य किसी तरह का रेड मीट नहीं खाती हूं। यह काफी निंदनीय है और मेरे खिलाफ बिना सिर-पैर की अफवाहें फैलाई जा रही हैं। कंगना ने कहा कि वह कई साल से योगिक और आयुवेद का समर्थनकर रही हैं। अब उनकी छवि खराब करने के लिए ऐसे बयान दिए जा रहे हैं लेकिन इससे उन पर कोई असर नहीं होगा। उन्होंने कहा लोग जानते हैं कि वह एक प्राउड हिंदू हैं, उन्हें कोई गुमराह नहीं कर सकता है. जय श्री राम।''

मंडी से कंगना रनौत को टक्कर देने विक्रमादित्य सिंह को कांग्रेस ने मैदान में उतारा है। विक्रमादित्य सिंह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और मंडी लोकसभा सीट पर विक्रमादित्य सिंह की मां प्रतिभा सिंह तीन बार की सांसद रही हैं और मौजूदा समय में भी वह सांसद हैं।

चुनाव में कानून व्यवस्था को खतरा पहुंचाने वालों के ही होंगे हथियार जमा

हाईकोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने बनाई एक हजार लोगों की सूची

कानपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हथियारों को जमा करवाने के इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश के बाद कानपुर पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर एक हजार से अधिक दागियों की सूची तैयार की गई है। इसमें दंगाई, चुनाव प्रभावित करने वाले और शांति भंग करने वाले लोग शामिल हैं। इन सभी को 7 दिन के अंदर हथियार जमा करने होंगे। सूची आने के बाद से हथियारों रखने वाले दागियों में हड़कंप मच गया है। बता दें कि चुनाव आते ही लइसेंसी हथियारों को थाने में जमा करवाना होता है। गौरतलब है कि 22 मार्च को दायर एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा था कि चुनावों के दौरान जिला प्रशासन सुरक्षा उपायों का हवाला देते हुए हर किसी के हथियार को जमा नहीं करवा सकता है।

वाराणसी सीट से हिमांगी सखी उतरेगी चुनाव मैदान

देश की पहली किन्नर महामंडलेश्वर

वाराणसी। वाराणसी लोकसभा सीट से देश की पहली किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी चुनाव मैदान में होंगी। अखिल भारत हिंदू महासभा ने हिमांगी सखी को चुनाव मैदान में उतारा है। वह 12 अप्रैल को बनारस पहुंचेंगी और बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगी।

महामंडलेश्वर हेमांगी ने कहा कि पूरे देश में किन्नर समाज की स्थिति दयनीय है। किन्नर समाज को एक भी सीट आरक्षित नहीं है। किन्नर समाज अपनी बात लोकसभा और विधानसभा में कैसे रखेगा? किन्नर समाज का नेतृत्व कौन करेगा? किन्नर समाज की भलाई के लिए मैंने धर्म से राजनीति की ओर रुख किया है।

हेमांगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में नहीं हैं, उन्होंने भी धर्म का काम किया है। हमारा प्रयास सिर्फ इतना ही है कि हमारी बात सरकार के कानों तक पहुंचे। इसकारण मैंने वाराणसी संसदीय सीट से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

महामंडलेश्वर ने कहा कि मोदी सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया है। हम मोदी सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हैं, बेटियां जगतजननी का स्वरूप हैं, लेकिन मोदी सरकार अर्द्धनारीश्वर को भूल गई। यह नारा हम भी सुनना चाहते हैं, वह दिन कब आएगा? केंद्र ने ट्रांसजेंडर पोर्टल जारी कर दिया लेकिन क्या किन्नरों को इसके बारे में पता है। जो सड़क पर भीख मांग रहे हैं, उन्हें पता ही नहीं है, कि उनके लिए कोई पोर्टल भी है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब मोदी सरकार ने पोर्टल जारी किया, तब प्रचार क्यों नहीं किया? किन्नर बोर्ड बनाने से कुछ नहीं होगा है। मोदी सरकार को किन्नर समाज के लिए सीट आरक्षित करनी होगी, तब जाकर स्थितियां बदलेंगी।

जल बोर्ड घोटाले को लेकर दिल्ली विधानसभा में हंगामा

-भाजपा विधायकों ने रिपोर्ट पर चर्चा की मांग की

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में जल बोर्ड घोटाले को लेकर भाजपा ने सोमवार को जमकर हंगामा किया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने आप सरकार की रिपोर्ट पर चर्चा की मांग की है। दरअसल, भाजपा विधायकों ने जल बोर्ड में घोटाले संबंधी दिल्ली सरकार की रिपोर्ट पर चर्चा कराने की मांग की थी। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष चर्चा के लिए तैयार नहीं हुए। इस पर भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरु कर दिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के सभी विधायकों को सदन से बाहर करा दिया। भाजपा विधायकों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधानसभा परिषद स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने धरना दिया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने जल बोर्ड में घोटाला किया है। वह इस मामले को दबाने में लगी हुई है।

वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने विधानसभा परिसर में भाजपा के विधायकों के धरने में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के शामिल होने का खड़ा विरोध किया। उन्होंने मामले में विधानसभा अध्यक्ष को लिखित शिकायत देकर मांग की है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा परिषद का दुरुपयोग किया है। इस मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए।

शक्ति की भक्ति का महा पर्व चैत्र नवरात्र आज से

माता रानी के 9 रूपो की होगी विशेष आराधना, मंदिरों में रोजाना होने विभिन्न अनुष्ठान, शैलपुत्री की पूजा आज

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। हिंदू धर्मावलंबियों के प्रमुख पर्वों में से एक चैत्र नवरात्र का पर्व आज 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मनाया जाएगा। जहां इस पर्व विशेष पर जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा 9 दिनों तक माता रानी के 9 रूपो की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। शक्ति की भक्ति के इस महापर्व चैत्र नवरात्र में जहां विभिन्न माता मंदिरो में अखंड ज्योति कलश, ज्वारे स्थापना, महाआरती, हवन-पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन किए जाएंगे ,तो वहीं इस विशेष पर्व पर घर-घर ज्योति कलश, ज्वारे स्थापित कर माता रानी की विशेष आराधना की जाएगी। आज से शुरू हो रहे इस चैत्र नवरात्रि पर्व पर माता के भक्तों द्वारा 9 दिनों तक उपवास कर माता रानी के 9 विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना कर विभिन्न अनुष्ठान किए जाएंगे।

चैत्र माह में पर्व आने के चलते चैत्र नवरात्रि पड़ा नाम

आपको बताए कि नवरात्रि के पर्व का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। इस दौरान पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में मां दुर्गा को शक्ति का प्रतीक माना गया है। मान्यता है कि नवरात्रि में विधि पूवर्क पूजा करने से मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है और कष्ट, रोग, शत्रु से मुक्ति मिलती है। चैत्र माह में नवरात्रि पड़ने के चलते इसे चैत्र नवरात्रि कहा जाता है जिसकी शुरुआत आज 9 अप्रैल से हो चुकी है जहां आज माता के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जाएगी।

माता के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा आज

नवरात्रि के प्रथम दिन आज माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की जाएगी। मां शैलपुत्री को सौभाग्य और शांति की देवी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा करने से हर तरह के सुख और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस तरह 9 दिनों तक इसमें शक्ति की देवी माता दुर्गा के नौ शक्ति स्वरूपों की पूजा अलग-अलग दिन की जाएगी।

मंदिरों में की गई विशेष सजावट

आराधना के इस महापर्व को देखते हुए नगर के विभिन्न माता मंदिरों में विशेष साफ-सफाई कर मंदिरों को आकर्षक रंग बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। वहीं मंदिरों में ज्वारे व ज्योति कलश स्थापना के लिए विशेष व्यवस्था बनाई गई है। इसके अलावा हवन-पूजन, यज्ञ , महा प्रसाद वितरण, भंडारा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां मंदिर समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई है। जहां आज से पूरे 9 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।

9 दिनों तक इन 9 अलग अलग रूपो की होगी आराधना

चैत्र नवरात्र का पहला दिन - 09 अप्रैल- मां शैलपुत्री पूजा, चैत्र नवरात्र का दूसरा दिन - 10 अप्रैल - मां ब्रह्मचारिणी पूजा, चैत्र नवरात्र का तीसरा दिन - 11 अप्रैल - मां चंद्रघंटा की पूजा, चैत्र नवरात्र का चौथा दिन - 12 अप्रैल - मां कुष्माण्डा पूजा, चैत्र नवरात्र का पांचवा दिन - 13 अप्रैल - मां स्कन्दमाता पूजा, चैत्र नवरात्र का छठा दिन - 14 अप्रैल - मां कात्यायनी पूजा चैत्र नवरात्र का सातवां दिन - 15 अप्रैल - मां कालरात्रि पूजा, चैत्र नवरात्र का आठवां दिन - 16 अप्रैल - मां महागौरी पूजा, चैत्र नवरात्र का नौवां दिन - 17 अप्रैल - मां सिद्धिदात्री पूजा और रामनवमी, चैत्र नवरात्र का दसवां दिन - 18 अप्रैल को विसर्जन होगा।

रोजाना होंगे विभिन्न कार्यक्रम

चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर नगर के समस्त माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा 9 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे जिसमें अखंड ज्योति कलश स्थापना, दीपो से महाआरती, प्रसाद वितरण, नवमी पर, हवन पूजन यज्ञ व कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा वही 17 अप्रैल रविवार को शोभायात्रा कर, कलश ज्योति विसर्जन व महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

रोजाना विभिन्न कार्यक्रम होंगे -प मिथलेश शर्मा

चैत्र नवरात्र पर की गई चर्चा के दौरान काली पाठ मंदिर के प. मिथलेश शर्मा ने बताया कि नवरात्र को लेकर तमाम तरह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है डेकोरेशन तैयार हो चुका है वहीं अब तक तेल के 600 तो घी के 200 प्लस आ चुके हैं वहीं लगातार कलशो की संख्या बढ़ती जा रही है।इसके अलावा 9 दिनों तक रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं जहां हवन ,पूजन भजन ,कीर्तन महाआरती भंडारा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कंकर मुंजारे ने ली प्रेस वार्ता कहां क्यों आ रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बालाघाट

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा स्थानीय होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने 9 अप्रैल को आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़े किए कि वह बालाघाट क्यों आ रहे हैं, जबकि उन्होंने बालाघाट के लिए कोई विकास नहीं किया है तो उन्हें बालाघाट नहीं आना चाहिए, तो वहीं कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल को भी आड़े हाथों लेते हुए जमकर कोसा और कहा कि उन्होंने समाज के लिए कुछ नहीं किया है और चुनाव के समय बैठक कर रहे है जो सही नही है। आपको बता दे की 8 अप्रैल को पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा शहर की स्थानीय होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया और उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो 9 अप्रैल को बालाघाट आगमन हो रहा है वह क्यों हो रहा है और उन्होंने किसी प्रकार का कोई बालाघाट के लिए काम नहीं किया है और जिस प्रकार से उत्कृष्ट मैदान के आसपास काम करने वाले फुटकर व्यापारियों की जो दुकान हटाई गई है वह भी गलत है, क्योंकि फुटकर व्यापारियों की दुकान को बंद करवा देना था, किंतु इस प्रकार से उसे हटवाना नहीं था जो की बहुत ही गलत है वही मोदी जी द्वारा जितने भी वादे किए गए थे ,वह सभी झूठे थे आज तक कोई भी वादा उनका पूरा नहीं हुआ है, और उन्होंने बताया कि आज दुनिया में भारत की बहुत खराब स्थिति है और आज भारत पर बहुत अधिक कर्ज हो चुका है और भारत आज कर्ज में डूब चुका है, वही श्री मुंजारे ने कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल पर भी जमकर निशाना सादा और कहा कि वह आज लोधी समाज की बैठक कर रहे हैं, जबकि उन्होंने लोधी समाज के लिए कुछ नहीं किया है और वह कभी समाज के लिए आवाज नहीं उठाते हैं, जबकि उनको अपने समाज के लिए आवाज उठाना चाहिए, पर वह कभी समाज के लिए आवाज नहीं उठाते और चुनाव के समय वोट मागने के लिए सामने आ जाते हैं ।



जय मतदाता थीम पर मुकुट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में प्राचार्य डॉ निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में सोमवार को ईएलसी क्लब द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत जय मतदाता थीम पर मुकुट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सभी विभागों से लगभग 22 छात्राओं ने भाग लिया। तत्पश्चात, कक्षावार ने सभी को सन्देश की लोकतंत्र में राजनितिक नेतृत्व जनता के बहुमत से ही निर्वाचित होता है। अत: हर मतदाता मुकुटधारी है, जो लोकतंत्र का भाग्यविधाता है। इसलिए, अनिवार्यत सभी 19 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन में भाग अवश्य ले। कार्यक्रम का संयोजन ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ श्वेता मोर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईएलसी सदस्य श्रीमती मनिका चौबे, डॉ राहुल सूर्यवंशी एवं कैंपस एम्बेसडर निशा कनोजिया का विशेष योगदान रहा।

मधुमक्खी के हमले में एक युवक और उसकी दादी घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। भरवेली थाना अंतर्गत बैहर रोड पायली गेट के पास मधुमक्खियां के हमले में एक युवक और उसकी दादी घायल हो गये। दोनों घायल निहाल पिता शिवप्रसाद हिवारे 16 वर्ष ग्राम टेकाड़ी थाना भरवेली और उसकी दादी नीलाबाई पति मुन्नालाल हिवारे 70 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टेकाड़ी निवासी नीलाबाई अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी के अलावा पुश्तेनी काम करती है। बताया गया है कि 8 अप्रैल को 2:00 बजे करीब नीलाबाई अपने नाती निहाल हिवारे के साथ मोटरसाइकिल में अपने ग्राम टेकाड़ी से भरवेली किसी काम से आ रही थी ।तभी बैहर रोड पायली गेट के पास अचानक मोटरसाइकिल का पेट्रोल खत्म होने से निहाल ने मोटरसाइकिल रोकी और अपनी दादी नीला बाई को उतार कर मोटरसाइकिल झुका रहा था तभी मधुमक्खियां ने निहाल और उसकी दादी नीला बाई पर हमला कर दिया और मधुमक्खी दोनों को काटने लगी ।अचानक मधुमक्खी के हमले को देखकर दोनों वहां से भागे और पायली गेट पहुंचे जहां के ढाबे वालों ने दोनों पर चादर कंबल ढाक कर और धुआ करके मधुमक्खी को भगाएं । मधुमक्खी के हमले में घायल निहाल और उसकी दादी नीलाबाई को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।

ग्रामीण पुलिस ने ग्राम नेतरा में छापा मारकर पकड़ी 26365 रुपए की देसी विदेशी शराब

एक व्यक्ति गिरफ्तार भेजा गया जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। ग्रामीण पुलिस ने ग्राम नेत्र में एक घर में छापा मारकर भारी मात्रा में देसी विदेशी शराब जप्त की और इस शराब को अवैध रूप से रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण थाना प्रभारी राम सिंह पटेल ने यह कार्यवाही शनिवार की रात्रि गस्त के दौरान की। जप्त की गई देसी विदेशी शराब की कीमत 26365 रुपए बताई गई है। गिरफ्तार व्यक्ति गजनलाल सोलखे पिता स्वर्गीय घोघु सोलखे 55 वर्ष ग्राम नेतरा निवासी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। ग्रामीण पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात्रि में थाना प्रभारी राम सिंह पटेल अपने स्टाफ के साथ गस्त में थे। इस दौरान सूचना मिली कि ग्राम नेतरा गजन लाल सोलखे के घर में अत्यधिक मात्रा में देसी विदेशी शराब रखी हुई है। इस सूचना पर थाना प्रभारी राम सिंह पटेल ने अपने स्टाफ के साथ ग्राम नेतरा में गजन लाल के घर छापा मार कार्यवाही की इस दौरान एक व्यक्ति घर से

निकल कर भागने जिसे घेराबंदी कर पकड़े , पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गजल लाल सोलखे 55 वर्ष नेतरा निवासी बताया ।उसके घर के पास टपरे में तलाशी लेने पर वहा पर कार्टून बोरी एवं बैग में देसी विदेशी शराब पाई गई। जिनमे एमडी व्हिस्की 33 क्वार्टर, बैगपाइपर व्हिस्की 40 क्वार्टर, बियर पावर 13 बोतल, बियर पावर 10000की 16 केन, दो कार्टून में देसी शराब के 99 क्वार्टर और एक कार्टून में देसी लाल मसाला के 28 क्वार्टर जप्त किए गए ।इस प्रकार मौके से 52.45 लीटर अंग्रेजी देसी मदिरा बियर शराब जप्त की गई। जप्त की गई अंग्रेजी देसी शराब की कीमत 26365 रुपए रुपए की बताई गई है। इस शराब को अवैध रूप से रखने के आरोप में गजन लाल सोलखे 55 वर्ष को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार करके बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राम सिंह पटेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक, संजय रिश्वेश्वर, उपनिरीक्षक देवेंद्र परवार ,सहायक उप निरीक्षक जगदीश सैयाम, प्रधान आरक्षक गोविंद वरकडे ,प्रधान आरक्षक खिलेंद्र राहंगडाले, आरक्षक धीरज सोनी, आरक्षक शैलेश तेलंग और महिला आरक्षक मेघा टेकाम

सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचे कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य से किया जाए मुक्त

निर्वाचन कार्य मे ड्यूटी लगाने पर मप्र शिक्षक संघ ने जताई नाराजगी, सौपा ज्ञापन

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। शिक्षा विभाग में सेवानिवृत होने के करीब पहुंच चुके कर्मचारी की निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगाई गई है। जिस पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने नाराजगी जताते हुए सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा है। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर गिरीश मिश्रा के नाम सौंपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने सेवानिवृत होने के करीब पहुंच चुके सभी कर्मचारियों की चुनाव कार्य से ड्यूटी हटाए जाने की मांग की है। कलेक्ट कार्यालय में सौपे गए इस ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान संगठन पदाधिकारी ने बताया कि पंचायत चुनाव हो, या विधानसभा चुनाव अथवा लोकसभा चुनाव मे उन कर्मचारियों की पुर्व मे सेवा /ड्यूटी ली जाती थी। जिनकी सेवा निवृत्ति एक वर्ष से अधिक है। किन्तु तत्काल मे प्रांतीय चुनाव आयोग से यह आदेश हुआ है कि जिनकी सेवा को 6 महिने से कम है। उन्हें चुनाव कार्य से मुक्त रखा जावे। किन्तु बालाघाट जिले मे जिन कर्मचारियों की सेवा निवृति छ: महिने

से कम है। उन्हें भी लोकसभा चुनाव मे ड्यूटी लगाई गई है। प्रांतीय चुनाव आयोग के आदेशों का बालाघाट जिले मे पालन नहीं किया गया है। अत: म प्र शिक्षक संघ बालाघाट के व्दारा राज्य चुनाव आयोग भोपाल के आदेशानुसार जिनकी सेवा निवृत्ति को छ: महिने शेष है। वे समस्त कर्मचारियों को चुनाव से मुक्त रखा जावें ।इस आशय का मांग पत्र कलेक्टर बालाघाट (निर्वाचन अधिकारी) को सौंपा गया। इस अवसर पर म प्र शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रमुख जनजातिय विभाग के अशोक कुमार दीक्षित, जिला संगठन मंत्री मेघराज नगपुरे, जिला अध्यक्ष पंकज चिले, तहसील अध्यक्ष बैहर आर सी कुम्भलवार, सदस्य राजेश अनकर आदि पदाधिकारीगण पदाधिकारीगण एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

एक व्यक्ति को बच्चों को डांट फटकार लगाना पड़ा मांगा

जब गांव के व्यक्ति ने कर दी उसकी पिटाई

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले ग्राम भटेरा में एक व्यक्ति को बच्चों डांट फटकार लगाना उसे समय महंगा पड़ गया, जब उस व्यक्ति गांव के है एक व्यक्ति ने लकड़ी से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में घायल व्यक्ति धनेंद्र पिता धीरन लाल सुलाखे 37 वर्ष भटेरा निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनेंद्र सुलाखे अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करता है। 8 अप्रैल को 11:00 बजे धनेंद्र सुलाखे मजदूरी का पेमेंट लेने के लिए बालाघाट आया था और पेमेंट लेकर अपने घर भटेरा पहुंचा। घर के सामने बच्चों को चिल्ला रहा था की पढ़ाई क्यों नहीं कर रहे हो। बच्चों को डांट फटकार लगाते समय गोपाल सुलाखे भैंस लेकर आ रहा था। गोपाल सुलाखे समझा कि धनेंद्र मुझे गाली दे रहा है और उसने मुझे क्यों गाली दे रहा है कहकर धनेंद्र सुलाखे को लकड़ी से मारपीट कर दिया। लकड़ी का वार सर और दोनों हाथ कलाई में लगने धनेंद्र घायल हो गया । जिसे बीच बचाव के बाद परिवार वालों ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये है। जिला अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी शिवदयाल पटले ने घायल धर्मेंद्र सुलाखे का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवादी है।

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं सुखलाल पटले पिता ताराचंद पटले जाति पंवार ग्राम नयाटोला तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र. का निवासी हुं। मेरी माता स्व. बायताबाई पति ताराचंद पटले की मृत्यु दिनांक २९.११.२०१२ को हो चुकी है और इनकी मृत्यु के उपरांत मुझे तहसील कार्यालय से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

प्रकाशक
सुखलाल पटले
निवासी - ग्राम नयाटोला, तहसील लालबर्रा
जिला बालाघाट (म.प्र.)

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं फूलचंद बिसेन पिता अनतराम बिसेन जाति पंवार ग्राम पंचायत पाथरी (फोगलटोला) तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र. का निवासी हुं। मेरी बहन स्व. कमलाबाई पति लालचंद राहंगडाले की मृत्यु दिनांक १५.०७.२००२ को हो चुकी है और इनकी मृत्यु के उपरांत मुझे तहसील कार्यालय से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

प्रकाशक
फूलचंद बिसेन
निवासी - ग्राम पंचायत पाथरी (फोगलटोला), तहसील लालबर्रा
जिला बालाघाट (म.प्र.)

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

बालाघाट का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आ रहे

मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री ने की बालाघाट एक्सप्रेस के प्रधान संपादक के साथ की खास चर्चा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा बालाघाट एक्सप्रेस के प्रधान संपादक उमेश बागरेचा से लोकसभा चुनाव और जिले की राजनीति सहित कुछ मुद्दों को लेकर खास चर्चा की गई जिसमें श्री पटेल द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने को लेकर बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र में काम कर रहे हैं, वहीं श्री बागरेचा द्वारा यह भी पूछा गया कि जिस प्रकार से इन दिनों भाजपा में टिकट वितरण के बाद कहीं ना कहीं राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा चल रही है कि भारतीय जनता पार्टी में गुटबाजी चल रही है इस विषय को लेकर श्री पटेल ने इस प्रश्न को सिरे से खारिज करते हुए साफ कह दिया कि उन्हें तो भारतीय जनता पार्टी परिवार में कहीं कोई गुटबाजी नजर नहीं आ रही है और सभी पार्टी के लिए काम कर रहे हैं।

प्रहलाद पटेल द्वारा बताया गया कि बालाघाट में उनका कार्यकाल स्वर्णिम कार्यकाल रहा है उसमें प्रमुख तीन बातें हैं जिसमे की उन्होंने पहले अपनी विचारधारा के बारे में कहा जिसके लिए वह निर्भय होकर लड़ाई लड़ते हैं , जिसकी वजह से आज उनकी एक अलग पहचान बनी है, जिसके लिए वह प्रदेश सहित देश में भी जाने जाते हैं, दूसरा उनका संकल्प था कि वह गौ रक्षा के लिये काम करेंगे, जिसमें गौ रक्षा उनकी वैचारिक सोच भी थी और वहीं तीसरा कि उन्हें अटल बिहारी वाजपेई के मंत्रालय में मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, वहीं उन्होंने यह भी बताया कि वह मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी देंगे, कि उन्होंने उन्हें इस लोकसभा का प्रभारी बनाकर पहुंचाया है और जो प्रधानमंत्री ने उन्हें समय दिया है उसके लिए वह आभार भी व्यक्त करते हैं और आज वह प्रधानमंत्री की तैयारी के लिए बालाघाट में है और वह तैयारी को बखूबी जिम्मेदारी से कर रहे हैं और यह बालाघाट का भी सौभाग्य है कि आज हम मोदी जी बालाघाट आ रहे है

कोई नकारात्मक चीज ऐसी बन जाती है कि आपकी छवि को नुकसान पहुंचाती है

चर्चा में श्री पटेल द्वारा बताया गया कि वह सभी जगह से चुनाव लड़े और जीते किंतु छिंदवाड़ा के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा जबकि वह छिंदवाड़ा का चुनाव लगभग जीत चुके थे, किंतु एक घटना की वजह से उनकी छिंदवाड़ा में हार हुई, जिसको लेकर वह यही कहेंगे कि यदि कोई नकारात्मक चीज ऐसी बन जाती है ,जिससे कि आपकी छवि को नुकसान पहुंचता है तो उससे आपका बड़ा नुकसान होता है जो की उनका छिंदवाड़ा चुनाव की हार का एक बड़ा कारण था।

कृषि व मजदूरों के लिए जीवन समर्पित किया है

श्री पटेल ने यह भी बताया कि उन्होंने कृषि व मजदूरों के लिए अपना जीवन समर्पित किया है और उन्हें मंत्री बनने के बाद वही विभाग मिला हैं जिनसे वह शुरू से जुड़े हुए हैं और उन्हें अब काम करने में और अच्छा लग रहा है , जिसमें उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने हरदा में हुए ब्लास्ट पर कार्रवाई करवाएं ,जिसमें लोगों को लगा कि श्रम मंत्रालय की भी अपनी जवाबदारी होती है , वही पूछे गए सवाल की बालाघाट खैरी फटाका फैक्ट्री में हुये विस्फोट में अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है इस विषय पर श्री पटेल ने कहा कि वह जल्द ही खैरी फटाका फैक्ट्री में हुये विस्फोट को लेकर अपने शीर्ष सम्बंधित अधिकारियों से चर्चा करेंगे और जानकारी लेकर दोषियों पर कार्रवाई

करवाएंगे।

मध्य प्रदेश में कोई भी पंचायत बिना ग्राम पंचायत भवन की नहीं होगी

पूछे गये एक सवाल कि वह प्रदेश के लिए कौन सा प्रमुख कार्य करेंगे जिस पर उन्होंने बताया कि वह मध्य प्रदेश में ऐसी कोई भी पंचायत नहीं रहने देंगे जिसमें पंचायत का खुद का भवन ना हो , क्योंकि आज पंचायत ई पंचायत की ओर बढ़ रही है ,तो पंचायत भवन भी पंचायत के अनुरूप ही बनाए जाएंगे, क्योंकि जनप्रतिनिधियों को मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ने देंगे, वहीं उन्होंने यह भी बताया कि आज प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बिना मांगे ही दे दिया जाता है और जरूरत के अनुसार ही दिया जाता है।

शहर से लगी पंचायत का होगा अलग से प्लान तैयार

उन्होंने चर्चा में यह भी बताया कि जिस प्रकार से शहर से लगी ग्राम पंचायत की कनेक्टिविटी रहती है , इन सबको देखते हुए वह जल्द ही एक खाका तैयार करेंगे और शहर से लगी हुई ग्राम पंचायत के लिए पहले वह उनमें होने वाली आवश्यकता है अनुसार फंड जारी कर उनमें अधिक मत से राशि भी दी जाएगी और उसमें मनरेगा के फंड को दूसरे रूप से देकर उन ग्राम पंचायत का और अधिक विकास कराया जाएगा।

सभी पंचायत में 15वें वित्त का पैसा पहुंच गया है

पूछे गए एक सवाल की अधिकतर ग्राम पंचायत के सरपंच यही कहते हैं कि उनके पंचायत में सरकार पैसा नहीं दे रही है, इस विषय पर श्री पटेल द्वारा बताया गया कि उन्होंने सभी पंचायत में अभी 15वें वित्त का पैसा डलवा दिया है , जबकि यह पैसा रजिस्ट्री से आया हुआ पैसा है, भले ही मनरेगा में कुछ जगह पैसे नहीं गये है, जिसमें किसी अधिकारी की गलती या कोई टेक्निकल दिक्कतें की वजह से पैसा जारी नहीं हुआ है, किंतु कुछ जगह मजदूर और अधिकारियों के तालमेल नहीं होने की वजह से जानकारी पूरी नहीं गई और कुछ जगह पेमेंट रुका हुआ है, यह एक बड़ी समस्या है और यह सामने आ रही है उसे भी उनके द्वारा खत्म करने का काम किया जायेगा।

1 साल के भीतर कोई भी पशु सड़कों नहीं दिखेगा

श्री पटेल द्वारा पूछे गए प्रश्न की सड़कों पर आवारा पशु घूमते रहते हैं इस विषय पर सरकार की क्या योजनाएं हैं, जिस पर श्री पटेल ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ मिलकर यह योजना बनाई है, कि एक साल के अंदर कोई भी पशु राज्य मार्ग या सड़कों व हाइवे पर नहीं दिखेगा, जिसके लिए नियम बनाए जा चुके हैं, क्योंकि अब धीरे-धीरे गौशाला की संख्या भी बढ़ाई जाएगी और उसमें सरकार द्वारा खर्च उठाए जाएंगे इसके बाद कोई भी गौशाला से पशु को बिना शुल्क लिए नहीं छोड़ेगा और सरकार द्वारा यह भी नियम पारित किया गया है, कि जो भी आवारा पशु सड़कों पर दिखाई दे उन्हें उठाकर गौशाला में बंद किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी कभी कोई प्रत्याशी को कम नहीं मापती है

उन्होंने कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशी की तुलना के विषय पर कहा कि वैसे तो वह किसी प्रत्याशी के साथ अपने प्रत्याशी की तुलना नहीं करते फिर भी यदि ऐसा देखा जाए तो किसने कितना काम किया है यह उसकी छवि पर निर्भर करता है, लेकिन हम इस बार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे इसी को लेकर यह चुनाव हो रहा है।

महंगाई को यदि रोक कर रखना है तो भाजपा के साथ चले

श्री पटेल द्वारा यह भी बताया गया कि यदि आज महंगाई को रोक के रखना है तो भाजपा के साथ चलना होगा, क्योंकि भाजपा द्वारा अनेकों योजनाएं आज आमजन के लिए चलाई जा रही है , जिसमें उज्ज्वला योजना, महिला सशक्तिकरण से लेकर अनेक योजनाएं आज चल रही है जबकि आज समूह के माध्यम से भी महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है एवं जातिवाद की वह कभी बात नहीं करते ,उन्होंने कहा कि आज महंगाई की बात लोगों को नहीं करना चाहिए, बल्कि जो विकल्प हमने दिए हैं की डीजल, पेट्रोल का उपयोग कम करते हुए इलेक्ट्रिक वाली गाड़ियां चलाएं किस प्रकार के अनेक विकल्प हैं उन विकल्प पर काम करना चाहिए जिससे कि हम महंगाई से ऑटोमेटिक बाहर आ जाएंगे।

आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना किसी नेता की जिम्मेदारी नहीं है

नशे को लेकर श्री पटेल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए सिर्फ नेता को सामने आकर काम नहीं करना है बल्कि इसमें सभी को आगे आकर काम करना होगा, क्योंकि बिना लोगों के सामने आये हम नशे जैसी बुराई को खत्म नहीं कर सकते और यह जिम्मेदारी किसी नेता की नहीं है बल्कि हम सबको आगे आकर नशे जैसे बुराई को खत्म करना होगा, उन्होंने यह भी कहा कि यदि हमने नई पीढ़ी को बचा लिया तो आने वाली पीढ़ी एकदम खुशहाल और सही होगी।

भाजपा की नुक्कड़ सभा में ग्रामीण में पूछे समर्थन मूल्य के दाम पर प्रश्न तो भाजपा नेता ने धारा 151 में बंद करने की कही बात

भाजपा की नुक्कड़ सभा में भाजपा नेता और ग्रामीण के बीच जमकर मचा बातों ही बातों में बवाल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जिले मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत नाहरवानी का सामने आ रहा है, जिसमें भाजपा की एक नुक्कड़ सभा के दौरान एक ग्रामीण के द्वारा भाजपा नेता से

बातों ही बातों में बवाल किया गया , आपको बता दे की यह नुक्कड़ सभा ग्राम नाहरवानी में भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए चल रही थी, जिसमें भाजपा के नेता टी.डी.वैद्य नुक्कड़ सभा को संबोधित कर रहे थे, और जब ग्रामीण द्वारा चल रही नुक्कड़ सभा में भाजपा नेता को शक्कर के दाम और समर्थन मूल्य को लेकर घेर लिया गया ,तो वहीं नेता द्वारा कहा जा रहा था कि वह इस प्रकार से नुक्कड़ सभा को प्रभावित करेंगे, तो वह उन्हें धारा 151 के तहत कार्यवाही कर देंगे ,किंतु ग्रामीण द्वारा लगातार भाजपा नेता को आडे हाथों लेते हुए कहा जा रहा था, कि भाजपा द्वारा सिर्फ वादे किए जाते हैं, किंतु उन्हें पूरा नहीं किया जाता, आज दिन प्रति दिन महंगाई बढ़ते जा रही है , जिसके लिए भाजपा काम नहीं कर रही है इस प्रकार से नुक्कड़ सभा में जमकर बवाल हुआ और यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि पद्मेश न्यूज़ इस वीडियो की पूर्णता पुष्टि नहीं करता है।

मारपीट में दो घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम खुरसोडी में एक व्यक्ति ने दो भाई को लाठी हाथबुको से मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों घायल मनोज पिता अजबलाल नगपुरे और उसके चचेरा भाई प्रभु पिता लाल जी नगपुरे का इलाज जिला अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभु नगपुरे खेती किसानी के अलावा उसकी घर में किराना दुकान है।7 अप्रैल की रात्रि 9:30 बजे रमेश कोलते प्रभु नगपुरे के चाचा के लड़के मनोज नगपुरे को मारपीट कर रहा था। मोहल्ले में भीड़ लगी हुई थी। हल्ला हो रहा था यह देखकर प्रभु नगपुरे गया वहां पर मनोज जमीन पर गिर पड़ा हुआ था। सिर से खून निकल रहा था। प्रभु नगपुरे ने मनोज को उठाया तभी रमेश कोलते आया और प्रभु नगपुरे पर दांत गड़ा दिया लकड़ी से मारपीट करने लगा। तभी मोहल्ले वालों ने बीच बचाव किये। उसके बाद दोनों घायल प्रभु नगपुरे मनोज नगपुरे को उनके परिवार वालों ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

सम्राट के खिलाफ नामंकन भरने पर सौरभ पर गिरी गाज

कांग्रेस सेवादल का कार्यवाहक जिला मुख्य से सौरभ को किया निष्कासित, जीतू बर्वे को पुनः मिली कमान, सौरभ बोले नहीं करूंगा पार्टी से बगावत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार के खिलाफ नामंकन भरना सौरभ लोधी को भारी पड़ गया है जहां कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ नामांकन भरने पर उन्हें कांग्रेस सेवादल का कार्यवाहक जिला मुख्य से पद से हटा दिया गया है। जिनके स्थान पर एक बार फिर से संगठन में सक्रिय युवा जीतु बर्वे को कांग्रेस सेवादल का कार्यवाहक जिला मुख्य संगठक नियुक्त किया है। गौरतलब हो कि इससे पूर्व भी जीतु बर्वे, कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक थे और लगातार जिले में कांग्रेस सेवादल संगठन के विस्तार और मजबूत करने में जुटे थे,लेकिन बाद में उन्हें अनुशासनहीनता की बात कहते हुए पद से हटकर पुनः सौरभ लोधी को कांग्रेस सेवा दल का अध्यक्ष बनाया गया था। जिन्हें एक बार फिर इस पद से हटा दिया गया है हालांकि अब तक इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि सौरभ को कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष के पद से क्यों हटाया गया लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार के खिलाफ नामांकन फार्म जमा करने को लेकर उन पर यह कार्यवाही की गई है ऐसी चर्चाओं से बाजार गर्म है।

नाम वापसी लेने के बाद भी हुई कार्यवाही

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के

खिलाफ नामांकन जमा करने के बाद वरिष्ठ नेताओं के कहने पर उन्होंने भले ही नामांकन वापस ले लिया, लेकिन कांग्रेस सेवादल का जिला मुख्य संगठक होने के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ नामांकन भरने को पार्टी ने पार्टी विरोधी कार्य मानते हुए ना केवल कांग्रेस सेवादल मुख्य संगठक पद से पदमुक्त कर दिया है, बल्कि कांग्रेस सेवादल से भी निष्कासित कर दिया है।जिस आशय का 08 अप्रैल को मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल मुख्य संगठक योगेश यादव ने पत्र भी जारी किया है। वहीं जीतु बर्वे की कांग्रेस संगठन में कार्यकुशलता एवं सक्रियता को देखते हुए मुख्य संगठक योगेश यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई की स्वीकृति एवं अभा. कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र यादव की सहमति से कार्यवाहक जिला मुख्य संगठक नियुक्त किया गया है।

25 साल से पार्टी को दे रहा हूं सेवाएं ,नहीं करूंगा बगावत- सौरभ

इस पूरे मामले को लेकर दुरभाष पर की गई चर्चा के दौरान कांग्रेस सेवा दल पूर्व अध्यक्ष सौरभ लोधी ने बताया कि कांग्रेस में हर किसी को अधिकार है कि वह अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर सकता है मैं 25 वर्षों से कांग्रेस की सेवा करते आ रहा हूं लोकसभा चुनाव में मैंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन जमा किया था लेकिन बाद में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ,पूर्व सेवादल प्रदेश अध्यक्ष रजनीश ठाकुर, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत जिला अध्यक्ष संजय उइके और स्वयं कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सरस्वार सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के कहने पर उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया था। सम्राट सिंह सरस्वार सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि आगामी समय में उनका ध्यान रखेंगे। हम कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं फॉर्म भरने का उद्देश्य यही था कि कांग्रेस पार्टी में एक छोटा सा कार्यकर्ता भी लोकसभा चुनाव का फॉर्म भर सकता है और चुनाव लड़ सकता है इसी उद्देश्य को लेकर मैंने नामंकन जमा किया था। मैंने पिछले 25 वर्षों से कांग्रेस की सेवा की है पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक प्रचार किया है बाहर जाकर भी कांग्रेस का परचम लहराने का काम किया है पद से हटाने पर भी मैं बगावत नहीं करूंगा। पार्टी से जो भी दिशा निर्देश मिलेंगे उसका पालन किया जाएगा। लेकिन कहीं ना कहीं लोकसभा चुनाव के पूर्व मुझे पद से हटाने से ओबीसी और लोधी वर्ग नाराज है जिसका कांग्रेस प्रत्याशी को नुकसान उठाना पड़ सकता है लेकिन मैं पूर्व में भी कांग्रेस के लिए काम करता था और अब भी कांग्रेस के लिए काम कर रहा हूं और आगे भी काम करता रहूंगा।

संघर्ष को मिला सम्मान -जीतू बर्वे

वही इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान कांग्रेस सेवा दल नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जीतू बर्वे ने बताया कि पार्टी ने संघर्ष को सम्मानित किया है। वे लगातार पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कम कर रहे थे और आज पार्टी में उन्हें एक नया दायित्व दिया है जिसको वे बखूबी निभाएंगे। वे सभी को साथ लेकर मिली इस जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

उदघाटी में दो कार आपस में टकराई- मां बेटा घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)।बैहर रोड उदघाटी मजार के पास दो कर आपस में टकराने से एक कर में सवार मां बेटे घायल हो गए दोनों घायल प्रमोदिनी पति स्व. ईश्वर चंद दीप 59 वर्ष पौलुष दीप पिता स्व.ईश्वरचंद्र दीप30 वर्ष दोनों भरवेली बालाघाट निवासी है जिनका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। पर आप जानकारी के अनुसार पौलुष दीप उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर में वाहन चालक सह कार्यालय के पद पर पदस्थ है ।7 अप्रैल को 4:00 बजे करीब पौलुष दीप अपनी मां प्रमोदनीय दीप के साथ स्वयं की कार में बालाघाट से बैहर होते हुए जबलपुर ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए जा रहे थे। बैहर रोड उदघाटी मन्जार के पास उकवा की ओर से तेज रफ्तार से आ रही वेगनार कार ने पौलुष दीप की कार को ठोस मार दिया। दो कर आपस में टकराने से पौलुष दीप और उसकी मां प्रमोदनीय दीप घायल हो गए। हालांकि पौलुष दिप को मामूली चोटेआई। बताया है कि दुर्घटना के बाद वेगनार कार में सवार लोग पौलुष दीप से विवाद करने लगे। बीच बचाव के बाद अधिक चोट लगने से घायल पौलुष दीप की मां प्रमोदनीय दीप को अन्य वाहन से जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। वहीं पौलुष दीप रिपोर्ट करने के लिए पुलिस थाना रुपझर पहुंचा रिपोर्ट करने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट आये। जहां उसका इलाज किया गया। इस मामले में रूपझर पुलिस ने पौलुष दीप द्वारा की गई रिपोर्ट पर वेगनार कर सीजी 17 एसएस 2010 के चालक के विरुद्ध धारा 279 337 भादवी और 184 मोटर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

वन विभाग के अकाउंटेंट ने अपने ही घर में लगाई फांसी

बैंक का लोन होना बताया जा रहा है फांसी लगाने की वजह, पुलिस ने की सुसाइड नोट बरामद

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)।कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 2 पंप हाउस गली में एक वन विभाग के अकाउंटेंट द्वारा अपने ही घर के बेडरूम में लगे इलेक्ट्रिक पंखे से रस्सी बांधकर अपने आप को फांसी लगाते हुए आत्महत्या कर लिया गया है, घटना बीती रात की बताई जा रही है वहीं पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मृतक के पास से बरामद हुआ है जिसमें उन्होंने अपने आत्महत्या करने की वजह बैंक से लोन लेना बताया है और सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि इस घटना के लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार है मिली जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि वार्ड नंबर 2 पंप हाउस गली निवासी लखनलाल नारनवरे पिता बाढ़ूलाल नारनवरे उम्र 46 वर्ष जो की वन विभाग में अकाउंटेंट का काम करते थे जिन्होंने 7 अप्रैल की रात्रि में अपने परिवार के साथ खाना खाने के बाद रात्रि करीब 12 से 1:00 बजे की दरमियां रात्रि में सभी को सोने के बाद, अपने घर के बेडरूम में जाकर इलेक्ट्रिक पंखे से रस्सी के माध्यम से अपने आप को फांसी लगाते हुए आत्महत्या कर ली, घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जब सुबह लखनलाल की बिटिया सो कर उठी तो उन्होंने देखा कि उनके पिता बेडरूम में पंखे से फांसी पर लटके हुए हैं , जिसकी जानकारी उन्होंने अपनी मम्मी

और अपने परिजनों को दी , जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि लखनलाल अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे और उन्हें उनके पिता की अनुकंपा नौकरी लगी थी, उनका एक बेटा और एक बेटी जो की अभी छोटे हैं बेटा कक्षा पांचवी में है, और बेटी दसवीं में है वहीं उनकी पत्नी कल्पना नारनवरे वह भी वन विभाग में स्टेनो के पद पर कार्यरत है।

पुलिस ने बरामद किया सुसाइड नोट

मिली जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि जैसे ही यह घटना सुबह उनकी बेटी द्वारा देखी गई, इसकी सूचना तत्काल ही उन्होंने अपने परिजन और पुलिस को दी, पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर तत्काल ही पंचनामा कार्रवाई कर शव को पंखे से उतरा गया और देखा गया कि मृतक के पास एक सुसाइड नोट भी है, जिसमें उन्होंने यह लिखा है कि उनकी मृत्यु के लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार है और उन पर बैंक का लोन होने की वजह से वह यह कदम उठा रहे हैं, हालांकि अभी पुलिस द्वारा सुसाइड नोट को सार्वजनिक नहीं किया गया है, और पुलिस और उनके परिजनों द्वारा प्रमुख रूप से फांसी लगाने की वजह को स्पष्ट नहीं किया गया है, वहीं यह उनके दूर के परिजन और जानकारी अनुसार संभवत: बैंक से लोन होने की वजह से फांसी की घटना करीत की गई है ऐसा माना जा रहा है।

लोन था बैंक का - टीकाराम हनवते

वहीं घटना के संबंध में मृतक के जीजा टीकाराम हनवते द्वारा बताया गया कि उनसे अभी कुछ दिन पहले ही लखनलाल की बात हुई थी और उन्होंने बताया था कि उनके घर में सब ठीक है , लेकिन उन पर बैंक का कुछ लोन है और बाकी घर में सब ठीक चल रहा है, जबकि लखनलाल और उनकी पत्नी दोनों ही वन विभाग में पदस्थ हैं और उनके दो बच्चे हैं एक बेटा जो की पांचवी कक्षा में है और एक बिटिया सेजल है जो की दसवीं कक्षा में है और उन्हें लखन लाल की फासी लगाने की जानकारी उनके परिजनों द्वारा दी गई, जबकि वह भी स्वयं वन विभाग में ही है और उन्हें सुबह-सुबह जैसे ही जानकारी लगी तो वह घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें भी जानकारी यही लगी है कि वह रात्रि में सभी के साथ खाना खाकर सो गए थे और सुबह सेजल ने उठकर देखा तो उनके पिता बेडरूम के पंखे में रस्सी के माध्यम से फांसी पर लटके हुए थे, वहीं उन्होंने यह भी बताया कि एक सुसाइड नोट मिला है, जो कि पुलिस के हाथों में है और उसमें संभवतः यही लिखा है कि यह जो कदम में उठा रहा हूं यह स्वेच्छा से ही उठा रहा हूं इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं है।

फोर व्हीलर मोटर साईकल को ठोस मारकर फरार - दो घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। लालबर्रा रोड लवादा पेट्रोल पंप के पास एक फोर व्हीलर मोटरसाइकिल को ठोस मारकर खराब हो गई इस सड़क दुर्घटना में फोर व्हीलर की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवाल दो व्यक्ति घायल हो गए दोनों व्यक्ति ग्राम कामथी लालबर्रा निवासी है दोनों को जिला अस्पताल लाया गया जिनमें अत्यधिक चोट लगने से घायल होलु राम पिता बाबूलाल बिसेन 60 वर्ष को नगर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है इस दुर्घटना में बोधन लाल पिता गोकुल चौहान 60 वर्ष को मामूली चोटे आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कामथी निवासी बोधन लाल चौहान और होलूराम बिसेन दोनों अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 8 अप्रैल को बोधनलाल और होलुलाल बिसेन दोनों मोटरसाइकिल में बालाघाट आए थे और बालाघाट में अपना काम निपटाने के बाद शाम 6:00 बजे दोनों मोटरसाइकिल में बालाघाट से अपने घर कामथी जा रहे थे। मोटरसाइकिल बोधन लाल चौहान चला रहा था। लालबर्रा रोड ग्राम लवादा पेट्रोल पंप के पास लालबर्रा की ओर से तेज रफ्तार से आ रही फोर व्हीलर मोटरसाइकिल पर ठोस मार कर फरार हो गई। इस दुर्घटना में बोधनलाल चौहान और होलुराम बिसेन दोनों घायल हो गए। दोनों घायल को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से अधिक चोट लगने से घायल होलूराम बिसेन को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। परिवार वालों ने उसे नगर के प्राइवेट अस्पताल में ले गए हैं। इस दुर्घटना में बोधन लाल चौहान को मामूली चोटे आई जिसका प्राथमिक इलाज जिला अस्पताल में किया गया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक महेंद्र मर्सकोले ने बोधनलाल चौहान का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना लालबर्रा भिजवा दी है। फोर व्हीलर का नंबर सीजी 04 एम एस 4601 बताया गया है। आगे जांच लालबर्रा पुलिस द्वारा की जा रही है।

कन्हारटोला (पाथरशाही) के ग्रामीण करेंगे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

2 वर्ष से नलजल योजना का पानी नही मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त, जिम्मेदार मौन, ग्रामीणों ने पीएचई विभाग से खराब पाईपलाईन को बदलकर नवीन पाईपलाईन बिछाकर रोजाना पानी प्रदाय करने की मांग की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज़)। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत पाथरशाही के अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हारटोला में विगत वर्ष पूर्व पीएचई विभाग के द्वारा छिंदलई वैनगंगा नदी का शुध्द पानी पहुंचाने के लिए ग्राम में नलजल योजना की पाईप लाईन बिछाई गई थी और घर-घर में नल का कनेक्शन कर ग्रामीणजनों को पानी प्रदाय किया जाता था परन्तु यह नल-जल योजना की पाईपलाईन कार्य में ठेकेदार की लापरवाही एवं अनियमितता बरतने के कारण पाईपलाईन कुछ ही सालों में खराब हो चुकी है। जिसके कारण ग्रामीणजनों को विगत २ वर्ष से नल-जल योजना का पानी नही मिल रहा है और उक्त समस्या से ग्रामीणजनों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन को भी अवगत चुके है। जिसके बाद नवीन पाईपलाईन बिछाने का कार्य स्वीकृत हुआ है और पाईपलाईन भी ग्राम में पहुंच चुकी है परन्तु उसे बिछाने का कार्य पीएचई विभाग व ठेकेदार के द्वारा नही किया जा रहा है जिसके कारण ग्राम कन्हारटोला में पानी की समस्या बनी हुई है। वहीं नवीन पाईपलाईन गांव में आ जाने के बाद ग्रामीणों के द्वारा अनेक बार पीएचई विभाग के अधिकारियों को आवेदन व निवेदन के माध्यम से अवगत भी करवा चुके है कि जल्द खराब हो चुकी पाईपलाईन को बदलकर नये पाईपलाईन लगाकर पानी प्रदाय किया जाये उसके बाद भी समस्या का समाधान नही हो रहा है। जिससे ग्रामीणों में पीएचई विभाग व ठेकेदार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। नल-जल योजना का पानी नही मिलने से परेशान ग्रामीणों ने ८ अप्रैल को ग्राम कन्हारटोला स्थित सभामंच में बैठक लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि लोकसभा चुनाव के पहले पीएचई विभाग के द्वारा खराब हो चुकी पाईपलाईन को बदलकर नये पाईपलाईन बिछाकर नल-जल योजना का पानी प्रदाय नही किया गया तो सभी ग्रामीणजन लोकसभा चुनाव का सामूहिक रूप से बहिष्कार करेगें और कोई मतदान नही करेगा। इस तरह नल-जल योजना का पानी नही मिलने से परेशान कन्हारटोला (पाथरशाही) के ग्रामीणजन लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगें।

आवेदन-निवेदन के बाद भी ग्रामीणों की समस्या का नही हो रहा समाधान, आक्रोश व्याप्त

आपकों बता दे कि लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाली ७७ ग्राम पंचायत के १०४ गांव के ग्रामीणजनों को छिंदलई वैनगंगा नदी का शुध्द पानी देने की मंशा से करोड़ों रूपयों की नल-जल योजना प्रारंभ की गई है और पीएचई विभाग के द्वारा गांव-गांव में पाईपलाईन बिछाने के साथ ही हर घर में नल कनेक्शन भी किया गया है। जिसके माध्यम से पानी प्रदाय किया जाता है। इसी तरह ग्राम पंचायत पाथरशाही के अंतर्गत आने वाली ग्राम कन्हारटोला में भी पीएचई विभाग के द्वारा विगत वर्ष पूर्व पाईपलाईन बिछाने के साथ ही घर-घर में नल कनेक्शन किया गया है परन्तु पाईपलाईन कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण कुछ ही सालों में पाईपलाईन खराब हो चुकी है। ऐसी स्थिति में दुषित पानी नल के माध्यम से ग्रामीणों के घरों तक पहुंच रहा था इसलिए ग्रामीणजनों ने पीएचई विभाग से खराब हो चुकी पाईपलाईन को बदलकर नवीन पाईपलाईन बिछाकर पानी प्रदाय करने की मांग भी की थी परन्तु अब तक खराब हो चुकी पाईपलाईन को नही बदला गया है। जिसके कारण विगत दो वर्ष से ग्राम कन्हारटोला के ग्रामीणजनों को नल-जल योजना का पानी नही मिल रहा है ऐसी स्थिति में ग्रामीणजनों को पानी के लिए खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दुर स्थित हेंडपंप व कुएं का पानी लाकर उसका उपयोग कर रहे है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस पानी की समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। जबकि नवीन पाईपलाईन बिछाने के लिए दो माह पूर्व ग्राम कन्हारटोला में पाईपलाईन आ चुकी है बावजूद उसके पीएचई विभाग व ठेकेदार के द्वारा खराब पाईपलाईन को बदलकर नवीन पाईपलाईन को नही बिछाया जा रहा है जिसके कारण ग्राम कन्हारटोला में नल-जल योजना का पानी नही पहुंच पा रहा है इसलिए ग्रामीणजनों में पीएचई विभाग व ठेकेदार के प्रति आक्रोश व्याप्त है और पानी की समस्या को लेकर आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय ग्रामीणों ने लिया है। वहीं ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार को जनपद सदस्य एवं ग्राम सरपंच का भी समर्थन है। जिन्होने पीएचई विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से पीएचई विभाग को पानी की समस्या से अवगत करवा चुके है और नवीन पाईपलाईन आ चुकी है उसे बिछाने का कार्य नही किया जा रहा है जिसके कारण ग्राम में पानी की समस्या बनी है और यह सब पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व ठेकेदार की लापरवाही के कारण हो रहा है इसलिए ग्रामीणजन पानी की समस्या से परेशान होकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। जिन्हे हमारा पूरा समर्थन है और प्रशासन से मांग है कि ग्राम कन्हारटोला में जल्द खराब हो चुकी पाईपलाईन को बदलकर नवीन पाईपलाईन बिछाकर ग्रामीणजनों को नल-जल योजना का पानी प्रदाय किया जाये ताकि ग्रामीणजन लोकसभा चुनाव का बहिष्कार न करें।

दो वर्ष से नही मिल रहा है पानी - थानसिंह

थानसिंह गौतम ने बताया कि पीएचई विभाग के द्वारा घर-घर में नल कनेक्शन किया गया है परन्तु पाईपलाईन क्षतिग्रस्त (खराब) होने के कारण दो वर्ष से उसमें पानी नही आ रहा है जिसके कारण ग्राम में पानी की समस्या बनी हुई है और विगत माह से पीएचई विभाग से खराब पाईपलाईन को बदलने की मांग कर रहे है परन्तु कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है और पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने बैठक लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगें।

लोकसभा चुनाव का करेगें बहिष्कार - गीता

पंच श्रीमती गीता पारधी ने बताया कि कन्हारटोला में नल-जल योजना की पाईपलाईन खराब हो चुकी है जिसके कारण दो वर्ष से पानी नही मिल रहा है ऐसी स्थिति में ग्रामीणजन दुर स्थित हेंडपंप व कुएं का पानी उपयोग कर रहे है परन्तु गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे जाने और हेंडपंप में दबाव अधिक होने से दूषित पानी निकलता है जिसे पीने से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। श्रीमती पारधी ने बताया कि नवीन पाईपलाईन आ चुकी है परन्तु पीएचई विभाग के द्वारा खराब पाईपलाईन के स्थान पर उसे नही बिछाया जा रहा है जिसके कारण पानी की समस्या है, लोकसभा चुनाव के पहले हमें नल-जल योजना का पानी प्रदाय नही किया गया तो सभी ग्रामीणजन लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगें जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

पीएचई विभाग ग्रामीणों की समस्या का करें समाधान - रामचरण

पाथरशाही सरपंच रामचरण गढ़ावार ने बताया कि नल जल योजना की पाईपलाईन खराब होने की जानकारी पीएचई विभाग को दे दी गई है और नवीन पाईपलाईन आ चुकी है परन्तु पीएचई विभाग व ठेकेदार के द्वारा उसे बिछाने का कार्य नही किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों से पाईपलाईन बिछाने के संबंध में चर्चा की जाती है तो सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है परन्तु काम नही किया जा रहा है इसलिए कन्हारटोला में पानी की समस्या बनी हुई है जबकि पीएचई विभाग की जवाबदारी है कि वह ग्रामीणों की समस्या का समाधान करें। श्री गढावार ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है और मैं जनता का प्रतिनिधि हूं और हमेशा जनता के साथ हूं इसलिए उनके निर्णय का समर्थन करता हुआ, ग्रामीण मतदान नही करेगें तो मैं भी नही करूंगा।

पीएचई विभाग के अधिकारी की नहीं सुनता है ठेकेदार - अरूण

जनपद सदस्य प्रतिनिधि अरूण गौतम ने बताया कि कन्हारटोला की नल-जल योजना की पाईपलाईन दो वर्ष से खराब हो चुकी है जिसके कारण ग्रामीणों को पानी नही मिलता है इसलिए पीएचई विभाग से खराब पाईपलाईन को बदलकर नवीन पाईपलाईन बिछाने की मांग की गई थी और पाईपलाईन आ भी चुकी है परन्तु ठेकेदार के द्वारा उसे बिछाया नही जा रहा है जिसके कारण ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है। श्री गौतम ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है, हम जनता के जनप्रतिनिधि हैं एवं उनकी हर मांग पर उनके साथ खड़े हैं और यह सब पीएचई विभाग व ठेकेदार की लापरवाही के कारण हो रहा है। साथ ही यह भी बताया कि सरकार की हर घर नल-हर घर जल योजना सफल हैं परंतु अधिकारियों की लापरवाही के कारण योजना सफल नही हो पा रही है, जब तक किसी तरह के आंदोलन नही होते तब तक संबंधित विभाग के कानों में जू तक नहीं रेंगती है और पीएचई विभाग के इंजीनियर का कहना है कि ठेकेदार उनका फोन नही उठा रहा है इस तरह पीएचई विभाग के अधिकारियों की ठेकेदार नही सुन रहा है तो आमजनों की कौन सुनेगा इसलिए प्रशासन से मांग है कि जल्द खराब पाईपलाईन को बदलकर नवीन पाईपलाईन लगाकर ग्रामीणजनों को पानी प्रदाय किया जाये नही तो ग्रामीणजन लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगें जिन्हे हमारा भी समर्थन रहेगा।

इनका कहना है

कन्हारटोला (पाथरशाही) की नल-जल योजना की पाईपलाईन खराब हो चुकी है जिसके कारण ग्रामीणों को पानी प्रदाय नही किया जा रहा है और नवीन पाईप लाईन आ चुकी है, जल्द ही खराब हो चुकी पाईपलाईन को बदलकर नवीन पाईपलाईन बिछाने का कार्य पूर्ण कर ग्रामीणजनों को नल-जल योजना का पानी नियमित रूप से प्रदाय किया जायेगा।

विजय तिवारी
प्रभारी एसडीओं
पीएचई विभाग लालबर्रा

मुरलीखाम में तेंदुए ने दिया दस्तक, ग्रामीणजन दहशत में

ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुरलीखाम में रविवार की रात में वन्य प्राणी तेंदुए दिखाई देने के बाद से ग्रामीणजन दहशत में जी रहे है और खेत एवं नाले की ओर जाने से डर रहे है जिससे उनका कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है। साथ ही गांव के समीप तेंदुआ के पैर के निशान भी देखा गया है जिससे ऐसा लग रहा है कि तेंदुए गांव के नजदीक आ चुका है जो किसी भी समय किसी पर भी हमला कर सकता है। वहीं ग्रामीणजनों ने वन विभाग को गांव में तेंदुआ के आ जाने की जानकारी दे दी है जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी ग्राम मुरलीखाम पहुंचकर ग्रामीणों के द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचकर सर्चिंग की और नाले में तेंदुआ के पैर के निशान भी देखे गये है। जिसके बाद से वन विभाग गश्त बढ़ा दी गई है और ग्रामीणजनों को शाम के समय अकेले खेत व नाले की ओर न जाने की अपील की है। वहीं वन्य प्राणी तेंदुआ गांव में समीप आ जाने के बाद से मुरलीखाम के ग्रामीणजन दहशत में जी रहे है जिन्होने वन विभाग से तेंदुआ को पकड़कर जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है।

तेंदुआ दिखाई देने के बाद से ग्रामीणजन शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डर रहे है

आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत औल्याकन्हार के अंतर्गत आने वाली ग्राम मुरलीखाम जंगल से समीप स्थित है और रविवार की रात में ग्रामीणजन खाना खाने के बाद सो गये थे तभी मुरलीखाम के देवी मंदिर के समीप निवासरत नन्हु पंचेश्वर रात करीब १० बजे अपने मकान के पास खड़ा था तभी उसे उसके मकान के समीप तेंदुआ दिखाई दिया। जिसे देखकर वह घबरा गया और दरवाजा बंद कर परिवार के अन्य सदस्यों को तेदुएं के आने जानकारी दी तो सभी उठ गये। जिनकी आहट सुनकर तेंदुएं नाले की ओर चले गया नही तो मवेशियों के साथ ही इंसानों पर भी हमला कर सकता था। जिसके बाद नन्हु पंचेश्वर ने ग्रामीणजनों को गांव में तेंदुआ आ जाने की जानकारी दी तो ग्रामीणजन टार्ज के उजाले में तेंदुए को देखने के लिए नाला की ओर आये परन्तु उन्हे वहां दिखाई नही दिया। जिसके बाद सोमवार को सुबह उठकर ग्रामीणजन पुनः नाले की ओर जाकर देखे तो तेंदुए के पैर के निशान रेत में दिखाई दिये जिससे लग रहा है कि तेंदुआ गांव के नजदीक आ चुका है और ग्रामीणजन दहशत में जी रहे है। अगर रात्रि के समय ग्रामीण की आहट नही मिलती तो तेंदुआ गांव के अंदर आ जाता और आंगन व मकानों में बंधे मवेशियों का भी शिकार कर सकता था परन्तु नन्हु पंचेश्वर व उसके परिवार की आहट मिलने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वहीं ग्रामीणजनों ने सुबह वन विभाग को ग्राम में तेंदुआ आ जाने की जानकारी दी जिसके बाद वन विभाग के कर्मचारी घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणजनों के साथ सर्चिंग की जिसमें नाले में उन्हे तेंदुए के पैर के निशान दिखाई दिये। जिससे ऐसा लगता है कि तेंदुआ मुरलीखाम ग्राम के समीप आ चुका है। मुरलीखाम में तेंदुआ दिखाई देने के बाद से ग्रामीणजन दहशत में है और खेत में लगी धान की फसल में पानी चलाने व महुआ चुनने जाने से डर रहे है क्योंकि उनके मन में यह डर सता रहा है कि वन्यप्राणी तेंदुआ खेतों व झाड़ियों में छुपा हो सकता है जो किसी भी समय हमला कर सकता है।

मकान के पास आ गया था तेंदुआ - नन्हू

नन्हू पंचेश्वर ने बताया कि रविवार की रात करीब १० बजे तेंदुआ हमारे मकान के समीप आ गया था जिसे देखने के बाद घबराहट में मैंने दरवाजा बंद कर दिया एवं तेंदुआ आने की जानकारी परिजन व पड़ोसियों को फोन के माध्यम से दिया और कुछ देर बाद मकान के बाहर निकलकर देखे तो वह चले गया था। जिसके बाद से ग्रामीणजन दहशत में जी रहे है और वह वन्यप्राणी तेंदुआ झाड़ियों पर छुप गया होगा या फिर जंगल में चला गया होगा इसलिए वन विभाग से मांग है कि सर्चिंग कर उसके पकड़े।

ग्रामीणजन दहशत में जी रहे है - मंतलाल

पंच मंतलाल पंचेश्वर ने बताया कि रविवार की रात्रि में तेंदुआ गांव के समीप आ गया था जिसकी जानकारी ग्रामीण के द्वारा दी गई जिसके बाद से ग्रामीणजन दहशत में जी रहे है और सुबह नाले की ओर जाकर देखा गया तो उसके पैर के पंजे के निशान दिखाई दिये है एवं वन विभाग के अधिकारियों ने भी पंजे के निशान देखे है। श्री पंचेश्वर ने बताया कि अगर वन्य प्राणी तेंदुए को ग्रामीणों की आहट नही मिलता तो वह मवेशियों का भी शिकार कर सकता था, तेंदुआ दिखाई देने के बाद से ग्रामीणजन अकेले खेत व नाला की ओर जाने से डर रहे है और पहली बाहर गांव के समीप वन्य प्राणी तेंदुआ को देखा गया है जिसके बाद से ग्रामीणजन डरे हुए है।

तेंदुए को पकड़कर जंगल में छोड़े वन विभाग - लक्ष्मीचंद

लक्ष्मीचंद पंचेश्वर ने बताया कि रविवार की रात करीब १० बजे के बाद तेंदुएं गांव के नजदीक आ गया था क्योंकि हमारा गांव जंगल से लगा हुआ है और सोमवार की सुबह जब नाले की ओर जाकर देखा गया तो उसके पैर के निशान दिखाई दिये है जिससे ऐसा लग रहा है कि वन्यप्राणी तेंदुआ गांव के समीप दस्तक दे चुका है। जिसके बाद से ग्रामीणजन दहशत में है और किसान खेत में पानी चलाने व महुआ चुनने नही जा पा रहे है नही तो रात के समय किसान खेत में मोटरपंप से पानी चलाने जाते थे एवं ४ बजे रात से महुआ चुनने पहुंच जाते थे परन्तु आज कोई किसान नही गया है। श्री पंचेश्वर ने बताया कि १५ से २० साल पहले भी बाघ ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया था जिससे उनकी मौत हो चुकी थी उसके बाद पहली बार वन्यप्राणी गांव के समीप आया है, अगर ग्रामीण की आहट नही मिलती तो वह मवेशियों का शिकार कर भाग जाता, वन विभाग के अधिकारियों से मांग है कि सर्चिंग कर वन्यप्राणी तेंदुए को पकड़कर घने जंगल में सुरक्षित छोड़े।

गश्त बढ़ा दी गई है - हर्षित

दूरभाष पर चर्चा में दक्षिण सामान्य वन मंडल लालबर्रा के रेंजर हर्षित सक्सेना ने बताया कि मुरलीखाम में रविवार की रात्रि में तेंदुआ ग्रामीणों को दिखाई दिया है जिसके बाद सुबह वन विभाग के द्वारा घटना स्थल पहुंचकर सर्चिंग की गई तो तेंदुएं के पैर के निशान मिले है जिससे ऐसा लग रहा है कि जंगल की ओर से तेंदुआ गांव के समीप आयेगा होगा उसके बाद जंगल की ओर चले गया होगा। ग्रामीणजनों को शाम के बाद अकेले नाला व खेत की ओर नही जाने कहा गया है एवं मुरलीखाम में गश्त बढ़ा दी गई है, अगर तेंदुआ गांव के समीप झाड़ियों पर छुपा होगा तो सर्चिंग कर उसे पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जायेगा।

पीएचई विभाग कार्यालय से औल्याकन्हार पहुंच मार्ग खराब होने से आवागमन में हो रही परेशानी

ग्रामीण व राहगीरों ने सड़क का मरम्मत कार्य करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार से लेकर बघोली पहुंच मार्ग पीएचई विभाग कार्यालय तक विगत वर्ष पूर्व लाखों रूपयों की लागत से सीमेन्ट्रीकरण सड़क का निर्माण करवाया गया है परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण मार्ग के बीच में दरारे आने के साथ ही कुछ स्थानों से सड़क खराब भी होने लगी है। जिसके कारण मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीणजनों व राहगीरों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सड़क के बीच में बड़ी-बड़ी दरारे आने से दुपहिया वाहन तेज गति से गुजरने पर अनियंत्रित भी हो रही है जिसके कारण लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे है और किसी भी समय बड़ा हादसा घटित हो सकता है परन्तु प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजन व राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आपकों बता दे कि ग्राम पनबिहरी के आगे बघोली मार्ग से बायपास रोड़ औल्याकन्हार होते हुए यह मार्ग हाईवे रोड़ सिवनी को जोड़ती है परन्तु पुर्व में यह मार्ग कच्चा होने के कारण मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता था और पक्की सड़क निर्माण की मांग की गई थी। जिसके बाद विगत वर्ष पूर्व सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा करीब १ किमी. तक सीसी सड़क का निर्माण

किया गया है परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन होने के कारण सीसी सड़क में बड़ी-बड़ी दरारे आने के साथ ही खराब हो चुकी है। जिसके कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है और किसी भी समय बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीर एवं ग्रामीणजनों से पीएचई विभाग कार्यालय से औल्याकन्हार तक खराब हो चुकी सीसी सड़क का जल्द मरम्मत कार्य करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

छिंदलई में श्रीमद् भागवत एवं श्रीराम कथा महापुराण आज से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत छिंदलई के देवी मंदिर में नवराली पर्व के अवसर पर माँ दुर्गा की प्राण प्रतिमा के उपलक्ष्य में ९ अप्रैल से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं श्रीराम कथा महापुराण का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि चैत्र नवरात के अवसर पर छिंदलई स्थित सार्वजनिक देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में ९ अप्रैल से १७ अप्रैल तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं श्रीराम कथा महापुराण किया जायेगा जिसमें ९ अप्रैल को कलश यात्रा एवं देवी-देवताओं को आमंत्रण दिया जायेगा और आयोजित कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर २ बजे से शाम ५ बजे तक श्रीराम कथा का वाचन इटावा (उ.प्र.) से पधारे कथावाचक पं. श्री कृष्णानंद जी महाराज एवं रात ८ बजे से ११ बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पूज्यनीय देवी रश्मी शास्त्री के द्वारा दी जायेगी। साथ ही प्रतिदिन प्रातः ७ बजे से ११ बजे तक रूद्राभिषेक एवं विविध धार्मिक अनुष्ठान किये जायेगें। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील आयोजन समिति अध्यक्ष यशवंतराय बिसेन, उपाध्यक्ष जगलाल टेंभरे, कोषाध्यक्ष डुलीचंद पटले, सचिव प्रितम गोले, सहसचिव चंद्रकांत गौतम, संयोजक मदनलाल गौतम, सहसंयोजक श्रीमती कृष्णा भिवराम माने, प्रभारी नीलमचंद राहंगडाले, सहप्रभारी भजनलाल पटले, एनुकलाल सिंगेश्वर, पूर्व सरपंच प्रेमचंद राहंगडाले, दिनेश पटले, गुरूप्रसाद बिसेन, गंगाराम राहंगडाले, पिपरिया सरपंच रूपचंद माने, रमा महेश टेकाम, मनीराम राहंगडाले, रतिराम बाहेश्वर, भगतराम तुलसीकर सचिव, खरगलाल टेंभरे, सुरज ठाकरे, सुदामा एड़े, बालचंद बिसेन, पन्नालाल पारधी, टोपलाल पारधी, धन्नालाल चौधरी, कमलेश चौधरी, सूर्यकांत गौतम, अनिल गौतम, दिमागचंद रहांगडाले, रामचरण फुंडेकर, चिलसेन राहंगडाले, भीवाराम राहंगडाले, नत्थुलाल तुलसीकर, धनेन्द्र चौधरी, कैलाश बिसेन, उमाशंकर चौधरी, प्रेमलाल चौधरी, बस्ताराम पटले, पोखनलाल शरणागत, हीरालाल चौधरी, ब्रजलाल चौधरी, तिलकचंद ठाकरे, फगलाल टेंभरे, श्यामलाल चौधरी, छन्नुलाल राहंगडाले सहित अन्य ग्रामीणजनों ने की है।

अवैध अतिक्रमण हटाने पंचायत ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ग्राम पंचायत में हुए अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करने की मांग

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकंदा के पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के द्वारा एसडीएम वारासिवनी को ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत अंतर्गत अवैध रूप से झोपड़ा बनाकर किये गये अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेखित है कि ग्राम पंचायत सिकंदा में चारों तरफ बड़ी संख्या में अज्ञात लोगों के द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर भवन निर्माण एवं जगह रोकने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे आदिवासी भवन के पास कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जहां पर उन्होंने झोपड़ा तैयार कर लिया है। जिसके लिए पूर्व में भी एसडीएम को ज्ञापन दिया गया था । परंतु उक्त ज्ञापन पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई जिसके कारण लोगों का अतिक्रमण बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है जिसके कभी भी गलत परिणाम सामने आ सकते हैं । जिसके लिए शासन प्रशासन से मांग है कि वह इस विषय पर गंभीरता से ध्यान देते हुए कार्यवाही करें ताकि लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। जिस पर एसडीएम के द्वारा ग्रामीणों को आचार संहिता के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

अज्ञात लोगों के द्वारा ग्राम के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण कर रहे है- सुनील भवरे

पंच सुनील भवरे ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि ग्राम पंचायत सिकंदा शहर से लगा हुआ ग्राम है । जहां पर देखने में आ रहा है कि दुगनी गति से अज्ञात लोगों के द्वारा ग्राम के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण किया जा रहा है। ऐसे में वह अतिक्रमण कर हमारी शासकीय जमीन पर अपना पैर पसार रहे हैं ,और अतिक्रमण के माध्यम से भवन निर्माण कर बैठ गए हैं । जहाँ आए दूसरे दिन यह स्थिति देखने को मिल रही है। जिससे दूसरे लोग भी प्रेरित हो रहे हैं और वह भी अतिक्रमण कर रहे हैं । कि उसने करा तो मैं क्यों नहीं करूंगा यह भावना चल रही है जो धीरे धीरे बढ़ता ही जा रहा है। इस पर हम चाहते हैं कि प्रशासन कार्यवाही करें। इस बढ़ते हुए अतिक्रमण को रोके और शासकीय भूमि को बचाए वरना एक समय शासकीय भूमि खत्म हो जाएगी जिस पर पंचायत को ही नुकसान होगा। ग्राम के व्यक्तियों के लिए जगह नहीं होगी बाहर के व्यक्ति अतिक्रमण करते रहेंगे तो हम चाहते हैं कि यह पूरा अतिक्रमण हटाना चाहिए।

अतिक्रमण बड़ी संख्या में ग्राम के आसपास होता जा रहा है - प्रकाश वर्मन

ग्रामीण प्रकाश बर्मन ने बताया कि अवैध रूप से अतिक्रमण बड़ी संख्या में ग्राम के आसपास होता जा रहा है । ऐसे में गांव का जरूरतमंद व्यक्ति जिसे जमीन की जरूरत है वह भटक रहा है। और नगर के बाहरी व्यक्ति आकर अतिक्रमण कर रहे हैं। इस प्रकार का कार्य बंद होना चाहिए जबकि वह लोग जो अतिक्रमण यहां पर कर रहे हैं उनके खुद के बड़े बड़े मकान हैं । इसमें भी कई लोग ऐसे हैं जिनके दो से तीन मकान अलग अलग स्थान पर बने हुए हैं । खेती की भी जमीन उनकी स्वयं की है वह व्यक्ति अतिक्रमण कर रहा है जो अब दुर्भाग्य का विषय बन गया है। आने वाले समय में ऐसा ना हो कि जरूरतमंद व्यक्ति को किराए से रहना पड़े और यदि इसी तरह का अतिक्रमण चला रहा तो भविष्य में शासकीय भूमि जो खेलकूद व शासकीय भवन निर्माण या अन्य कार्यों के लिए जरूरी होती है वह नहीं बचेगी। जहां पर गंभीरता से प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

करोड़ों की शासकीय भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है- कन्हैया खैरवार

सरपंच कन्हैया खैरवार ने बताया कि हमारे ग्राम में अतिक्रमण फैल रहा है जिसको हटाने के लिए ज्ञापन एसडीएम को हमारे द्वारा दिया गया है । क्योंकि शहर से जुड़ा हुआ गांव है इसमें हम देख रहे हैं कि हमारा समय अतिक्रमण हटाने और उसका ज्ञापन देने में ही खर्च हो रहा है। इससे पहले भी एसडीएम मैडम थी उन्हें भी ज्ञापन दिए थे । परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई उसके बाद आज फिर ज्ञापन दिए हैं । तो एसडीएम साहब ने विश्वास दिलाया है कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद अवैध कब्जा कर रहे लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। यदि यह अतिक्रमण को आप देख तो पंचायत के लाखों करोड़ों की शासकीय भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रात भर में मकान बनाकर चूल्हा चौका लगा दिए हैं। जिस पंचायत के माध्यम से हटाना उचित नहीं है। प्रशासन से हर बार आश्वासन मिलता है हम चाहते हैं कि इसमें कार्यवाही हो अतिक्रमण वार्ड नंबर १० हाउसिंग बोर्ड के पीछे आजीविका भवन के पास आदिवासी भवन के पास और वह भी शासकीय अधिकारी कर्मचारियों ने अतिक्रमण किया है। उसे हटा नहीं पा रहे हैं हम चाहते हैं प्रशासन उक्त विषय में कार्यवाही का अतिक्रमण हटायें।

पुलिस विभाग अलर्ट पर लॉज का किया गया निरीक्षण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ९ अप्रैल को जिले में आगमन को लेकर पुलिस विभाग अलर्ट पर चल रहा है। जिसके तहत पुलिस विभाग के द्वारा वाहन चेकिंग एवं लॉज व धर्मशालाओं का निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर बालाघाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पार्टी के चुनावी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ९ अप्रैल को आने वाले हैं। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तादी से अलर्ट पर है । जिसमें वारासिवनी पुलिस के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग एवं गस्ती पॉइंट लगा दिया गया है । इसके साथ ही नगर में स्थित धर्मशाला एवं लॉज का निरीक्षण कड़ाई से किया जा रहा है। जहां पर रुकने वाले व्यक्तियों की संपूर्ण जानकारी ली जा रही है तो वहीं संदिग्ध व्यक्ति को निगरानी में लेने की संभावना भी दिख रही है परंतु वर्तमान तक कोई संदिग्ध व्यक्ति मिला नहीं है। इस दौरान पुलिस के द्वारा मुस्तैदी के साथ नगर एवं कस्बे का भ्रमण का शांति व्यवस्था पर नियंत्रण बने हुए हैं।

सिर्रा में सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो की दिलाई शपथ

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सिर्रा में स्वीप कार्यक्रम के तहत सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो नारों की गूंज के साथ ही शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम कलेक्टर गिरीश मिश्रा के निर्देश पर जनपद सीईओ सुश्री दीक्षा जैन के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें ग्रामीणों को मतदान का महत्व समझाने तथा बिना किसी प्रलोभन के अपना मतदान का प्रयोग करने की समझाइए देते हुए मतदान की शपथ दिलवायी गई। तत्पश्चात चर्चा के दौरान सभी दीदियों ने अपने साथ साथ परिवार एवं ग्राम के सभी मतदाताओं को मतदान शत प्रतिशत होगा विश्वास दिलाया । जिसमें सभी वर्ग की मतदाता बहने शामिल हुई जिन्होंने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे लगाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

उपजेल में मुस्लिम भाईयों ने करवाया इफ्तार का हुआ आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ग्राम वारा के इफ्तार कार्यक्रम मुस्लिम समाज के तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जेलर अभय वर्मा , मुस्लिम समाज अध्यक्ष इकबाल खान ,अधिवक्ता जाकिर हुसैन ,जाहिद हुसैन ,अरमान खान सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। इस इफ्तार कार्यक्रम में उपजेल के ९ मुस्लिम बंदियों के साथ १४० हिंदू समुदाय के बंदियों ने भी भाग लिया। जिसमें सभी बंदियों को पुलाव, केले, संतरे मिठाइयों परोस कर इफ्तार करवाया गया। इस दौरान एडवोकेट जाकिर हुसैन और जाहिद हुसैन के द्वारा ९ मुस्लिम बंदियों को रमजान की ईद के लिए कुर्ते पायजामे दिए गये। वहीं मुस्लिम जमात से ३ वादर कैन जेल बंदियों को पानी के लिए भी दी गई। वहीं बंधियो को उपस्थितजनो के द्वारा समझाइस देते हुए कहा कि वे अपराध की दुनिया से निकालकर परिवार के साथ बेहतर जिंदगी गुजारें ।परिवार के लिए जियें अच्छे काम करें इस जिंदगी में कुछ नहीं रखा है। वहीं जेलर साहब का प्रबंधन जेल के अंदर जेल स्टाफ के साथ बंदियों और जेल प्रबंध बंदियों के बहुत अच्छा है जिससे आपको सुधारने में बहुत मदद होगी। इस अवसर पर गुड्डू हसन, आबिद खान ,शहबाज़ मंसूरी ,बाबू भाई ,शाहिद सहित अन्य मुस्लिम समाज के सदस्य मौजूद रहे।

उपजेल में रमजान के पवित्र अवसर पर बंदियों के साथ

आज से चैत्र नवरात्र पर्व प्रारंभ

मंदिरों में नवरात्रि की तैयारियां पूर्णद्व माता रानी के नौ रूपों की होगी आराधना

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। आदिशक्ति जगत जननी माँ दुर्गा का नौ दिवसीय उपासना पर्व चैत्र नवरात्र ९ अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। पर्व के चलते माता मंदिरों में माता रानी के भक्तों ने माता रानी की विशेष पूजा अर्चना करने की तैयारी की है। नौ दिवसीय पर्व के चलते बाजार में भी रौनक दिखाई दी है, और हिन्दु धर्मालंबियों ने पूजा अर्चना से संबंधित वस्तुओं की खरीदारी की है। गौरतलब है कि नौ दिवसीय नवरात्र पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है। पुरे नौ दिवस तक अलग अलग दिन माता रानी के नौ रूपों की विशेष पूजा अर्चना हिन्दु धर्मालंबी करते है। वहीं भक्तगण माता रानी से मनवांचित इच्छाओं की पूर्ति के लिए ज्वारा और कलश भी मंदिरों में स्थापित करते है।

शीतला माता मंदिर में जवारे बोयेंगें आज

नगर के प्राचीन शीतला माता मंदिर में भी परंपरानुसार इस वर्ष भी ९ अप्रैल को मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर चैत्र नवरात्र पर्व धार्मिक आस्थाओं के साथ मनाया जायेगा। पद्मेश से चर्चा में मंदिर के पण्डा विनय भवरे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें ९ अप्रैल की रात ८.३० बजे मनोकामना कलश स्थापना व जवारे बोये जायेगें साथ ही प्रतिदिन सुबह रात ८.३० बजे आरती की जायेगी। श्री भवरे ने बताया कि इस नौ दिवसीय पर्व के दौरान महिला व पुरूषों के द्वारा भजन, जस, कीर्तन की प्रस्तुती दी जायेगी । अष्टमी पर हवन पूजन एवं रामनवमी की सुबह १० बजे कलशों की शोभायात्रा निकालकर जवारों का विसर्जन एवं महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। श्री भवरे ने बताया कि यह शीतला माता मंदिर नगर की कुलदेवी है और जिसके परिवार को वैवाहिक कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रम होते है । तो वे सबसे पहले माता रानी के दरबार पहुंचकर पूजा पाठ करते है और जो भी श्रध्दालु आस्था पूर्वक माता रानी की आराधना करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। इसी आस्थाओं के साथ दोनों नवरात्रा पर्व पर वारासिवनी बालाघाट, लालबर्रा ,खैरलांजी सहित अन्य राज्य व जिलों के भक्तजन पहुंचकर माता रानी से आर्शिवाद प्राप्त करते है। इस नौ दिवसीय पर्व पर क्षेत्रीय भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील मंदिर समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों ने की है।

काली मंदिर में कलशों की स्थापना आज

मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत वारा में स्थित जय माँ काली मंदिर में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर ९ अप्रैल की रात ८ बजे ज्योति कलशों की स्थापना की जायेगी। जहाँ शाम ५ बजे विधि.विधान से पूजन अर्चन की जायेगी जिसके बाद ज्योति कलशों की स्थापना कर जवारे बोये जायेगें जिसके बाद प्रतिदिन सुबह रात ८ बजे आरती की जायेगी। अष्टमी पर्व पर हवन पूजन कन्या भोज एवं रामनवमी को ज्योति कलश व जवारों का विसर्जन कर महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रध्दालु भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर माता रानी से आर्शिवाद प्राप्त करने की अपील मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने की है।

दुर्गा मंदिर में नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण

नगर के सब्जी बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर में नगर से क्षेत्र की गहरी आस्था है । जहां पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है । जहां पर ९ अप्रैल की रात करीब ८.३० बजे जोत प्रज्वलित कर नवरात्र पर्व का प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान सुबह श्याम भक्तों की भीड़ को देखते हुए पंडाल की व्यवस्था कर दी गई है। ताकि भीषण गर्मी में उन्हें छाव प्राप्त हो सके वहीं मंदिर की सजावट भी पूर्ण हो गई है।

नगर पालिका मतदाताओं को मतदान करने जागरूक कर रहा है

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर में स्वीप गतिविधि के तहत प्रचार वाहन के द्वारा लोगो को मतदान करने के लिये जागरूक किया जा रहा है। यह कार्य जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश सीएमओ के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें प्रतिदिन नगर पालिका द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है । जिसमें नगर के सभी वार्डो में मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाकर निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान करने रंगोली मेहंदी रैली के माध्यम से एवं स्लम बस्ती में जाकर सन्देश देकर मतदाता की शपथ दिलवाई जा रही है। वहीं नगर पालिका वारासिवनी के द्वारा स्वीप गतिविधि में नवाचार करते हुए प्रचार रथ तैयार किया गया है । जो मतदान के गानो के साथ नगर के सभी वार्डो में भ्रमण कर शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने कार्य कर रहा है।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

मतवाला हाथी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने खाद्य पदार्थों की कीमतों के दबाव का हवाला देते हुए लगातार सातवीं बैठक में मानक (बेंचमार्क) नीति रेपो दर को 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखने का विकल्प चुना है। खाद्य पदार्थों की कीमतों का दबाव मुद्रास्फीति की रफ्तार को टिकाऊ आधार पर चार फीसदी के लक्ष्य तक धीमी करने के आरबीआई के प्रयासों में बाधा बन रहा है। दर संबंधी फैसले और नीतिगत रुख को समायोजन की वापसी पर केंद्रित रखने के एमपीसी के संकल्प के बारे में बताते हुए, आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि 'कमरे में आ बैठा हाथी- मुद्रास्फीति', 'थोड़ी हवाखोरी के बाद वापस जंगल की ओर लौटता दिखाई दे रहा है'। गौरतलब है कि अप्रैल 2022 में मुद्रास्फीति 7.8 फीसदी के चरम पर पहुंच गई थी। उन्होंने कहा, 卐हम चाहते हैं कि हाथी जंगल में लौट जाए और स्थायी रूप से वहीं रहे 卐 उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अर्थव्यवस्था के सर्वोत्तम हित में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि खुदरा मुद्रास्फीति नरम बनी रहे और टिकाऊ आधार पर लक्ष्य के अनुरूप रहे। मौद्रिक प्राधिकरण का बार-बार 'टिकाऊ आधार' पर जोर देना उसकी इस चिंता को रेखांकित करता है कि हेडलाइन मुद्रास्फीति और खासतौर पर खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति बेहद अप्रत्याशित बनी हुई है। हेडलाइन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई)-आधारित रीडिंग फरवरी 2024 तक 53 महीनों से आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य से ऊपर अटकी हुई है। नए वित्तीय वर्ष में भी मूल्य स्थिरता संबंधी एमपीसी के अनुमान लक्ष्य के संदर्भ में बहुत आश्वस्त करने वाले नहीं हैं- सीपीआई मुद्रास्फीति के चालू तिमाही में थोड़ी धीमी होकर औसतन 4.9 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है। फिर, इसमें दूसरी तिमाही में उल्लेखनीय रूप से गिरावट आएगी और यह तीसरी एवं चौथी तिमाहियों में क्रमशः 4.6 फीसदी और 4.5 फीसदी तक बढ़ने से पहले लक्ष्य से नीचे 3.9 फीसदी तक गिरेगी।

हालांकि, एमपीसी मार्च 2025 तक 12 महीनों में आर्थिक विकास के अनुमानों को लेकर कहीं ज्यादा आश्वस्त है। इस साल सकल घरेलू उत्पाद में औसतन सात फीसदी की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इसके लिए वह कई कारकों- सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की उम्मीदों के चलते कृषि गतिविधियों व ग्रामीण मांग को बढ़ावा मिलने से लेकर मैन्यूफैक्चरिंग एवं सेवा क्षेत्र को निरंतर रफ्तार मिलने तक - का हवाला देती है। वह आरबीआई के उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के मार्च दौर की ओर भी इशारा करती है, जो यह बताता है कि शहरी परिवार मौजूदा स्थिति को लेकर कम निराशावादी हैं और वे सर्वेक्षण में शामिल सभी पांच प्रमुख मापदंडों पर एक साल की अवधि में सुधार की उम्मीद करते हैं। मौद्रिक नीति निर्माताओं का कहना है कि आय में बढ़ोतरी और गैर-जरूरी चीजों पर खर्च करने की इच्छा में वृद्धि निजी उपभोग में मजबूती के लिहाज से अच्छा संकेत है। निजी उपभोग हाल की तिमाहियों में रफ्तार पाने के लिए जूझता रहा है। श्री दास ने कहा कि यह मजबूत वृद्धि की उम्मीद ही है जो आरबीआई को मुद्रास्फीति को लक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने की नीतिगत गुंजाइश देती है। इस बात से वाकिफ होते हुए कि जिद्दी मुद्रास्फीति ने अब तक न सिर्फ विवेकाधीन खर्च को कम किया है बल्कि इसके चलते जरूरी खर्चों को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत ऋणों में भी तेज बढ़ोतरी हुई है, आरबीआई के मुखिया का हाथी को जंगल में वापस भेजने का दृढ़ संकल्प या फिर विकास की रफ्तार को दोबारा से कमजोर होने के जोखिम के बारे में चेताना

भारत में वर्षप्रतिपदा हिंदू कालगणना के वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर मनाई जाती है

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार नए वर्ष का प्रारम्भ वर्षप्रतिपदा के दिन होता है। वर्षप्रतिपदा की तिथि निर्धारित करने के पीछे कई वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और उसी दिन से सृष्टि संवत की गणना आरम्भ हुई। समस्त पापों को नष्ट करने वाली महाशांति उसी दिन सूर्योदय के साथ आती है।

वर्षप्रतिपदा का स्वागत किस प्रकार करना चाहिए इसका वर्णन भी हमारे शास्त्रों में मिलता है। सर्वप्रथम सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की पूजा ' ?' का सामूहिक उच्चारण, नए पुष्पों, फलों, मिष्ठानों से युग पूजा और सृष्टि की पूजा करनी चाहिए। सूर्य दर्शन, सुर्यर्घ्य प्रणाम, जयजयकार, देव आराधना आदि करना चाहिए। परस्पर मित्रों, सम्बन्धियों, सज्जनों का सम्मान, उपहार, गीत, वाध्य, नृत्य से सामूहिक आनंदोत्सव मनाना चाहिए तथा परस्पर साथ मिल बैठकर समस्त आपसी भेदों को समाप्त करना चाहिए। चूंकि यह ब्रह्मा द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ तिथि है अत इसको प्रथम पद मिला है, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। हमारा यह शास्त्रीय विधान पूर्णतः विज्ञान सम्मत है। जागरण के इस काल में हमें काल पुरुष जगा रहा है, ऐसी सनातन संस्कृति में मान्यता है। आइये, हम भी हिंदुत्व के उगते सूरज के सम्मान और अभ्यर्थना में उठ खड़े हों।

वैदिक शुभकामना

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।

स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिरदधातु।।

अर्थात, महान यशस्वी इंद्र ऐश्वर्य प्रदान करें, पूषा नामक सूर्य तेजस्विता प्रदान करें। तार्क्ष्य नामक सूर्य रसायन तथा बुद्धि द्वारा रोग-शोक का निवारण करें तथा बृहस्पति नामक गृह सभी प्रकार के मंगल तथा कल्याण प्रदान करते हुए उत्तम सुख समृधि से ओतप्रोत करें। उक्त मन्त्र में खगोल स्थित क्रान्तिव्रत के समान चार भाग के परिधि पर समान दूरी वाले चार बिन्दुओं पर पड़ने वाले नक्षत्रों क्रमशः इंद्र, पूषा तार्क्ष्य एवं बृहस्पति अर्थात चित्रा, रेवती, श्रवण व् पुष्य नक्षत्रों द्वारा क्रान्ति व्रत पर 180 अंश का कोण बनता है। यह वैदिक पुरुष द्वारा की गई जन कल्याण की कामना है।

वर्ष प्रतिपदा हिंदू काल गणना पर आधारित है और इसके साथ अन्य कई वैज्ञानिक तथ्य भी जुड़े हैं। इसी दिन वासंतिक नवरात्रि का भी प्रारम्भ होता है और वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व प्रारम्भ होता है तथा सनातनी हिंदू इसी दिन से शक्ति की भक्ति में लीन हो जाते हैं। सतयुग के खंडकाल में भारतीय (हिन्दू) नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन प्रारंभ हुआ था क्योंकि इसी दिन ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया गया था। आगे चलकर त्रेतायुग में वर्षप्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ था। भगवान श्रीराम ने वानरों का विशाल सशक्त संगठन बनाकर असुरी शक्तियों (आतंक) का विनाश किया था। इस प्रकार अधर्म पर धर्म की विजय हुई और रामराज्य की स्थापना हुई थी। अगले खंडकाल अर्थात द्वापर युग में युधिष्ठिर संवत का प्रारम्भ भी वर्षप्रतिपदा के दिन हुआ था। महाभारत के धर्मयुद्ध में धर्म की विजय हुई और राजसूय यज्ञ के साथ युधिष्ठिर संवत प्रारम्भ हुआ। आगे कलयुग के खंडकाल में विक्रम संवत प्रारम्भ हुआ। सम्राट विक्रमादित्य की नवरत्न सभा की चर्चा आज भी चहुंओर होती है। यह भारत के परम वैभवशाली इतिहास का एक अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इस नवरत्न सभा में निम्नलिखित रत्न शामिल थे - (1) धन्वन्तरि-आर्युवेदाचार्य; (2) वररुचि-व्याकरणचार्य; (3) कालीदास-महाकवि; (4) वराहमिहिर-अंतरिक्षविज्ञानी; (5) शंकु-शिक्षा शाश्त्री; (6) अमरसिंह-साहित्यकार; (7) क्षपणक-न्यायविद दर्शनशास्त्री; (8) घटकर्पर-कवि; (9) वेतालभट्ट-नीतिकार।

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। दरअसल भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही उन्हें महाकाल कहा गया। वहीं कलयुग में विक्रमादित्य द्वारा नए संवत का प्रारम्भ परकीय विदेशी आक्रमणकारियों से भारत को मुक्त कराने के महाअभियान की सफलता का प्रतीक माना गया है।

इधर स्वतंत्र भारत की सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचांग निश्चित करने के उद्देश्य से प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' का गठन किया गया था। वर्ष 1952 में 'साइंस एंड कल्चर' पत्रिका में प्रकाशित एक प्रतिवेदन के अनुसार, लगभग पूरे विश्व में लागू ईसवी सन का मौलिक सम्बंध ईसाई पंथ से नहीं है और यह यूरोप के अर्धसभ्य कबीलों में ईसामसीह के बहुत पहले से ही चल रहा था। इसके अनुसार एक वर्ष में 10 महीने और 304 दिन ही होते थे। वर्ष के कैलेंडर में जनवरी एवं फरवरी माह तो बाद में जोड़े गए हैं। पुरानी रोमन सभ्यता को भी तब तक ज्ञात नहीं था कि सौर वर्ष और चंद्रमास की अवधि क्या थी। यही दस महीने का साल वे तब तक चलाते रहे जब तक उनके नेता सेनापति जूलियस सीजर ने इसमें संशोधन नहीं कर लिया। ईसा के 530 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद, ईसाई बिशप ने पर्याप्त कल्पनाएं कर 25 दिसम्बर को ईसा का जन्म दिवस घोषित किया। वर्ष 1572 में तेरहवें पोप ग्रेगोरी ने कैलेंडर को दस दिन आगे बढ़ाकर 5 अक्टोबर (शुक्रवार) को 15 अक्टोबर माना, जिसे ब्रिटेन द्वारा 200 वर्ष उपरांत अर्थात वर्ष 1775 में स्वीकार किया गया। साथ ही, यूरोप के कैलेंडर में 28, 29, 30, 31 दिनों के महीने होते हैं, जो विचित्र है क्योंकि यह न तो किसी खगोलीय गणना पर आधारित हैं और न ही किसी प्रकृति चक्र पर।

उक्त वर्णित कारणों के चलते कैलेंडर रिफोर्म कमेटी ने विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत बनाने की सिफ़ारिश की थी। विक्रम संवत, ईसा संवत से 57 साल पुराना था। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में अंग्रेज़ी मानसिकता से ग्रसित लोगों के यह सुझाव पसंद नहीं आया और देश में यूरोप के कैलेंडर को लागू कर दिया गया। हालांकि, विदेशी सिद्धांतो पर आधारित गणनाओं में कई विसंगतियाँ पाई गई हैं।

चिल्ड्रन्स ब्रिटानिका के प्रथम खंड (1964) में कैलेंडर का इतिहास बताया गया है। इसमें यह बताया गया है कि अंग्रेजी कैलेंडरों में अनेक बार गड़बड़ हुई हैं एवं इसमें समय समय पर कई संशोधन करने पड़े हैं। इनमें माह की गणना चंद्र की गति से और वर्ष की गणना सूर्य की गति पर आधारित है। आज भी इसमें कोई आपसी तालमेल नहीं है। ईसाई मत में ईसा मसीह का जन्म इतिहास की निर्णायक घटना मानी गई है। अतः कालक्रम को BC (Before Christ) और AD (Anno Domini) अर्थात In the year of our Lord में बांटा गया। किंतु, यह पद्धति ईसा के जन्म के बाद भी कुछ सदियों तक प्रचलन में नहीं आई थी। इसके साथ ही, आज के ईस्वी सन का मूल रोमन संवत है। यह ईसा के जन्म के 753 वर्ष पूर्व रोम नगर की स्थापना से प्रारम्भ हुआ। तब इसमें 10 माह थे (प्रथम माह मार्च से अंतिम माह दिसम्बर तक) वर्ष होता था 304 दिन का। बाद में राजा नूमा पिंपोलियस ने दो माह (जनवरी एवं फरवरी) जोड़ दिए। तब से वर्ष 12 माह अर्थात 355 दिन का हो गया। यह ग्रहों की गति से मेल नहीं खाता था, तब जूलियस सीजर ने इसे 365 और 1/4 दिन का करने का आदेश दे दिया। इसमें कुछ माह 30 दिन व कुछ माह 31 दिन के बनाए गए और फरवरी के लिए 28 दिन अथवा 29 दिन बनाए गए। इस प्रकार पश्चिमी कैलेंडर में गणनाएं प्रारम्भ से ही अवैज्ञानिक, असंगत, असंतुलित विवादित एवं काल्पनिक रहीं। इसके विपरीत सनातन हिंदू संस्कृति पर आधारित काल गणना पूर्णतः वैज्ञानिक सिद्ध पाई गई हैं। इस दृष्टि से वर्षप्रतिपदा का महत्व अपने आप ही बढ़ जाता है और भारत में आज हिंदू सनातनियों द्वारा वर्षप्रतिपदा के दिन ही नए वर्ष का प्रारम्भ माना जाता है एवं वर्ष भर की काल गणना भी हिंदू सनातन संस्कृति के आधार पर की जाती है, जिसे अति शुभ माना गया है।

(सेवा निवृत उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)
-प्रहलाद सबनानी)

विक्रम संवत 2081 के राजा मंगल और मंत्री शनि होगें !



चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि।
शुक्ल पक्षे समग्रे तु तदा सूर्योदये सति।

नवसंवत्सर को रेवती नक्षत्र में, विष्कुंभ योग में दिन के समय भगवान के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव माना जाता है। प्रथम सत् युग के प्रारंभ की तिथि भी यही है। इसी दिन सम्राट चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने शकां पर विजय प्राप्त की थी और उसे चिरस्थायी बनाने के लिए विक्रम संवत प्रारंभ किया था।जब पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा पूरी कर लेती है, उस समय दिन और रात बराबर होते हैं,12 माह का एक वर्ष और 7 दिन का एक सप्ताह रखने का प्रचलन विक्रम संवत से ही शुरू हुआ था। महीने का हिसाब सूर्य व चंद्रमा की गति पर रखा गया है। विक्रम कैलेंडर की इस धारणा को यूनानियों के माध्यम से अरब और अंग्रेजों ने भी अपनाया है। विक्रम संवत से पूर्व 6676 ईसवी पूर्व से शुरू हुए प्राचीन सप्तर्षि संवत को हिंदुओं का सबसे प्राचीन संवत माना जाता है, जिसकी विधिवत शुरुआत 3076 ईसवी पूर्व हुई मानी जाती है।श्रीकृष्ण के जन्म की तिथि से कृष्ण कैलेंडर की शुरुआत हुई और फिर कलियुग संवत का आरम्भ हुआ। कलियुग के प्रारंभ के साथ कलियुग संवत की 3102 ईसवी पूर्व में शुरुआत हुई थी। संवत्सर के पाँच प्रकार माने गए हैं जिनमे सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास शामिल है। विक्रम संवत में इन सभी का समावेश है। विक्रम संवत की शुरुआत 57 ईसवी पूर्व में हुई थी।चूंकि इसको शुरू करने वाले सम्राट विक्रमादित्य थे इसीलिए उनके नाम पर ही इस संवत का नाम रखा गया है। इसके बाद 78 ईसवी में शक संवत का आरम्भ हुआ था।नवसंवत्सर से शुरू हो रहे वर्ष के पाँच प्रकार सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास होते हैं। मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क आदि सौरवर्ष के माह हैं। यह 365 दिनों का है। इसमें वर्ष का प्रारंभ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश से माना जाता है। फिर जब मेष राशि का पृथ्वी के आकाश में भ्रमण चक्र चलता है तब चंद्रमास के चैत्र माह की शुरुआत हो जाती है। सूर्य का भ्रमण इस समय किसी अन्य राशि में हो सकता है।चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ आदि चंद्रवर्ष के माह हैं। चंद्र वर्ष 354 दिनों का होता है, जो चैत्र माह से शुरू होता है। चंद्र वर्ष में चंद्र की कलाओं में वृद्धि हो तो यह 13 माह का होता है। जब चंद्रमा चित्रा नक्षत्र में होकर शुक्ल प्रतिपदा के दिन से बढ़ना शुरू करता है तभी से हिंदू नववर्ष की शुरुआत मानी गई है।

सौरमास 365 दिन का और चंद्रमास 355 दिन का होने से प्रतिवर्ष 10 दिन का अंतर आ जाता है। इन दस दिनों को चंद्रमास ही माना जाता है। फिर भी ऐसे बढ़े हुए दिनों को मलमास या अधिमास कहते हैं।

लगभग 27 दिनों का एक नक्षत्रमास होता है। इन्हें चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा आदि कहा जाता है। सावन वर्ष 360 दिनों का होता है। इसमें एक माह की अवधि पूरे तीस दिन की होती है।नववर्ष को भारत के प्रांतों में अलग-अलग तिथियों के अनुसार मनाया जाता है। ये सभी महत्वपूर्ण तिथियाँ मार्च और अप्रैल के महीने में आती हैं। इस नववर्ष को प्रत्येक प्रांत में अलग-अलग नामों से जाना जाता है।लेकिन मुख्यतः चैत्र माह से ही नववर्ष की शुरुआत मानी गई है और इसे नव संवत्सर के रूप में जाना जाता है। गुड़ी पड़वा, होला मोहल्ला, युगादि, विशु, वैशाखी, कश्मीरी नवरेह, उगाडी, चेटीचंड, चित्रैय तिरुविजा आदि सभी की तिथि इस नव संवत्सर के आसपास ही आती है।

इस विक्रम संवत में नववर्ष की शुरुआत चंद्रमास के चैत्र माह के उस दिन से होती है जिस दिन ब्रह्मा ने सृष्टि रचना की शुरुआत की थी। इसी दिन से सतयुग की शुरुआत मानी जाती है। इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था और पूरे अयोध्या नगर में विजय पताका फहराई गई थी। इसी दिन से रात्रि की अपेक्षा दिन बड़ा होने लगता है। इसी दिन से चैत्र पंचांग का आरम्भ माना जाता है, क्योंकि चैत्र मास की पूर्णिमा का अंत चित्रा नक्षत्र में होने से इस चैत्र मास को नववर्ष का प्रथम दिन माना गया है।रात्रि के अंधकार में नववर्ष का स्वागत नहीं होता। नये वर्ष पर सूरज की पहली किरण का स्वागत करके यह नववर्ष नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। नववर्ष के ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान आदि से निवृत्त होकर पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से घर में सुगंधित वातावरण करते है। घर को ध्वज, पताका और तोरण से सजाया जाता है।नए सद संकल्पों के साथ इस नए वर्ष की शुरुआत होती है। 09 अप्रैल को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा अर्थात हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 का पहला दिन है। इस दिन अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और शश राजयोग का संयोग बन रहा है। इस बार विक्रम संवत 2081 के राजा मंगल होंगे और मंत्री शनि देव होंगे।इस कारण पूरे साल शनि और मंगल का प्रभाव बना रहा है। पंचांग में 12 महीने होते हैं और हर महीने का प्रारंभ कृष्ण पक्ष से होता है। इसी तिथि को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी।

देश की सीमाओ पर तनाव के अलावा नवसंवत्सर 2081 में तूफान और अग्निकांड से जनधन की क्षति के योग का भी निर्माण होने की संभावना है।देश में मानव जनित समस्याओं के अलावा प्राकृतिक आपदाएं भी देखने को मिल सकती है।

भूकम्प, लैंड स्लाइड, बाढ़, बादल फटना, तूफान, चक्रवात, आंधी, ओलावृष्टि जैसी घटनाओं के होने से लोगों को भारी हानि उठानी पड़ सकती है।इन प्राकृतिक आपदाओं से कृषि उत्पादन में कमी और पशुधन की भी हानि होने के आसार है। प्राकृतिक आपदाओं का सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों पर अशुभ प्रभाव पड़ने के संकेत ज्योतिष विज्ञान में मिल रहे है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक वरिष्ठ पत्रकार है)
(लेखक - डॉ. श्रीगोपाल नारसन)

भारतीय राजनीति को लगे ग्रहण को पहचानिये....

भारत में सोमवार को सूर्यग्रहण दिखाई नहीं दिया लेकिन सूर्यग्रहण था। यही हाल भारतीय राजनीति का है। भारतीय राजनीति को एक अदृश्य/दृश्य ग्रहण लगा हुआ है लेकिन न उसके सूतक का पता चला और न उसके विमोचित की कोई सूचना है। दरअसल ये ग्रहण है ही ऐसा कि जिसके बारे में कोई ज्योतिषी काल गणना कर ही नहीं सकता। इस अनूठे ग्रहण से भारतीय राजनीति को केवल जनता ही मुक्ति दिला सकती है ,बाशर्त की जनता जागे।

मुझे राजनीति और नेताओं पर लिखते -लिखते अब अजीर्ण होने लगा है ,लेकिन मै लगातार इन दोनों पर लिख रहा हूँ ताकि भारतीय राजनीति पर लगा ग्रहण समाप्त हो सके। लेकिन ये कोशिश ठीक वैसी ही है जैसे कोई कांजी की एक बूँद से समुद्र का जल दोफाड़ करना चाहे। किन्तु कोशिश तो कोशिश है , की जाती है। हमारे गुरुजन तो कहते थे कि- हवा में अपनी तर्जनी घुमाना भी एक तरह का हस्तक्षेप है । जनता को भी ये हस्तक्षेप करना चाहिए,क्योंकि अब समय आ चुका है हस्तक्षेप करने का। अब भारत की राजनीति बेपटरी हो चुकी है। भारत की राजनीति और राजनेता उस सांड की तरह हैं जो लाल रंग का कपड़ा देखते ही भड़क उठते हैं।

मुश्किल ये है कि आप इस ग्रहण लगी सियासत से अपने आपको बचा भी नहीं सकते। आपको इसमें लिप्त होना ही पड़ता है। चाहे भी और अनचाहे भी। यूपी जाइये तो वहां माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की जेल में संदिग्ध मौत के बाद समाजवादी पार्टी मातमपुर्सी के लिए अपने सुप्रीमो को अंसारी के घर भेजती है। दिल्ली में भाजपा को शराब से शीश महल अभियान चलकर आप के सुप्रीमो का आभामंडल धूमिल करने का जतन करना पड़ता है। बिहार में पप्पू यादव और लालू यादव के परिवार के बीच जुबानी जंग शुरू हो जाती है। मप्र में टिनीपाल मंत्री रहे भाजपा के हारे नेता दावा करते हैं कि मप्र कांग्रेस के ढाई लाख कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। हिमाचल में कांग्रेस को भाजपा की रानी लक्ष्मी बाई के खिलाफ मुहीम चलने के लिए उनके खानपान पर उँगली उठाना पड़ती है। लेकिन देश की जनता के असल मुद्दों पर कोई नहीं बोलना चाहता।

राजनीति में चल रही जगलरी को कोई रेखांकित करने के लिए राजी ही नहीं है ,क्योंकि सबहि नचावत गुजराती भाई । गुजरातियों के प्रति मेरे मन में कोई घृणा नहीं है ,क्योंकि आखिर गुजरात भी तो हमारे देश का ही अभिन्न अंग है। गुजरात के ही मोहनदास करमचंद गांधी ने आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया था। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि आज देश गुजरात के गांधी मॉडल पर नहीं बल्कि गुजरात के मोदी-शाह मॉडल पर चल रहा है। ये मॉडल भी अस्पृश्य नहीं है। लेकिन दोषपूर्ण अवश्य है। इसी मॉडल की वजह से देश की राजनीति को ग्रहण लगा है। इस ग्रहण को आप न सूर्य ग्रहण कह सकते हैं और न चंद्र ग्रहण। ये ग्रहण लोटस ग्रहण है। कीचड़ से सना लोटस । लोटस यानि कमल ,यानि पंकज। इस ग्रहण ने न सिर्फ देश के सामाजिक ताने -बाने को तार-तार कर दिया है बल्कि देश की एक बड़ी आबादी को रतौंधी का रोग भी लगा दिया है।

रतौंधी एक नेत्र व्याधि है। इसमें या तो सब कुछ धुंधला दिखाई देता है या फिर मरीज को सब कुछ भगवा रंग का दिखाई देने लगता है । ठीक वैसे ही जैसे सावन के अंधे को हरा-हरा दिखाई देता है । देश की जनता इस मामले में बेकसूर है। जनता को एक दशक के लम्बे भ्रष्ट कांग्रेसी शासन से मुक्ति चाहिए थी। उसने बदलाव के लिए ,अच्छे दिनों के लिए भाजपा को नहीं बल्कि मोदी जी को वोट दिया और यही उसके साथ चोट हो गयी। मोदी जी ने जनता कि उदारता को ऐसे दुहा कि बस पूछिए मत !। जनता बेसब्री नहीं थी ,उसने पांच साल जुमलों के सहारे काटे और एक बार फिर पांच साल के लिए देश की कमान भाजपा कि मोदी -शाह जोड़ी को सौंप दी ,लेकिन जनता के साथ दोबारा से ठगी हो गयी। इन दस सालों में देश ज्यादा मजबूत हुआ या भाजपा ? देश बना या मंदिर ? आप सोच सकते हैं कि जब मंदिर बन गया तो मस्जिद क्यों नहीं बनी ? इसका विश्लेषण करने के लिए अब वक्त आ चुका है।

भारतीय राजनीति को सचमुच भाजपा का ग्रहण लग चुका है। पहले ग्रहण कांग्रेस का लगा था । कुछ समय के लिए आंशिक ग्रहण गठबंधन की सरकारों का भी लगा था ,लेकिन सबसे मुक्ति मिल। सब ग्रहणों के विमोचन का एक वक्त मुकर्रर होता है। भाजपा का भी वक्त अब आ चुका है ,लेकिन जनता को इस वक्त का सही इस्तेमाल करना होगा। अन्यथा ज़रा सी गलती जनता पर भारी पड़ सकती है। जनता को देश की संसद में लाइव गालियां सुनना हो ,अगले पांच साल तक हर महीने पांच किलो फोकट की दाल-रोटी खाना हो ,या केवल रामधुन पर नाचना हो तो अलग बात है। ऐसे में मै या कोई दूसरा कुछ न कह सकता है और न कर सकता है। जो करना है वो जनता को ही करना है। हम वाचडॉग तो सिर्फ भौंक सकते हैं। जागो-जागो ,चिल्ला सकते हैं। जो ऐसा नहीं कर सकते वे पहले से किसी न किसी की गोदी में दुम दबाकर बैठे ही हैं।

ग्रहणकाल में भारत में दान-पुण्य करने की सनातन परम्परा है। इसलिए मै जनता से निवेदन करना चाहता हूँ कि वे भारतीय राजनीति पर लगे ग्रहण से मुक्ति पाना चाहते हैं तो जिस दिन भी आपके यहां चुनाव हो झूरकर मतदान करें। यही पुण्यकार्य है। इसी से मोक्ष की प्राप्ति होगी । अन्यथा जो दस साल से इस देश में हो रहा है वही सब आगे भी होता रहेगा। बिना परिवर्तन के बात बनने वाली नहीं है। लोकतंत्र की रोटी को जलने से बचाना है तो उसे बदलना भी होगा। लोकतंत्र की रोटी जली तो फिर आपके सामने तानाशाही का भात परोसा जायेगा । मर्जी है आपकी कि आप क्या खाना चाहते है। जली रोटी या तानाशाही का गर्मागर्म भात ?

- राकेश अचल

इन्दौर बाजार भाव

इन्दौर। लेवाली ठंडी रहने से सोमवार को खाद्य तेलों में मंदी देखी गयी। किराना जिंसों में शक्कर व सौंफ में बाजार सुधार के देखे गये।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में पूछपरख ठंडी रहने से बाजार मंदी के देखे गये। सोया व कपास्या तेलों में बाजार नरमी के रहे। सोया तेल रिफाइंड मालों में बाजार 975-980 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। किराना जिंसों में शक्कर व सौंफ में बाजार मुनाफे के देखे गये। भाव इस प्रकार रहे -

किराना - शक्कर 3770-3830, खोपरा गोला 115-130, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 220-225, सांगली 290-300, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारिक 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2050-2100, बोल्ड 2250-2300, एक्ट्रा बोल्ड 2400-2650, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1800-1850, (160) 1800-1850, (200) 1800-1850, (250) 1800-1850

तेल - सींगदाना 1480-1500, मुम्बई 1490-1510, राजकोट तेलिया 2380-2400, सोया सात्वेंट 930-935, सोया रिफाइंड 975-980, कपास्या 930-940, धूलिया 945, कड़ी 945,

रात की धारणा - गुजरात लुज 1470-1490, मुम्बई पाम 968-970, मुम्बई सोया 960-965,

खली - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1850, देवास-उज्जैन 1850, खंडवा-बुरहानपुर 1825, अकोला 2800 (प्रति क्विंटल)

तिलहन - सरसो 5800, एवरेज 5400-5600, रायडा 4600-4800, सोयाबीन 4600-4650, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

दलहन - चना कांटेवाला बेस्ट 5800-5900, एवरेज 5600-5700, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9600-9700, एवरेज 9400-9500, हल्की 8800-8900, तुअर महाराष्ट्र 10300-10400, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

दाल - चना दाल एवरेज 7650-7750, मीडियम 7850-7950, बेस्ट 8050-8150, तुअर दाल सवा नं. 13100-13200, तुअर दाल फूल 13900-14000, तुअर दाल बोल्ड 14900-15000, मसूर दाल एवरेज 7150-7250, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 10500-10600, बोल्ड 10700-10800, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 10900-11000, बोल्ड 11100-11200, मोगर 11300-11400, बोल्ड 11500-11600,

अनाज - गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रौसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

चावल - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

मावा - इन्दौर 300, उज्जैन 260, रतलाम 260 रू. प्रति किलो।

इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर । सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। किन्तु दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे -

चाँदी (9999) 83100, चाँदी (99) 83000, टंच 82300, सिक्का 850, सोना 10 ग्राम 72200,

टाटा स्टील की बिक्री बढ़कर दो करोड़ टन हुई

नई दिल्ली। टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़कर 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली। टाटा स्टील ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही। कंपनी ने कहा कि उपखंडों में इंजीनियरिंग खंड में सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री हुई। बयान के अनुसार 2023-24 में निजी भवन निर्माण के लिए ई-कॉमर्स मंच टाटा स्टील आशियाना की आमदनी 30 प्रतिशत बढ़कर 2,240 करोड़ रुपये रही।

आज का राशिफल

मेष- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने ऑफिस में अपने ज्ञान का बखान करने से बचे, क्योंकि लोग आपको ज्ञानी व्यक्ति के स्थान पर अहंकारी समझ सकते है। इसलिए आप थोड़ा सा संभल कर रहे हैं. आपकी सेहत की बात करें तो आपके स्वास्थ्य तो सामान्य रहेगा, परंतु आप वाहन चलाने में थोड़ी सी सावधानी बरते कोई दुर्घटना हो सकती है, जिसके कारण आपको चोट भी लग सकती है।

वृषभ- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों के बात करें तो कल आपकी करियर की स्थिति में बहुत अधिक सुधार हो सकता है. आप अपने कठोर परिश्रम जारी रखें, प्रयास करने से ही आपको सफलता की प्राप्ति हो सकती है. आपकी सेहत की बात करें तो कल आप बेवजह की बातों पर टेंशन में ना आए, आपका मानसिक तनाव बहुत अधिक बढ़ सकता है, जिसके कारण आपका स्वास्थ्य भी खराब हो सकता है।

मिथुन- कल का दिन बहुत अधिक खर्चीला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्यक्षेत्र में आपका समय अनावश्यक कामों पर बहुत अधिक खर्च हो सकता है, जिसके कारण आपके कार्यक्षेत्र में शाम के समय अफरा तफरी माहौल हो सकता है, जिसके कारण आप बहुत अधिक परेशान भी हो सकते है। आपकी सेहत की बात करें तो कल आपका दिन सामान्य रहेगा।

कर्क- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्य क्षेत्र में आप पर नया पद और कार्य भार सौपा जा सकता है, इसके लिए शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रहे, तभी आप उस कार्य को पूरी लगन के साथ कर सकते हैं. आपकी सेहत की बात करें तो आपको कल हल्का-फुल्का बुखार हो सकता है इसलिए आप किसी प्रकार की लापरवाही ना बरते बल्कि, डॉक्टर को दिखाकर समय से दवाई ले, जिससे आप जल्दी ठीक हो सके।

सिंह- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग टेक्नीशियन का कार्य करते हैं वह अपना काम मेहनत के साथ करें तो अच्छा रहेगा, इससे आपको आपके जीवन में उन्नति की प्राप्ति हो सकती है. आपका प्रमोशन भी हो सकता है. आपकी सेहत की बात करें तो आप कल अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए साफ सुथरे टॉयलेट का इस्तेमाल करें, वरना, आपको किसी प्रकार का इंफेक्शन हो सकता है, जिसके कारण आपको डॉक्टर के पास भी जाना पड़ सकता है।

कन्या- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातको की बात कर रहे हैं तो कल आप अपने कार्य क्षेत्र में अपने कार्यों को लेकर प्लानिंग करें, योजना बनाने के लिए समय लाभकारी है। योजना के अनुसार कार्य करने से सभी कार्य समय से निपट जाएंगे. आपकी सेहत की बात कर रहे है तो कल आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. किसी प्रकार का कोई कष्ट नहीं रहेगा। आप अपने डाइजेस्टिव सिस्टम को अच्छा रखने का प्रयास करें, इस बात पर आपको बहुत अधिक गौर करनी होगी।

तुला- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आपको अपने करियर के प्रति समर्पण की भावना को आगे बढ़ाना होगा, क्योंकि यदि आप अपने लक्ष्य को साधकर सफलता को प्राप्त करने की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता की प्राप्ति नहीं होगी। आपकी सेहत की बात करें तो कल आपको कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने के कारण बहुत अधिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए आप अपना कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए तेल, मसाले वाले खाना खाने से परहेज करें तथा सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक अवश्य करें, आपको लाभ प्राप्त होगा।

वृश्चिक- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने कार्य क्षेत्र में लोगों के संपर्क में बने रहे और निरंतर संवाद करते रहे, सिर्फ चाहिए आपका सहयोगी या बॉस मे कम्युनिकेशन गैप ना हो। आप इस बात का खास ख्याल रखें. आपकी सेहत की बात करें तो आप अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हरी सब्जियों और फल का अधिक से अधिक सेवन करें, तभी आपका शरीर स्वस्थ हो सकता है।

धनु- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातको की बात करें तो जो लोग जन सेवा केंद्र से जुड़े हुए कार्य करते हैं, उन लोगों को अपने अधिकारियों से कल प्रशंसा सुनने को मिल सकती हैं, जिनसे आपका मन बहुत अधिक प्रसन्न होगा।

मकर- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जिन लोगों ने नौकरी करते हुए अन्य जगहों पर नौकरी के लिए कोई इंटरव्यू दिया है। उसके लिए आपको बहुत अधिक सोच समझ कर फैसला लेना होगा अन्यथा, आपको पुरानी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ सकता है।

कुंभ- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अपने कार्य स्थल के नियम और शर्तें पसंद नहीं आएंगे, आप अपनी नौकरी को छोड़ने का विचार भी बना सकते हैं, आपको दूसरे स्थान पर अधिक पैसे की नौकरी मिल सकती है. आपकी सेहत की बात करें तो कल आपको किसी प्रकार की उलझन के कारण परेशानी हो सकती है।

मीन- कल का दिन गंभीरता वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्य क्षेत्र में किसी पर विरोध करने से बच्चे क्योंकि यह आपकी कार्य क्षमता पर विपरीत असर डाल सकता है। सेहत की बात करें तो आप अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग और मेडिटेशन का सहारा लेने से आपको बहुत अधिक आराम मिल सकता है, यह आपकी डिप्रेशन की स्थिति को भी सुधार करने में सहायक हो सकता है।

शब्दजाल- 7503

शब्द जाल में 'अ' से शुरु होने वाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी है.

म	अ	मु	ग	ल	ए	अ	व	धी	ल ध
द	अ	व	प्रे	व	अ	स	द	ह	र्म ड़
र	स	ल	का	दी	व	स	अ	कां	ख र
जी	लि	ल	प	श	ता	स	द	ह	बा ल
त	य	अ	अ	र	र	अ	गु	ख	प ढे
क	त	अ	शो	त	अ	भि	अ	न	श जू
क	स	अ	क	अ	न	ला	द	श	जू व
द	अ	ल	च	व	जी	षा	ऐ	वें	प सा
क	बा	ना	क्र	त	क	छ	प्प	न	हिं जू
क	र्च	बा	तें	व	न	ज	द	अ	जू व
अ	र	अ	प	अ	व	लो	क	न	न प्र ठ

शब्दजाल - 7502 का हल

बी	अ	मे	रि	का	पा	तू	फा	न	प क
न	ब्रु	क	प	ई	वे	नि	ष्ठि	या	इ क
अ	दा	ला	त	रा	स	द	ह	प	का
जी	म	ले	पो	ब	दू	स	पो	ह	लि त
त	ना	अ	सौ	ज	जा	ला	कि	या	प दे
आ	इ	इ	भो	व	प	वा	स्ता	ह	यु बी
ज	जी	ल	ह	व	प	रि	ज	व	प ज
र	रि	आ	त	प	स	र	ले	वि	ला
क	या	बा	तें	व	न	ज	जी	श	जू दे
र	म	ल	प	व	सि	द्ध	र	अ	प ब
बां	स	ल	प	रु	स	स	ता	प	क र

फिल्म वर्ड पहेली- 6447



ऊपर से नीचे:-

१. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली शशि शेखर सुमन, रेखा, नीना की फिल्म-३
२. मिथुन, गुलाल, सोनाली की 'तेरी चाहत में दिल' गीत वाली फिल्म-१,२
४. 'सीली हवा छू गई सीला' गीत वाली नसीर, शबाना आजमी की फिल्म-३
५. अमिताभ, अभमद खान, नीतू की 'हूकर मेरे मन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'बोल बेबी बोल रॉक' गीत वाली अनिल कपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१०. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'राजा ना जा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'मैं लैला का मजनूं' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कोरा कागज था मन' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१६. संजय कपूर, माधुरी की 'फूल मांगू ना बहार मांगू' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वहीदा की फिल्म-३
१८. अमिताभ, अक्षय, जॉन, रिमी की 'फलक देखूं' गीत वाली फिल्म-३,३
२०. फिल्म 'देवी' में नायिका कौन थी-३
२२. 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२५. नसीर, अभिनत, उर्मिला की फिल्म-४
२६. 'शहर शहर डगर डगर' गीत वाली जैकी, संजय, सोनम की फिल्म-२,१

बायें से दायें:-

१. जॉय मुखर्जी, नंदा की 'मुझे इश्क है तुम्हीं से' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो' गीत वाली राजकपूर, नूतन की फिल्म-३
६. आमिर, फैसल, ट्विंकल की 'तुझे रब ने बनाया है' गीत वाली फिल्म-२
७. अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
८. 'तसवीर बनाता हूँ' गीतवाली फिल्म-४
९. 'जब लिया हाथ' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
११. राजकुमार, प्रिया की 'ये पर्वतों के दायरे ये शाम' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'दिल में बिगर में' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
१३. विकास भल्ला, सुमीत, की 'कोई दिल ना किसी' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
१५. विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
१७. राजकुमार, मीना की 'चलते चलते यूंही कोई मिल' गीत वाली फिल्म-३
१९. जैकी श्रॉफ, रति की फिल्म-२
२१. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ये प्यार यार क्या' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'ना सतरा से ऊपर ना' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
२३. 'दुपट्टे का पल्लू' गीतवाली फिल्म-४
२६. फिल्म 'दोस्ताना' में अमिताभ की नायिका ?-३
२७. अभिषेक, अंतरा माली की 'इश्क दा तड़का' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'मेरे दिल में रहो या बिगर' गीत वाली अमित, मीरा की फिल्म-३
२९. गुड्डद, वहीदा रहमान की 'जाने क्या तूने कही' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'देर है अंधेर नहीं' गीत वाली शत्रुघ्न, राजकपूर, योगिता की फिल्म-२,२
३१. फिल्म 'सलाखें' में नायक ?-२

फिल्म वर्ड पहेली- 6446

य	ह	दी		अ	नु	रो	ध		ओ
ह		बा	सा	व		हि		औ	धी
दे	व	र	ता	क	त	च			
शु	ती		प	र	स		स	ल	मा
	मा	पी		क	स	म		ल	
जा	न	म		अ	गा	व	ब		
रे		शा	र	दा		ई	ना	च	
म	ह	ल		ल	की		जो	र	
न			अं	त		वं	स		त्या
	बा	रि	श		बु	ग	नु		ग

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 7971

बाएँ से दाएँ

1. प्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत,मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा,मदद-3
8. आश्रय,शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म,भाग्य-3
11. दासत्व,गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा,लालसा-3
15. दुगना,दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी,साजन-3
21. कैनाल,उपनदी-3
23. जीवन सत्व,प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

ऊपर से नीचे

1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

शब्द पहेली -7970 का हल

ह	क		सा	ग	र		म	जा
द	म	न		म	वा	ली		म
	र	म	ल		ना	प	ना	
म		क	ह	र		ना	क	म
ली	न		जा	त	क		रा	जा
का	र	क		न	ह	र		क
	म	म	ता		बा	ध	न	
ना		ल	क	वा		ना	य	क
ब	र		त	र	फ		न	म

Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

09 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मीन में	मेष	06.02 बजे से
चंद्र	मीन में	वृष	07.42 बजे से
मंगल	कुंभ में	मिथुन	09.41 बजे से
बुध	मेष में	कर्क	11.54 बजे से
गुरु	मेष में	सिंह	14.10 बजे से
शुक्र	मीन में	कन्या	16.22 बजे से
शनि	कुंभ में	तुला	18.33 बजे से
राहु	मीन में	वृश्चिक	20.47 बजे से
केतु	कन्या में	धनु	23.03 बजे से
राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक		मकर	01.09 बजे से
		कुंभ	02.55 बजे से
		मीन	04.28 बजे से

मंगलवार 2024 वर्ष का 100 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **व्रत्त** बसंत।
विक्रम संवत् 2081 **शक संवत्** 1946
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि प्रतिपदा 20.32 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 07.32 बजे तदनन्तर अश्विनी 05.07 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** वैधृति 14.18 बजे को समाप्त। **करण** किंस्तुघ्न 10.09 बजे तदनन्तर बव 20.32 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 07° 41'
सूर्य उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871944
जूलियन दिन 2460409.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445 **महीना** रमजान
तारीख 29 **विशेष** चंद्र दर्शन, चैत्र नवरात्रि, गुडी पडवा, उगादी, झूलेलाल जयंती, गौतम ऋषि, डॉ. हेडगेवार जयंती।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रसंगतः खुद की पहचान

उद्दालक ने अपने पुत्र श्वेतकेतु को एक प्रसिद्ध ऋषि के पास पढ़ने भेजा। श्वेतकेतु की दृष्टि में उसके पिता उद्दालक बहुत बड़े विद्वान थे। वह चाहता था कि वह अपने पिता से ही शिक्षा ग्रहण करे पर उद्दालक ने समझाया, 'गुरु पिता से ऊपर होता है, इसलिए तुम्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरु के पास ही जाना चाहिए। 'श्वेतकेतु गुरु के पास गया। वहां बारह वर्ष पढ़ने के बाद जब वह अपने घर आया तो उसे लगा कि अपने पिता उद्दालक से भी उसे बहुत अधिक ज्ञान हो गया है। उसके व्यवहार में अहं अधिक व नम्रता कम थी। विद्वान उद्दालक श्वेतकेतु की मनोवृत्ति भांप गए। उन्होंने श्वेतकेतु को बुलाया और पूछा, 'श्वेतकेतु तुमने क्या - क्या पढ़ा ? हमको बताओ। 'श्वेतकेतु बताने लगा, 'मैंने व्याकरण पढ़ा, शास्त्र पढ़ा, उपनिषदों को पढ़ा। 'इस प्रकार उसने एक बड़ी सूची प्रस्तुत कर दी। सूची पूरी होने के बाद उद्दालक ने पूछा, 'श्वेतकेतु क्या तुमने वह पढ़ा जिसको पढ़ने के बाद और कुछ पढ़ने के लिए शेष नहीं रहता ? क्या तुमने वह देखा जिसको देखने के बाद और कुछ देखने के लिए है ही नहीं ? क्या तुमने वह सुना जिसको सुनने के बाद और सुनने के लिए कुछ बचता नहीं ?' श्वेतकेतु अवाक् में पड़ गया। उसने कहा, 'क्या है वह ? मैं नहीं जानता हूं। मैंने वह पढ़ा नहीं। न सुना , न देखा न प्रयत्न किया। वह क्या है ?' उद्दालक बोले, 'जाओ फिर से अपने गुरुजी के पास जाओ। उनसे कहो कि वह तुम्हें सिखाएं। जाओ वह पढ़कर आओ। 'श्वेतकेतु गुरु के पास गया। गुरु जी बोले, 'वह तुम्हारे पिता जी के पास ही है, उनसे ही वह ले लो। 'श्वेतकेतु घर लौट आया। अब वह अपने को बदला हुआ सा अनुभव कर रहा था। उसका अहं खत्म हो गया था। व्यवहार में पूर्ण नम्रता थी। वह शांत था। एक दिन उद्दालक ने उसे बुलाया और कहा, 'श्वेतकेतु वह तुम हो। 'श्वेतकेतु जीवन का अभिप्राय समझ गया था। वह जान गया कि अपने आपको जानने के बाद कुछ जानना शेष नहीं रहता।

सूडोकु नवताल- 6756

★☆☆☆☆ सरल

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3		8			
			5		8		7	3
9	3			2			6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6755 का हल

7	4	8	3	9	2	1	5	6
2	6	9	5	7	1	8	4	3
3	1	5	4	8	6	7	2	9
5	7	4	8	6	9	3	1	2
8	9	1	2	3	4	6	7	5
6	3	2	1	5	7	4	9	8
4	8	7	6	2	5	9	3	1
9	2	6	7	1	3	5	8	4
1	5	3	9	4	8	2	6	7

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

बाजार पूंजीकरण पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के ऊपर पहुंचा

मुम्बई। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। आज बाजार में एक नया रिकॉर्ड भी बना। पहली बार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकर 400 लाख करोड़ रुपये के ऊपर पहुंच गया। आज दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 494.28 अंक करीब 0.67 फीसदी बढ़कर 74,742.50 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 152.60 अंक तकरीबन 0.68 फीसदी बढ़कर 22,666.30 अंक पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान इचर मोटर्स , मारुति सूजुकी, एमएंडएम, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एनटीपीसी निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे जबकि अडानी पोर्टस , नेस्ले इंडिय, आपोलो अस्पताल , विप्रो और सन फर्मा के शेयर गिरे।

इससे पहले आज सुबह बाजार शुरुआती कारोबार में खुलते ही रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। विदेशी कोष के आने के बीच घरेलू इंडेक्स में सोमवार को शुरुआती कारोबार में तेजी आई जिससे सेंसेक्स और निफ्टी अपने-अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स 307.22 अंक उछलकर 74,555.44 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर और एनएसई निफ्टी 79.6 अंक चढ़कर 22,593.30 पर रहा। निफ्टी शुरुआती सौदों के बाद 22,623.90 अंक के अपने सार्वज ?निक उच्च स्तर पर और बीएसई 74,658.95 अंक पर पहुंच गया। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील कंपनियों के शेयर फायदे में रहे। दूसरी तरफ, विप्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयरों को नुकसान हुआ। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की ऊपर आया है जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट व हांगकांग का हैंगसेंग गिरा। वहीं अमेरिकी बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ।

मेकमाईट्रिप की सेवाएं 150 से अधिक देशों में उपलब्ध

नई दिल्ली । ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमाईट्रिप ने अपनी वैश्विक पहुंच के विस्तार की सोमवार को घोषणा की। अब उसकी सेवाएं 150 से अधिक देशों में उपलब्ध होंगी। कंपनी बयान के अनुसार मेकमाईट्रिप ने कई देशों में अपनी पहुंच का विस्तार किया है, जिसमें ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली, फ्रांस जैसे प्रमुख यात्रा बाजार शामिल हैं। साथ ही भारत, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में कई अन्य बाजार में भी विस्तार किया गया है जहां पहले से ही सेवाएं दी जा रही हैं। मेकमाईट्रिप के एक व ?रिष्ठ अधिकारी ने कहा ?कि हमारी वैश्विक पहुंच हमें विशाल भारतीय प्रवासी तक पहुंचने में मदद करेगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह विस्तार हमें अधिक लोगों की सेवा करने में सक्षम बनाएगा।

वित्त वर्ष 2023-24 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री 10 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली । भारत में यात्री वाहन, तिपहिया वाहन और ट्रैक्टर की रिकॉर्ड बिक्री की वजह से मोटर वाहन खुदरा बिक्री में वित्त वर्ष 2023-24 में दोहरे अंक की बढ़ोतरी देखी गई। डीलरों के संगठन फाडा ने सोमवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष में मोटर वाहन खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 2,45,30,334 इकाई हो गई, जबकि 2022-23 में यह 2,22,41,361 इकाई थी।

मोबाईल नेटवर्क व नल जल समस्या को लेकर बहेला वासियों ने लोकसभा चुनाव का किया बहिष्कार

लांजी (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत बहेला जो कि एक ऐसी पंचायत है जो कि इस आधुनिक युग में मोबाईल नेटवर्क सहित इन्टरनेट सेवा से अछुति पड़ी है लगभग 15 से अधिक वर्षो से यहां के ग्रामीण सुचारू मोबाईल नेटवर्क इन्टरनेट सेवा के लिये लड़ाई लड़ रहे है लेकिन इनकी इस समस्या को ना तो अधिकारियों ने ध्यान दिया और ना ही जनप्रतिनिधियों ने जिसके चलते अब बहेला में अनेकों समस्याऐं उत्पन्न होने लगी है। यहां तक की अधिकांश लोगों के द्वारा बहेला छोड़कर एक दुसरा घर अन्य शहरो एवं पड़ोसी ग्रामों में बनाने को मजबूर है। लेकिन बहेला में नही रहना चाहते और अब इसी समस्या को लेकर तथा ग्राम में नल जल समस्या को लेकर ग्राम बहेला के लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने हेतु एसडीएम लांजी को बिन्दुवार ज्ञापन सौंपा है। जिसमें लेख है कि ग्राम बहेला में मोबाईल नेटवर्क की बहुत समस्या रहती है जिसमें ग्राम पंचायत बहेला में शासकीय कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, पोलीस थाना, सीआरपीएफ केम्प, हायरसेकंडरी स्कुल, सेवा सहकारी समिति इन सभी कार्यालय में आनलाईन काम-काज के लिए नेटवर्क की आवश्यकता होती हैं। नेटवर्क के अभाव में किसी भी कार्य करने के लिए हमें ग्राम से बाहर जाना पड़ता है। सबसे अधिक समस्या राशन वितरण के समय आती है उस समय फिंगर लेने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। ग्राम पंचायत बहेला में पंचायत के कार्य ऑनलाईन करना पड़ता है तो अन्य पंचायत जाना या लॉजी जाकर ऑनलाईन करना पड़ता है। जिसके कारण ऑनलाईन कार्य में प्रगति बहुत कम होती है। ग्राम पंचायत बहेला में सेवा सहकारी समिति मर्यादित प. 50 /621 है जिसमें ग्राम पंचायत बहेला के ग्रामीणों का राशन भी मिलता है लेकिन राशन हेतु फिंगर लगाने ग्रामीणों को लगभग 3 से 4 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बहुत से बुर्जग गरीब लोग फिंगर लगाने से और राशन से भी वंचित हो जाते है। सेवा सहकारी समिति में खाद्य भी कर्मचारी को ऑनलाईन करना पड़ता है जिसके बाद किसानों को खाद्य मिलता है लेकिन किसान भाईयों को ऑनलाईन करने हेतु 5 से 6 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है एवं किसानों को धान की स्लॉट बुक करने हेतु लगभग 15 से 20 किलोमीटर दुर जाना पड़ता है। ग्राम पंचायत बहेला में हायरसेकेण्डरी स्कुल है जिसमें 10 गाँवों के बच्चे अध्ययन करने आते है जो कि एक शाला परिसर में विद्यालय लगाता है जिसमें 1300 से 1500 बच्चे अध्ययन करते है आजकल छात्र छात्राओं का कार्य अधिकांश ऑनलाईन हो गया है मोबाईल नेटवर्क नही होने से इन्हे भी रोजाना असुविधा होती है जिसके चलते शिक्षक लोग भी परेशान है। वहीं बहेला में पुलिस थाना एवं सीआरपीएफ बटालियन है लगभग 150 से अधिक अधिकारी कर्मचारी पदस्थ है जो कि अपने परिवार से दुर है इन लोगों की अपने परिवार के लोगो से बातचीत नही हो पाती है। वहीं मध्यप्रदेश पुलिस मे अब ऑनलाईन रिपोर्ट दर्ज होती है मोबाईल नेटवर्क एवं इन्टरनेट सेवा नही होने से समय पर रिपोर्ट भी दर्ज नही हो पाती।

हर घर नल हर घर जल नहीं हुई प्रारंभ

प्रधानमंत्री के द्वारा हर घर नल हर घर जल को लेकर एक महत्वपूर्ण योजना की शुरूवात की गई है जिसके चलते प्रत्येक ग्रामीणों को उनके घर मे पानी की व्यवस्था होगी। जिसके लिये ठेकेदारों और विभाग को कड़ी हिदायत है कि गुणवत्ता के साथ नल जल योजना का कार्य करे लेकिन लांजी क्षेत्र में नल जल योजना का कार्य करने वाले ठेकेदार और विभाग इस योजना पर पलीता लगाने मे लगे हुये है। इसी प्रकार का मामला ग्राम बहेला में आया है जहां नल जल योजना का कार्य विगत 2 वर्ष से पूर्ण नही होने के कारण ग्रामीण अब चुनाव का बहिष्कार कर रहे है। ग्रामीणों ने ज्ञापन मे बताया कि ग्राम पंचायत बहेला के पंचमटोला, दडबडाटोला और मूंशीटोला मे अब तक नल जल योजना प्रारंभी नही हुई है। कई जगह तो पाईप लाईन तक नही बिछी है तो कई जगह पाईप के कनेक्शन तक नही हुये है विगत 2 वर्षो से ठेकेदार पता नही क्या कार्य कर रहा है और विभाग भी ऐसे ठेकेदारों पर कोई कार्यवाही नही करता। क्योंकि ग्रामीण जन बुंद बुंद पानी के लिये तरस रहे और बाट जोह रहे है कि कब यह नल जल योजना प्रारंभ होगी। इन दोनो मुद्दो को ध्यान में रखते हुये ग्राम पंचायत बहेला के ग्रामीण जन आगामी लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार करते है।

इनका कहना है

उक्त संबध में लांजी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रदीप कौरव से चर्चा की गई तो आपने बताया कि बहेला के ग्रामीणों के द्वारा उक्त संबध में ज्ञापन सौंपा गया है जिसको लेकर मेरे द्वारा जीयो के स्थानीय प्रबंधक से चर्चा की गई जिन्होने कहा है जल्द ही बहेला में जीयो की टीम के द्वारा सर्वे किया जायेगा। वहीं नल जल योजना के संबध में एसडीओ पीएचई को निर्देशित किया गया है कि बहेला जाकर नल जल योजना का कार्य देखे और तत्काल पालन प्रतिवेदन प्रेषित करे। हम ग्रामीणों की समस्याओं जल्द से जल्द दुर करने का प्रयास करेंगे।

आदिवासी किसान को हुआ धान का समर्थन मूल्य का भुगतान

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र के ग्राम दहेगांव निवासी एक आदिवासी अन्नदाता किसान अपने धान का समर्थन मूल्य पाने के लिये विगत साढे तीन माह से परेशान हो रहा था, जिसकी परेशानी को देखते हुये हमने प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया था की एक आदिवासी किसान अपना ही धान विक्री करने के बाद राशि के लिये कार्यालयों एवं बैंक के चक्कर काट रहा है। उल्लेखनीय है कि दहेगांव निवासी किसान घनश्याम पिता बाबुलाल सिरामे जाति माना आदिवासी किसान है जिसने अपने कृषि भूमि का खरीफ धान की फसल सहकारी समिति मर्यादित दहेगांव पं क्रमांक 11 उपार्जन केन्द्र पालडोंगरी कैप में दिनांक 26 दिसंबर 2023 को 433 कट्टा कुल 173.20 क्विंटल धान जिसका मूल्य 3 लाख 78 हजार 095 रूपये है। यह राशि किसान के बैंक खाते मे 7 अप्रैल तक नही आई है। जबकि वर्तमान मे ऐसे कोई किसान नही होगा जिसकी समर्थन मूल्य की राशि किसान के खाते मे नही आई हो लेकिन एक आदिवासी किसान अपने समर्थन मूल्य की राशि के लिये खासा परेशान हो था।

तीन माह से किसान बैंक और डीएमओ कार्यालय के काट रहा था चक्कर

किसान घनश्याम सिरामे के द्वारा जब बैंक और कार्यालय के चक्कर काट कर थक गया तो वह मजबूर हो गया भुख हड़ताल की राह अपनाने और इस संबध में ज्ञापन भी सौंपा तथा मिडिया से मुलाकात कर अपनी परेशानी मिडिया के सामने रखी, मिडिया प्रतिनिधियों के द्वारा उक्त परेशानी को समझकर प्राथमिकता के साथ इस खबर का प्रकाशन 6 अप्रैल के अंक में किया कि एक किसान आज अपने पैसो के लिये दर दर की ठोकरे खा रहा है। विगत 3 माह से उसे केवल आश्वासन ही अधिकारियों एवं बैंक कर्मियो से प्राप्त हो रहा था किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही की जा रही थी। लेकिन 6 अप्रैल के अंक मे प्रकाशन के बाद 8 अप्रैल को किसान घनश्याम सिरामे के बैंक खाते में 3 लाख 78 हजार 095 रूपये आ गये है। किसान बैंक खातों में रूपये पाकर काफी खुश हुआ और मिडिया प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। किसान घनश्याम के खाते में समर्थन मुल्य की राशि नही आने से खासा चिंतित था क्योंकि आगामी 25 अप्रैल को किसान की बेटी की शादी है और इस सोच में पड़ गया था की खाते में पैसे नही आ रहे है अब मै बेटी की शादी कैसे करूंगा लेकिन अब जब किसान के खाते में रूपये आ चुके है तो किसान की चिंता खत्म हो चुकी है और अब बगैर परेशानी के साथ किसान घनश्याम अपनी बेटी का विवाह पूर्ण करवायेगा।

गोंडवाना विकास समिति एवं गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन के द्वारा लांजी के नाभिस्थल में जोत जवारा स्थापना आज

लांजी (पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पावन नगरी लांजी में लांझीगढ़ गोंडवाना विकास समिति एवं गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में लांजी स्थित नाभिस्थल में जोत जवारा स्थापना आज शाम 6 बजे किया जाना हैं। इस संबध में दीनू उइके गोंड ने सर्वसमाज से अपील की हैं कि अपने पारम्परिक वेशभूषा के साथ अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर जोत जवारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रकृति शक्ति एवं बुढ़ादेव का आशीर्वाद प्राप्त करें। जैसा कि कोया-वंशीय गोंड समुदाय के गण्डजीव की सांस्कृतिक एव धार्मिक स्थली लांजी है। यहां गोंडी संस्कृति व समुदाय द्वारा प्राचीन काल से माना गया नाभि स्थल स्थित है। यहां पर प्रतिवर्ष गोंड समुदाय के लोगों के द्वारा बुढ़ादेव के नाम पर पूजन कार्य किया जाता रहा है। लांजी नाभिस्थल गोंडवाना का प्राचीन केंद्र हैं। यहां पर हीं सर्वप्रथम गोंडी पुनेम गुरु पहांदी पारी कुपार लिंगो ने अपने शिष्यों को सामाजिक व्यवस्था में विभाजित किया और उनके माध्यम से सम्पूर्ण गोंड समाज को एक व्यवस्था में संरचित किया हैं !और यहां लगभग 30 वर्षों के अधिक समय से जोत जवारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



आवश्यकता है
मार्केटिंग हेड-01 पद
योग्यता एमबीए
2 वर्ष का अनुभव
मार्केटिंग कार्य हेतु 4 युवक
योग्यता स्नातक
अनुभव 2 वर्ष
संपर्क. अभिनंदन ग्रुप
बालाघाट रोड लांजी, मो. नं.9425140030

वार्ड क्रमांक 9 में नारियल के पेड़ में गिरी बिजली, बड़ी दुर्घटना टली

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर में मौसम में 8 अप्रैल की शाम को अचानक मौसम परिवर्तन के साथ ही तेज गर्जन के साथ मे बिजली की चमक दिखाई दी। गर्जना इतनी अधिक थी मानों नगर में ही कही कही ना कही गाज गिरी है। शाम लगभग 6 बजे ही समाचार प्राप्त हुआ की लांजी नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित सतीश पिता रामदयाल बड़पैया के पीछे बाडी में स्थित नारियल

के पेड़ पर बिजली गिरने से पेड़ मे आग लग और सुखे टहनियॉ जलकर गिरने लग गई जिसके चलते आस पास के मकान में रहवासियों मे दहशत का माहौल नजर आया। घर एवं आस पास के लोगो ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन पेड़ इतना उंचा था की आग को नही बुझा पाये गनिमत यह रही की पेड़ की सुखी टहनियॉ जलकर गिरने के बाद आग अपने आप बूझ गई। इस घटना में किसी भी प्रकार ने कोई जनहानि या माल हानि नही हुई है।

विद्युत सप्लाई हुई प्रभावित

नगर में बिजली की गर्जना और गाज गिरने से जहां वार्ड क्रमांक 9 में नारियल का पेड़ जल गया वही तेज गर्जना के चलते विद्युत सप्लाई भी बाधित हो गई। बिजली गिरने पूरे नगर की विद्युत सप्लाई बंद हो गई। जब विद्युत सप्लाई बहाल की गई तब ज्ञात हुआ की जहां बिजली गिरी है उसके आस पास के मकानों में मीटर के पास के फ्यूज उड़ गये थे वहीं कुछ मकानो में इलेक्ट्रिक बोर्ड की बटनें खराब हो गई है। दुसरी ओर यह भी जानकारी दी गई की कुछ इलेक्ट्रानिक सामान भी बिजली के गिरने से खराब होने का अंदेश जताया गया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर शहर कांग्रेस की बैठक संपन्न

लांजी (पद्मेश न्यूज)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा निरंतर बैठके एवं नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जा कर अपने प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार के पक्ष में मतदान करने की अपील जनता से कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता करते दिखाई दे रहे है। लांजी विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हिना कावरे के द्वारा नेतृत्व करते हुये क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बैठके एवं सभाओं को संबोधित कर रही है साथ ही कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी भी इस दौरान सभाओं को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है और कांग्रेस की रीति नीति तथा घोषणा पत्र से अवगत कराया जा रहा है। हाथ बदलेगा हालात को लेकर प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता एक जुट होकर कार्य कर रहा है इसी कड़ी में 8 अप्रैल को लांजी के शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष एवं पार्षद सौरभ मोनू पशीने, जिला महामंत्री भरत कालबेले, ओंकार रहांगडाले सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिती मे नगर के बालाघाट मार्ग स्थित एफ एण्ड डी रेस्टरिंट में आयोजित की गई। बैठक में आगामी चुनाव में कार्य कर्ता की जवाबदारी तय की गई शहर अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थित कार्य कर्ता को एकजुट होकर पार्टी का काम करने कहा गया और राहुल गाँधी जी के द्वारा जो पार्टी की घोषणाएं की गई उस पर फोकस करने निर्देशित किया गया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ पशीने ने सभी वार्ड में पार्टी के प्रचार में गति देने संकल्प लिया गया और राहुल जी के हाथ मजबूत करने प्रेरित किया गया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओंकार बाबा राहन्गडले भारत कालबेले ने भी उपस्थितो कार्यकर्तो का संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से खेमचंद दानी, अशोक पालीवाल, महेन्द्र सोनवाने, दिनेश लाड़े, आशीष श्रीवास्तव, पूनम आसटकर, मनीषा धारणे, संतोष दुरूगकर, गुड्डू गोस्वामी, अनमोल तिड़के, मनीष जुझार, यूवराज टेंभरे, दूमन घोरमारे, मुकेश रणदिवे, आसिफ बेग, शंकर, मनोज बांगरे,सुखराम वरकड़े, नसीम खान, रविन्द्र धारणे, शिवम नखाते, नंदकिशोर उइके, जनार्दन मोरघड़े, मुरलीधर बावनथड़े, भोजराज देशमुख,प्रदीप ठाकरे, संजीव ठाकरे सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

गाय से बिछड़े बच्चे को मालिक का पता कर किया सुपुर्द

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के बालाघाट मार्ग पर 8 अप्रैल को सुबह लगभग 10 बजे एक गाय का छोटा बछड़ा जो कि लगभग छः - सात दिन का होगा, रोड़ पर चल रही गाड़ियों के सामने सामने भाग रहा था एवं

भागते-भागते एक -देढ़ किमी दूर आ गया था। इस बछड़े पर बालाघाट रोड़ की ओर से आ रहे अशोक घरते एवं संतोष तिड़के बोलेगांव की नजर पड़ी। जिन्होंने अपनी गाड़ी अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने रोक कर उक्त गाय के बछड़े को पकड़ा एवं उसे पेड़ के छाया में बांधकर उसके मालिक का पता किसी। काफी खोज खबर करने के बाद भी मालिक का पता नही चलने पर उक्त बछड़े को अशोक घरते द्वारा अपने घर ले जाकर उसे दूध पिलवाया एवं पुनः मालिक की खोज खबर में लग गए। बालाघाट रोड़ पर एक -देढ़ किमी दूर तक जहां जहां गाय नजर आई सभी से उक्त बछड़े के बारे में पूछा, शाम लगभग 4.30 बजे ज्ञात हुआ कि बालाघाट रोड़ पर निवासरत परमेश्वर कुथे शिक्षक के घर का है। तब उनके घर जाकर उक्त बछड़े के संबंध में पूछा एवं तस्दीक करने के बाद अशोक घरते के द्वारा श्री कुथे को अपने घर ले जाकर उक्त बछड़े को उन्हें सौंपा। अशोक घरते के द्वारा इस तरह दिन भर मेहनत कर उक्त बछड़े को उसकी मां तक पहुंचाया। अशोक घरते एवं संतोष तिड़के द्वारा गाय के बछड़े को दूर भागने से बचाया अपितु उसके मालिक का पता कर उस तक पहुंचाया। दोनों के इस कार्य के लिए सभी ने सराहना की।

निर्वाचन प्रेक्षक की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों के कमीशनिंग कार्य का हुआ प्रशिक्षण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोमवार को जिला पंचायत सभागृह में निर्वाचन प्रेक्षक श्री शुभकरण सिंह की

उपस्थिति में ईवीएम मशीनों के कमीशनिंग कार्य के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर शरद खंडेलवाल द्वारा दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एके उपाध्याय उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में कमीशनिंग कार्य करने वाले उपर्यंत्रियों को बीयू सीयू तथा वीवी पेट को जोड़ने के सम्बंध में डेमो के माध्यम से बताया गया। साथ ही मॉक पोल का समय और उस समय उपस्थिति के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में बीयू, सीयू और वीवीपेट के संयोजन से बनी मशीन ईवीएम कहलाती है। इन तीनो के आपस मे

एक लाख रूपये सालाना देगी युवाओं को कांग्रेस- राहुल गांधी

आदिवासियों में देश भक्ति की भावना कूट-कूट भरी हुई है-जीतू पटवारी

भोपाल। सिवनी के धनौरा और शहडोल में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुये अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यहां आदिवासी वर्ग के काफी लोग आये हैं, कांग्रेस आपको आदिवासी कहती है और भाजपा, नरेन्द्र मोदी, अमित शाह आपको वनवासी कहती है। आदिवासी मतलब इस देश की जमीन के पहले मालिक जिनका जमीन पर, जल पर, जंगल पर और देश के धन पर पहला हक बनता है। वनवासी का मतलब वो लोग जो जंगल में रहते हैं। वनवासी शब्द के पीछे एक विचारधारा है। जो आपका इतिहास है, आपकी भाषा है आपके जीने का तरीका है उसको ये लोग मिटाने की कोशिश करते है। भाजपा की सोच है वनवासियों को न जमीन का न जल का अधिकार मिलना चाहिए। आदिवासियों का मतलब आप देश के मालिक हो और आदिवासियों का देश की जमीन, जल और धन पर अधिकार बनता है। ये विचारधारा की लड़ाई है देश में आपकी जगह कहां होना चाहिए उस बात की लड़ाई है।

राहुल गांधी ने कहा कि मैंने पता लगाया कि हिंदुस्तान की सबसे बड़ी कंपनियों में उनमें मालिक आदिवासी कितने हैं, हिंदुस्तान की दो सौ बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालो आपको वहां एक आदिवासी नाम नहीं मिलेगा। यहां प्रेस के मित्र हैं, मीडिया की लिस्ट, टीवी पर एंकर हैं उनमें एक आदिवासी नहीं है। कॉरपोरेट सेक्टर में एक आदिवासी नहीं मिलेगा। हिंदुस्तान की सरकार 90 अफसर चलाते हैं तो मैंने पता लगाया कि 90 अफसरों में केवल एक अफसर और आपकी आबादी 8 प्रतिशत है लेकिन देश में आपकी भागीदारी नहीं है। यदि 100 रू. खर्च होता है तो आदिवासी अफसर की 10 पैसे की आपकी भागीदारी है। यह लड़ाई है, यह फर्क है भाजपा और कांग्रेस में। हम कानून लाये, पेसा कानून

लाये, जमीन अधिग्रहण बिल लाये, ट्राइबल बिल लाये आपको अपना अधिकार देने के लिए।

राहुल गांधी ने कहा कि इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने आपको अपनी जमीन वापिस दी, जमीन का हक आपको दिया और यह हम करते रहे हैं। भाजपा को जहां भी मौका मिलता है आदिवासियों की जमीन छीन कर अदानी और अंबानी के नाम कर देते हैं। आदिवासी युवा पर भाजपा के लोग पेशाब कर रहे हैं और वीडियो बनाकर उसे वायरल कर रहे हैं, यह उनकी विचारधारा है। चुनाव का समय है हमने अभी मेनिफेस्टो बनाया, हमने उसमें तीन, चार क्रांतिकारी काम आदिवासी वर्ग के लिए किये हैं। जिससे आपकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल जायेगी।

श्री गांधी ने कहा कि सबसे पहले हिंदुस्तान के जो गरीब लोग है और उसमें बहुत सारे आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के हैं। हर एक गरीब परिवार को उसमें से हम एक महिला को चुनेंगे और उस महिला के बैंक अकाउंट में साल के एक लाख रूपये हम डालेंगे। यानि हर महीने महिला के बैंक अकाउंट में हजारों रूपये देंगे। आशा और आंगनबाडी महिलाएं आदिवासी, पिछडे वर्ग दलित को जो आज पैसा मिलता है कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उस पैसे को दोगुना किया जायेगा। युवाओं को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि मप्र में देश से सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। नरेन्द्र मोदी ने नोटबंदी की, अदानी अंबानी के व्यवसाय बचे हैं और छोटे व्यवसाय बंद होते जा रहे है। युवा कहते हैं हमें रोजगार चाहिए तो रोजगार कैसे मिलेगा। हिंदुस्तान की सरकार में तीस लाख सरकारी भर्तियां हैं, लेकिन भाजपा के लोग आपको भर्ती नहीं करते। मजदूरी करवाते हैं, आपसे मजदूरी करवाते हैं, कंट्रिक्ट पर नौकरी देते हैं।

श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर ये तीस लाख नौकरी आपके हवाले कर देंगे। अमीर घर के बच्चे अप्रेंटिसशिप कर रोजगार पाने से पहले अलग अलग कंपनियों में जाकर ट्रेनिंग लेते हैं और ट्रेनिंग के लिए इनको पैसे मिलते हैं। मनरेगा के तहत हमने 100 दिन का रोजगार सालों पहले योजना लाकर गरीबों को रोजगार दिया। हिंदुस्तान के हर युवा को एक साल की और साल का एक लाख रूपये और एक साल का अप्रेंटिसशिप का अधिकार हम आपको देने जा रहे हैं। यदि वह अच्छा काम करेगा तो वहीं उसको नौकरी भी मिलेगी। पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाया जायेगा।

प्रधानमंत्री किसान बिल लाये, लाखों किसान सड़कों पर उतरे और किसानों ने कानून का विरोध किया। किसान चाहता है कि हमें फ्री गिफ्ट नहीं चाहिए, हम जो खून पसीने से उगाते हैं उसका सही दाम चाहिए। हमने अपने घोषणा पत्र में बताया कि किसानों का कर्जा माफ होगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज मिलेगा। नरेन्द्र मोदी किसानों के लिए जो फसल बीमा योजना लाये हैं उसका पूरा पैसा 16 कंपनियों को जाता है। हम नई योजना लायेंगे और आपकी बीमा राशि हम तीस दिन के अंदर दिलवायेंगे, ये हमारे वादे है। और भी वायदे हैं लेकिन ये हमारे सबसे बड़े वादे है। उन्होंने कहा कि युवा हमसे कहते थे राहुल जी हमने सालों नौकरी की तैयारी की, ट्यूशन का पैसा दिया, जिस दिन एग्जाम होता है उस दिन हमें पता लगता है कि बच्चों ने पैसा देकर पेपर खरीद लिया हम इसे बंद करेंगे।

छठवें शिड्डल के बारे में बताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जो लोकल सरकार होती है वह ही वहां के सभी निर्णय लेती हैं। हमने निर्णय लिया है कि आदिवासियों को दिल्ली से नहीं, भोपाल से नहीं चलाया जायेगा, लोकल एरिया पर आदिवासियों की सरकार को चलाया जायेगा। आदिवासियों की जहां भी 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी है, वहां की सरकार यह निर्णय जारी करेगी कि आपको दिल्ली से कोई निर्णय लेने की आवश्यकता नहीं है। अजा, अजजा की स्कालरशिप को हम दोगुना करने जा रहे हैं। जहां भी सरकारी नौकरियां होती हैं वहां कंट्रिक्ट पर लिया जाता है, और जब भी चाहते हैं बाहर कर दिया जाता है। हमने निर्णय लिया है कंट्रिक्ट की नौकरियों को हम बंद कर देंगे और परमानेंट नौकरी आपको दी जायेगी। आदिवासियों के जमीनों के हक हम एक साल के अंदर देंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव दो विचारधाराओं का है। एक तरफ नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान के दो-तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं दूसरी तरह कांग्रेस पार्टी किसानों, महिलाओं, युवाओं दलितों, गरीबों, पिछड़ों के लिए काम करती है। नरेन्द्र मोदी के पास 22 अरबपति लोग है, उन्होंने इनको इतना अमीर बना दिया जितना 70 करोड़ जनता के पास धन है। मोदी ने युवाओं की शिक्षा, मजदूरों, छोटे दुकानदारों का कर्जा माफ नहीं किया मगर अरबपति 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रूपये माफ किया है, 24 साल का मनरेगा का पैसा 20-22 लोगों को माफ कर दिया। दो हिंदुस्तान बन रहे हैं एक अरबपतियों का और दूसरा हिंदुस्तान के गरीब लोग जिनको न कोई रोजगार मिल रहा है न कोई योजना का लाभ। हम चाहते है कि अरबपतियों का कर्जा माफ हो तो गरीबों, मजदूरों, आदिवासियों का भी माफ हो।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह एक ऐसी धरती है जिसमें आदिवासी भावना के साथ देश भक्ति की भावना भरी पड़ी है। देश की एकता, प्यार , भाईचारा का संदेश के लिए राहुल जी 4000 किलोमीटर पैदल चले ऐसे नेता हमारे बीच में हैं, हम उनका स्वागत करते है। इस बार मंडला की सीट कांग्रेस पार्टी की झोली में आयेगी में ऐसा आश्वस्त करता हूं।

इस अवसर पर मंडला और शहडोल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी ओमकार मरकाम और फुंडेलाल मार्को, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार , पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह, पूर्व मंत्री एन.पी. प्रजापति, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, अभा कांग्रेस के सचिव संजय कपूर सहित वरिष्ठ नेतागण, स्थानीय नेतागण, कांग्रेसजन और हजारों की संख्या में जनसैलाब उपस्थित था।

लोकसभा निर्वाचन की घोषणा के बाद से सुविधा पोर्टल के जरिये 1668 अनुमतियां जारी की गयी

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन की घोषणा और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से अब तक सुविधा पोर्टल के जरिये राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार की कुल 1668 अनुमतियाँ जारी की गई हैं।

सुविधा पोर्टल स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखने और सभी को समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित एक तकनीकी व्यवस्था है। सुविधा पोर्टल ने चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से अनुमति और सुविधाओं के आवेदन प्राप्त करने और उन पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया को बेहद सुव्यवस्थित बना दिया है। चुनाव अवधि के महत्व को देखते हुए, जहां पार्टियों और उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए निरंतर गतिविधियों में संलग्न होते हैं, वहां सुविधा पोर्टल फर्स्ट इन फर्स्ट आउट सिद्धांत पर पारदर्शी रूप से विभिन्न प्रकार के अनुमति आवेदनों का त्वरित निवारण करता है। इस पोर्टल के जरिये रैलियों के आयोजन, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, घर-घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट देने सहित पर्चे बांटने की अनुमति भी दी जाती है।

सुविधा पोर्टल

सुविधा पोर्टल (https://suvidha.eci.gov.in) के माध्यम से राजनीतिक दल और उम्मीदवार किसी भी समय, कहीं से भी अनुमति आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सभी हितधारकों को समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ऑफ़लाइन सबमिशन का विकल्प भी उपलब्ध है। सुविधा का एक सहयोगी ऐप भी है, जो आवेदकों को वास्तविक समय में उनके आवेदनों की स्थिति को ट्रैक करने में सक्षम बनाता है। इससे प्रक्रिया में और अधिक सुविधा और पारदर्शिता आती है। यह ऐप आईओएस और एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

सुविधा प्लेटफ़ॉर्म न केवल चुनाव प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाता है, बल्कि आवेदनों के निराकरण की समय-सीमा पर नज़र रखने, स्थिति अपडेट और एसएमएस के माध्यम से संचार प्रदान करके पारदर्शिता भी सुनिश्चित करता है। इसके अलावा इस पोर्टल पर उपलब्ध अनुमतियों का डेटा, चुनाव व्यय की जांच के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में भी कार्य करता है।

दूसरे चरण के 7 लोकसभा क्षेत्र में 88 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिये भरे गये नाम निर्देशन पत्रों की वापसी प्रक्रिया के बाद अब 88 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में हैं। नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार को 5 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिये।

श्री राजन ने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-6 टीकमगढ़ (अजा) में 7 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-7 दमोह में 14 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-8 खजुराहो में 14 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-9 सतना में 19 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-10 रीवा में 14 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-17 होशंगाबाद में 12 अभ्यर्थी एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-29 बैतूल (अजजा) में 8 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गये हैं। इन अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। दूसरे चरण के लिए शुक्रवार, 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

भाजपा प्रत्याशी ने की आयोग से पटवारी की शिकायत

भोपाल। प्रदेश के उज्जैन जिले भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी एवं सांसद अनिल फिरोजिया ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की शिकायत निर्वाचन आयोग से की है। श्री फिरोजिया ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के पास कोई भी मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए नागरिकों को गुमराह करने के लिए झूठी जानकारी दी जा रही है। सांसद ने कहा कि जिन कांग्रेस नेताओं को जनता ने नकार दिया वे अब भ्रम फैला रहे हैं। फिरोजिया



का कहना है कि गत विधानसभा चुनाव में जीतू पटवारी, दिलीप गुर्जर व महापौर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार को जनता ने बुरी तरह नकार दिया था। निर्वाचन आयोग से मांग की है कि पटवारी को चुनावी सभाओं में प्रतिबंधित कर कार्रवाई की जाए। विधिक कार्रवाई के तहत पटवारी को मानहानि का नोटिस भी देंगे। उज्जैन लोकसभा चुनाव में भाजपा के सांसद प्रत्याशी व वर्तमान सांसद अनिल फिरोजिया ने एक वक्तव्य जारी कर यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कह रहे हैं कि मैंने ऑपरेशन करवाकर वजन कम किया है। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे इसे साबित करें। फिरोजिया ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता गडकरी द्वारा प्रेरित किए जाने पर उज्जैन के विकास के लिए समर्पित होकर स्वयं का वजन कम कर उज्जैन जिले व संपूर्ण क्षेत्र के लिए विकास का कार्य मेरे द्वारा किया गया है। खाचरौद जनपद में 16 करोड़ रुपये के कार्य हुए हैं। जीतू पटवारी द्वारा झूठ बोलने एवं भ्रामक जानकारी फैलाने को लेकर रविवार को निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। मांग की है कि झूठ व गुमराह पूर्ण वक्तव्य के लिए पटवारी को चुनाव अवधि में प्रतिबंधित कर कार्रवाई की जाए। वहीं, मानहानि की विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।अनिल फिरोजिया ने कहा कि पटवारी तो कांग्रेस पार्टी के लिए ही गलत साबित हुए हैं। उनके कार्यकाल में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुये भ्रष्टाचार में फरार आरोपियों पर किया गया 30,हजार रूपये का ईनाम घोषित

भोपाल। राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मे हुये भ्रष्टाचार में थाना गाँधीनगर जिला भोपाल में 1. तत्कालीन कुलपति सुनील कुमार गुप्ता पिता सेवकशरण गुप्ता निवासी- डी 29 74 बंगला थाना टीटीनगर भोपाल , 2. प्रोफेसर राकेश कुमार राजपूत पिता बंशीधर निवासी बीपी 01 लेकपर्ल गार्डन एयरपोर्ट रोड लालघाटी भोपाल 3. ऋषिकेश वर्मा पिता स्व. बीडी वर्मा निवासी -18 चिनार उपवन दानिश नगर होशंगाबाद रोड भोपाल के विरूध्द अपराध क्रमांक 57/2024 धारा 420 ,467,468, 120(बी) , 409 भादवि एवं 7,13(1)(ए),13(2) भ्रष्टाचार अधिनियम एवं (संशोधित अधिनियम 2018) पंजीबध्द कर विवेचना की जा रही है । प्रकरण में फरार आरोपियों की सम्पति कुर्की हेतु माननीय न्यायालय में धारा 82 , 83 द.प्र.स. हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है एवं प्रकरण में अन्य आरोपी कुमार मयंक, रामकुमार रघुवंशी, सुनील रघुवंशी को गिरफ्तार किया गया है एवं कुमार मयंक से 6,60,000/- रूपये स्वंय से , 15,68,348/- रूपये एसबीआई एकाउण्ट , 94,492/- रूपये जीवन फॉईनेंस बैंक , 1,04,000/- रूपये एक्सेस बैंक , 34,71,375 /- रूपये आरबीएल बैंक के फ्रीज कराये गये है।

रामकुमार रघुवंशी, सुनील रघुवंशी पुलिस रिमाण्ड पर है, एवं प्रकरण सदर में उक्त तीनों फरार आरोपियों की तलाश हेतु तीन टीम बना कर आरोपियों के सम्भावित ठिकानो पर दबिश दी जारी है, इस संबंध में उक्त तीनों फरार आरोपियों के विरूध्द पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा उद्घोषणा कर 30,000/- रूपये का ईनाम घोषित किया गया है।

उक्त फरार आरोपियों का पता कर सूचना देने वाले एवं गिरफ्तार करने / कराने वाले व्यक्ति को उपरोक्त घोषित राशि से पुरूष्कृत किया जायेगा । सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम सर्वदा गोपनीय रखा जायेगा।

रेड्डीबुक डॉट क्लब वेबसाइट के जरिये ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले अंतर्राज्यीय सटोरिये गिरफ्तार

4 लेपटॉप, 27 मोबाईल फोन, 15 सिमकार्ड, 19 पासबुक, 26 चेकबुक, 48 एटीएम कार्ड, 5 रजिस्टर जप्त

भोपाल। कोलार थाना पुलिस ने इलाके की पॉश कॉलोनी कैंपस विराशा हाइट्स के एक फ्लैट पर रेड मारते हुए रेड्डीबुक डॉट क्लब के जरिये ऑनलाइन सट्टा खिला रहे 10 अंर्जराज्यीय सटोरिये को गिरफ्तार किया है, वहीं दो आरोपी फरार हो गये जिनकी धरकपड़ के प्रयास किये जा रहे है। पकड़े गये आरोपी रीवा, बिहार और ओडिशा के रहने वाले हैं। आरोपियो ने फ्लैट को किराए पर केवल ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के लिये लिया था।

आरोपियों के खिलाफ

धारा 109, 419,420, 34 भादवि 3/4 पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट के तहत मामला कायम कर आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोलार इलाके की पॉश कॉलोनी विराशा हाइट्स के फ्लैट नंबर एन-303 में संदिग्ध लोगों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। खबर मिलने पर पुलिस टीम ने सुबह के समय उस फ्लैट पर दबिश दी। दरवाजा ख्-खुलवाने पर फ्लैट में 10 युवक नजर आये। आरोपियो के कब्जे से पुलिस ने 4 लेपटॉप, 27 मोबाईल फोन, 15 सिमकार्ड, 19 पासबुक, 26 चेकबुक, 48 एटीएम कार्ड, 6 लेपटॉप चार्जर, 8 मोबाईल चार्जर, 1 वाईफाई राउटर, 5 ऐसे रजिस्टर जिसमे खातो की जानकारी और आनलाईन सट्टे का हिसाब किताब तारीख के हिसाब से दर्ज है। वहीं आरोपियों के पास मौजूद खाती में लाखो रुपये को जप्त किया गया है। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने खुलासा किया कि वह रेड्डीबुक डॉट क्लब के जरिये ऑनलाइन सट्टा खिलाते है। आरोपियों द्वारा फर्जी तरीके से सिम जुटाई जाती थीं। इसके बाद वह अलग-अलग शहरों के लोगों से उनके बैंक खाते किराए पर लेते हैं। जालसाजी रेड्डीबुक डॉट क्लब के जरिये से ग्राहको का डाटा दिया जाता। इसके बाद अलग-अलग सिम से फोन कर फर्जी नाम बताकर लोगो को 2 से 3 गुना प्रॉफिट का लालच देकर वेबसाइट पर अलग-अलग खेलों में दांव लगवाते हैं। जाल में फसें ग्राहको से रकम को किराए पर लिए गए या खरीदे गए बैंक एकांउट में ट्रांसफर कराया जाता था। बैंक एकांउट जमा रकम को निकालकर गिरोह के मास्टरमाइंड रायपुर, छत्तीसगढ़ निवासी विक्की मित्तल और उसके साथी अनिल लालवानी को भेजी जाती है। पकड़े गये आरोपियो की पहचान सूरज साकेत पिता रामहर्ष साकेत (32) निवासी ग्राम पहिलपार जिला रीवा, बद्रीप्रसाद साकेत पिता शंभू प्रसाद साकेत (32) निवासी ग्राम पहिलपार जिला रीवा, अरूण कुमार साक्य पिता रामकृपाल (28) निवासी ग्राम पहिलपार जिला रीवा, राकेश नाग यादव पिता कृष्णानाग यादव (19) निवासी ग्राम,तह पदमपुर जिला बरगढ उडीसा, विनोद कुमार पिता महेन्द्र साहिनी (35) निवासी ग्राम बनीर थाना नानपुर जिला सीतामणी बिहार, पंकज साकेत पिता सुरेश साकेत (22) निवासी ग्राम ग्राम पहिलपार जिला रीवा, सुदीप साकेत पिता रतीपाल साकेत (22) निवासी ग्राम लोरी नंबर 02 तहसील मनगवां जिला रीव, प्रदीप साकेत पिता रामसुमेर साकेत (24) निवासी ग्राम भदावर जिला रीव, कुलदीप साकेत पिता रामप्रताप साकेत (20) निवासी ग्राम पहिलपार तह,जिला महुगंज और दिलीप साकेत पिता बुद्धिलाल साकेत (22) निवासी ग्राम बंधवा भाईबाट तहसील नईगढी थाना नईगढी जिला रीवा म.प्र.के रुप में हुई है। सट्टा गिरोह का संचालक विक्की मित्तल निवासी रायपुर छत्तीसगढ और उसका साथी अनिल लालवानी है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

जीतू पटवारी का स्वभाव झूठ बोलकर चरित्र हत्या करने का है

भोपाल। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी राहुल गांधी के पक्के चेले है। राहुल गांधी को हिन्दी नहीं आती और जीतू पटवारी को गिनती नहीं आती इसलिए उन्हें कांग्रेस में मची भगदड़ को वह नही गिन पा रहे है। 336 का जो आंकड़ा जीतू पटवारी बता रहे हैं उतनी संख्या से ज्यादा तो सिर्फ जनप्रतिनिधि जैसे विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद सदस्य, पार्षद भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति, नेतृत्व व नियत से प्रभावित होकर भाजपा में सम्मिलित हुए है। 6 अप्रैल को बूथों पर 2,82,242 नए लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं न्यू ज्वॉनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम

मिश्रा ने भाजपा प्रदेष मीडिया सेन्टर में पत्रकार-वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही।

कांग्रेस में भगदड़ की स्थिति

डॉ. मिश्रा ने कहा कि जीतू पटवारी ने अगर एकला चलो की नीति को छोड़कर अपने वरिष्ठ कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंगार जैसे लोगों से चर्चा कर ली होती तो शायद आज वह मजाक का पात्र नहीं बनते। यह जीतू पटवारी की नेतृत्व क्षमता पर प्रष्न चिन्ह है कि क्यो उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में लाखों की संख्या में लोग कांग्रेस छोड रहे है। भाजपा में जाने वालों की जितनी सख्या उन्होंने बताई है उतनी तो एक-एक नेता एक दिन में गाड़ियां लेकर आ रहा है। कांग्रेस की हालात आज हो रही है उसके एक बड़े जिम्मेदार जीतू पटवारी है।

जीतू पटवारी का स्वभाव झूठ बोलने का है

डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि अकेले छिंदवाड़ा से जितने संख्या में कांग्रेसी भाजपा में आये है वह अपने आप में रिकार्ड है। जीतू पटवारी का स्वभाव ही झूठ बोलकर चरित्र हत्या करने का रहा है। जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस में जनजाति समुदाय का भी अपमान हो रहा है इसलिए हम यह देख रहे है कि नेता प्रतिपक्ष होने के बावजूद उमंग सिंगार कांग्रेस के प्रचार अभियान से गायब है। यही सोच इतिहास में भी तत्कालिन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की भी थी जिससे परेषान होकर उमंग सिंगार की बुआ स्वर्गीय जमुनादेवी ने सार्वजनिक मंचों से कहा था कि "मैं दिग्विजय सिंह की भटटी में जल रही हूं"।

मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा

भोपाल। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मीडिया कव्हरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा। टीवी चैनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 10 अप्रैल को अनूपपुर, कटनी और जबलपुर प्रवास पर रहेंगे

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 10 अप्रैल 2024 को अनूपपुर, कटनी और जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार श्री पटवारी बुधवार, 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात श्री पटवारी दोपहर 12 बजे भोपाल से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे पुष्पराजगढ़ ग्राम दमेहडी पहुंचेंगे और वहां कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री पटवारी हेलीकाप्टर से दोपहर 2.30 पुष्पराजगढ़ से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे बड़वारा पहुंचेगे जहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री पटवारी शाम 4 बजे बड़वारा से प्रस्थान कर शाम 5 बजे जबलपुर पहुंचेंगे और वहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात श्री पटवारी रात्रि 9 बजे कार द्वारा जबलपुर से प्रस्थान कर रात्रि में भोपाल पहुंचेंगे।

आज पंजाब किंग्स और सनराइजर्स के बीच होगा मुकाबला

मोहाली। पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमों के बीच मंगलवार को यहां अहम मुकाबला होगा। आईपीएल के 17 वें सत्र में होने वाले इस मैच में जीत के लिए दोनो ही टीमें अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। दोनो ही टीमें अपने पिछले मैच में जीती थीं जिससे भी उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। दोनो का ही लक्ष्य ये मैच जीतकर अंकतालिका में अपना स्थान बेहतर करना होगा। इस सत्र में अब तक सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में दो-दो मुकाबले जीते हैं जबकि अन्य दो में दोनो को ही हार मिली है। ऐसे में दोनो के ही बराबर-बराबर चार-चार अंक हैं। अब दोनों की ही नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने की रहेंगी। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस सत्र में अब तक

उसके नाम सबसे अधिक स्कोर का भी रिकार्ड है। वहीं पंजाब की टीम के बल्लेबाज इस बार लय में नजर नहीं आये हैं। सनराइजर्स के पास पास अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे आक्रमक बल्लेबाज हैं। इन बल्लेबाजों ने अब तक के मैचों में शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया है। वहीं पंजाब की ओर से अब तक के मैचों में शिखर धवन के अलावा अन्य सभी खिलाड़ी विफल रहे हैं। जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन के रुप में उसके पास बड़े खिलाड़ी है पर से अब तक रन नहीं बना पाये हैं। इसके अलावा प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा का प्रदर्शन भी उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। दोनों ही टीमों की गेंदबाजी कमजोर है जिसका लाभ उनके बल्लेबाज उठाना चाहेंगे।

पंजाब की टीम के गेंदबाजों को डेथ ओवरों में संघर्ष करना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाजों ने नई गेंद से काफी रन लुटाये हैं। पंजाब की ओर से अबतक दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट लेकर सबसे बेहतर गेंदबाज रहे हैं। डेथ ओवरों के मुख्य गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के कमजोर प्रदर्शन से टीम की परेशानियां बढ़ी हैं। उसके लेग स्पिनर राहुल चाहर ने भी काफी रन दिये हैं। हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर सनराइजर्स की बात करें तो जयदेव उनादकट, मयंक मारकंडे और भुवनेश्वर कुमार प्रभावहीन साबित हुए हैं। इनकी गेंदों पर जमकर रन बने हैं। वहीं तेज गेंदबाज भुवनेश्वर को भी नई गेंद से संघर्ष करना पड़ा है। इसके अलावा दो मैच से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले टी नटराजन ने भी अब तक चार विकेट लिए हैं। अब तक चार मैच में पांच विकेट लेने वाले कप्तान पैट कमिंस का भी प्रदर्शन अच्छा रहा है पर उन्हें अन्य गेंदबाजों से सहयोग नहीं मिला है। कुल मिलाकर ये मैच रोमांचक होने की उम्मीद है क्योंकि टक्कर बराबरी की नजर आ रही है। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैचों में से सनराइजर्स ने तीन जबकि पंजाब ने दो जीते हैं। पंजाब को हालांकि घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं ः

सनराइजर्स हैदराबादः पैट कमिंस (कप्तान),जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

पंजाब किंग्सः शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

श्रेयसी सहित ये तीन निशानेबाज अब ओलंपिक टिकट के लिए दोहा क्वालीफायर में उतरेंगे

19 से 29 अप्रैल तक होगा क्वालीफाइंग टूर्नामेंट

दोहा। भारतीय निशानेबाज श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान के अलावा गनेमत सेखों के पास अब ओलंपिक क्वालीफाई करने अंतिम अवसर है। ये तीनों ही निशानेबाज अब दोहा में अगले माह होने वाली क्वालीफाइंग स्पर्धा में उतरेंगे। इस प्रतियोगिता में चार कोटा तय होंगे। इसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा शामिल रहेगा। दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक ये क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। इसमें 12 सदस्यीय भारतीय शॉटगन टीम में श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान और गनेमत सेखोंच को भी शामिल किया गया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने जुलाई अगस्त में होने वाले ओलंपिक से पहले कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए टीम की घोषणा की। भारतीय पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर और मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और गनेमत और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले नियमित निशानेबाज हैं। पुरुषों की ट्रैप प्रतियोगिता के लिए जोरावर संधू, महिलाओं की ट्रैप में नीरू, पुरुष स्कीट में अंगद बाजवा और महिला स्कीट में अरीबा खान को भी पेरिस कोटा हासिल करने का मौका मिलेगा।

दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी की जगह लिजाड को शामिल किया

मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को अपनी टीम में शामिल किया है। इससे पहले हैरी निजी कारणों से टूर्नामेंट से हट गये थे। लिजाड को दिल्ली ने 50 लाख रुपये के आधार मूल्य पर अपने साथ जोड़ा है। वह पहली बार आईपीएल में खेलते हुए दिखेंगे। वहीं इससे पहले हैरी दादी के निधन के कारण आईपीएल से हट गए थे। साल 2021 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से अब तक लिजाड ने दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेला है।

पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं भाला फेंक खिलाड़ी जेना

नई दिल्ली। भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना का लक्ष्य आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। जेना ने पिछले साल अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 78.05 मीटर से बढ़ाकर 87.54 मीटर किया था जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। वह 10 मई को डायमंड लीग के दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। वह 28 मई को ओस्ट्रावा, चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक और सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में भाग लेंगे। इस खिलाड़ी ने कहा कि डायमंड में बेहतर प्रदर्शन पर उनकी नजरें इसलिए लगी हुई हैं क्योंकि इससे मनोबल बढ़ता है।

इस खिलाड़ी ने साथ ही कहा कि आजकली देश में सभी प्रकार की सहायता एथलीटों को मिल

रही है। जेना ने कहा, देश में अब खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अब सफलता के लिए केवल उन्हें अपने पर भरोसा रखना होगा। जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अपनी विचार धारा में सुधार करना होगा। उन्हें ये समझना होगा कि वे किसे से भी पीछे नहीं हैं।

जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को यह सोचने की जरूरत है कि वे किसी ने कम नहीं है क्योंकि देश में एथलीटों के लिए अभी पर्याप्त सुविधाएं हैं। जेना ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत ही वह पिछले दो माह तक गोल्ड कोस्ट में 35-दिवसीय प्रशिक्षण के लिए गये थे। उन्होंने कहा कि गोल्ड कोस्ट में प्रशिक्षण के अनुकूल मौसम के अलावा ऐसा कुछ भी नहीं था जो भारत में उन्हें नहीं मिल सकता था। जेना ने कहा, '' हमारे पास यहां सब कुछ है, मैंने एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण लिया जहां सुविधाएं विश्व स्तरीय हैं। इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण काफी अच्छी तरह से खिलाड़ियों का ध्यान रखता है। खिलाड़ियों को सभी प्रकार की आर्थिक सहायता भी मिल रही है। उन्होंने कहा, '' हमारे एथलीट किसी मामले में कम नहीं हैं केवल उन्हें अपनी क्षमताओं पर भरोसा करना होगा।''

टी20 विश्व कप 2024 के लिए शिवम पर नजर रखें चयनकर्ता - इरफान पठान

नई दिल्ली। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने चेन्नई सुपरकिंग्स के ऑलराउंडर शिवम दुबे की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह स्पिनरों पर किसी प्रकार की दया नहीं दिखा रहा है। इरफान ओर युवराज का मानना है कि जिस प्रकार शिवम स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक शॉट खेल रहा है उससे वह उनका काल नजर आता है। शिवम की इस बल्लेबाजी को देखते हुए पठान ने चयनकर्ताओं से कहा है कि वे आगामी टी20 विश्व कप के लिए शिवम पर नजर रखें। पठान को लगता है कि शिवम दुबे टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया के लिए गेम चेंजर साबित होगा। जहां तक स्पिन के खेलने का सवाल है तो इस समय शिवम सबसे आगे हैं। ऐसे में

विश्वकप के लिए चयनकर्ताओं को इसपर नजर रखनी चाहिए।

पठान ने कहा, 'स्पिन को अभी भारतीय क्रिकेट में फिलहाल इससे ज्यादा निर्दयी तरीके से कोई भी बल्लेबाज नहीं मारता। यहां तक की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी इस प्रकार कोई नहीं खेल रहा है। ये कमाल केवल शिवम ही कर रहा है।'

शिवम ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में 24 गेंदों पर 45 रन बनाए जिसमें 2 चौके और 4 छक्के शामिल थे। शिवम ने इस आईपीएल की चार पारियों में एक अर्धशतक के साथ ही 148 रन बनाए हैं जिसमें 51 रन उनका सबसे अच्छा स्कोर है। अभी वह 160.86 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। इस बल्लेबाज ने अभी तक मिले अवसरों का पूरी तरह से लाभ उठाया है। वहीं युवराज का भी मानना है कि शिवम अभी जिस प्रकार से खेल रहा है। उसे देखकर मुझे लगता है कि उसे टी20 विश्व कप स्क्वॉड में होना चाहिए।

मुंबई ही नहीं आरसीबी ओर दिल्ली ने भी लगायी है हार की हैट्रिक

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीए) में इस बार मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दक पंड्या को शुरुआती तीन मैचों में लगातार हार मिली। उनके अलावा कप्तान फाफ डू प्लेसी की रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) भी लगातार तीन मैच हारी है। इसके अलावा ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स को भी लगातार हार का सामना करना पड़ा है। इस बार के आईपीएल में अब तक केवल दो टीमें ही ऐसी हैं जिनको अब तक हार नहीं मिली है। अंक तालिका में पहले नंबर पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है जिसने लगातार चार मैच जीते हैं। वहीं दूसरे नंबर पर कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम है जिसके खाते में तीन में से जीत दर्ज है। वहीं पहली हार के बाद जीत की हैट्रिक लगाने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स तीसरे स्थान पर है।

चौथे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम है जिसने 4 मैच खेलकर दो में जीत और दो मुकाबले में हार का सामना किया है। वहीं 5वें नंबर पर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम है जिसने 4 मैच में 2 जीत दर्ज की है। पंजाब किंग्स ने भी 4 में से दो जीत हासिल की है और छठे स्थान पर है। गुजरात की टीम इस वक्त अंक तालिका में 7वें नंबर पर है। अंक तालिका में मुंबई आठवें और आरसीबी 9वें नंबर है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की टीम अंतिम स्थान पर है।

जॉन्टी रोड्स ने की रवि बिश्नोई के कैच की तारीफ

लखनऊ । लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच जॉन्टी रोड्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए मैच में रवि बिश्नोई के कैच की जमकर प्रशंसा की है। रवि ने इस मैच में गुजरात के केन विलियमसन का हवा में छलांग लगाकर एक बेहतरीन कैच पकड़ा। मैच के बाद टीम के कोच रोड्स ने कहा कि रवि मैदान पर काफी प्रयास करते हैं। आईपीएल ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें रोड्स के साथ बिश्नोई भी दिखाई दे रहे हैं। रोड्स ने कहा, बिश्नोई जैसे खिलाड़ी ने काफी अभ्यास किया है। वह अभ्यास में हमेशा उपलब्ध रहे हैं। अगर हम मैदान पर रहे तो वह हर दिन कैच लेता था। उसने अपनी गेंदबाजी में भी सुधार किया है। जहां तक फील्डिंग की बात आती है तो वह कभी भी डगआउट या ड्रेसिंग रूम में नजर नहीं आता हमेशा ही मैदान पर रहता है। बिश्नोई ने कहा, मैं कैच को लेकर उतना नहीं सोच रहा था। मैं बस गेंद को देख रहा था। मैं छलांक लगाने में सफल रहा। अगर आप प्रयास नहीं करते तो आप नहीं सीख पायेंगे। मुझे जो मंत्र दिए गए थे वो मैंने फॉलो किया और कैच पकड़े। बिश्नोई 8वां ओवर करने के लिए आए थे।

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स, केकेआर अब तक रही हैं अजेय

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 17 वें सत्र में अब तक 10 टीमों में से केवल तीन ही लगातार तीन मैच जीता हैं। इसमें से भी दो टीमें अब तक एक भी मैच नहीं हारी हैं। इनमें से एक है कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स और श्रेयस अय्यर की कोलकाता नाइटरराइडर्स (केकेआर) है। वहीं लखनऊ सुपरजायंटस ने जीत की हैट्रिक लगायी है पर उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। सबसे हैरानी की बात है कि राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन अभी तक टीम इंडिया में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं लेकिन उनकी टीम अभी आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर है।

सैमसन की टीम टूर्नामेंट की पिछली 4 मैच में अजेय रही है। राजस्थान इस इस बार जबरदस्त खेल दिखाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से ही अब तक चार लगातार मैच संजू सैमसन की टीम ने जीते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के अलावा, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को भी राजस्थान ने हराया है।

वहीं केकेआर एक और टीम है कोलकाता नाइटरराइडर्स जिसके खाते में लगातार तीन जीत है. राजस्थान की तरह ही यह टीम अब तक अजेय रही है। वहीं जीत की हैट्रिक लगाने में कप्तान केएल राहुल की लखनऊ सुपर जायंट्स का नाम भी है।पहले मैच में राजस्थान से हारने के बाद लखनऊ ने पंजाब किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने मुकाबले जीते हैं।

भारतीय मूल के अक्षय ने वालेरो ओपन गोल्फ जीता

सेन एंटोनियो। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने वालेरो टेक्सास ओपन गोल्फ खिताब जीता है। अक्षय ने प्ले ऑफ में अपने इस प्रदर्शन की बदौलत अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस प्रकार अक्षय ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। इस खिलाड़ी ने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी बनाने वाले प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पीछे छोड़ा।

इस खिलाड़ी ने चार शॉट की बढ़त के साथ ही दिन की शुरुआत की। इसके बाद वह छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे पर मैकार्थी ने भी जोरदार वापसी की। ऐसे में 72 होल के बाद दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 20 अंडर पहुंच गया। अक्षय ने इसके बाद प्ले ऑफ में पहले अतिरिक्त होल में बर्डी बनाने के साथ ही खिताब जीता।

मयंक की रफ्तार कैसी कम हुई बता नहीं सकता - क्रूणाल

लखनऊ। क्रूणाल पांड्या ने कहा है कि तेज गेंदबाज मयंक यादव की रफ्तार तीसरे मैच में ही कैसी कम हो गयी। ये उन्हें पता नहीं है हालांकि उन्होंने मयंक से बात की है जिससे वह ठीक लगे हैं। मयंक ने पहले दोनो ही मैचों में लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेलते हुए 156 किमी प्रति घंटे की गति से गेंदें फेंकीं थीं पर तीसरे मैच में उनकी गेंदें 140 की रफ्तार से ही आती दिखीं। उन्होंने केवल एक ही ओवर फेंका।

क्रुणाल ने कहा कि वह टीम के लिए भविष्य में एक बेहतरीन गेंदबाज साबित होगा। वह नेट्स पर खूब अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। वह पिछले साल खेलने से रह गया था पर इस साल उसने अच्छी वापसी की है। उसमें अविश्वसनीय संभावनाएं है। यह देखना होगा कि वह वह आने वाले समय में अपने कैसा प्रदर्शन करेगा। मैच को लेकर क्रुणाल ने कहा कि जब मैं अंदर गया तो मैंने कुछ गेंदें खेलीं, मैंने पूरन से भी बातचीत की, विकेट बहुत अच्छा था। हमें लगा कि हमने 10 से 15 रन कम बनाये हैं।

क्रुणाल ने कहा कि मैं बल्लेबाजों की ताकत और कमजोरियों को जानना पसंद करता हूं, उसके अनुसार गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं। ऐसा समय कुछ दिनों के लिए आता है और कुछ दिनों के लिए नहीं। मैंने अपनी ताकत का समर्थन किया और अपनी योजनाओं पर कायम रहा, उन दिनों में से एक दिन मैंने जो चाहा उसे पूरा किया। इस स्कोर का बचाव करना बहुत अच्छा लगा।

सूर्यकुमार की वापसी मुम्बई के लिए अच्छी रही

मुम्बई। आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की वापसी मुम्बई इंडियंस के लिए अच्छी रही और उसे पहली जीत मिली है। मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर इस सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। सूर्यकुमार की मैदान पर वापसी से भारतीय टीम प्रबंधन ने भी राहत की सांस ली है क्योंकि वह टी20 विश्वकप के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी हैं।

सूर्यकुमार मुम्बई इंडियंस के खिलाफ इस मैच में हालांकि दो गेंद ही खेल पाये और एक भी रन नहीं बना पाये। सूर्यकुमार दक्षिण अफ्रीका दौरे पर चोटिल हो गये थे और उसी के बाद से ही मैदान से बाहर थे। उनकी इस चोट के लिए सर्जरी भी हुई थी। मुम्बई इंडियंस के लिए इस सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी ओर उसे शुरुआती चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इसी कारण टीम के नये कप्तान हार्दिक पंड्या की भी प्रशंसकों ने जमकर हूटिंग की थी। पंड्या को रोहित शर्मा की जगह पर कप्तान बनाया गया था।

एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले अभ्यास के लिए तुर्की जाएंगे लवलीना सहित चार मुक्केबाज

नई दिल्ली। एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले अभ्यास के लिए मुक्केबाज निकहत, प्रीति पवार, प्रवीण हुडा और लवलीना बोर्गोहेन तुर्की जाएंगे। इस दौरान इन मुक्केबाजों के साथ इनके कोच भी रहेंगे। वहीं पहलवान सुजीत 65 किग्रा, दीपक पूनिया 86 किग्रा और नवीन 74 किग्रा इस माह रूस जाएंगे। इन सभी खिलाड़ियों को खेल मंत्रालय के ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) कार्यक्रम के तहत भेजा जा रहा है। इसमें पूरा खर्च खेल मंत्रालय उठाता है।

इससे पहले खेल मंत्रालय ने इन सभी के विदेश में अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता के आग्रह को स्वीकर कर लिया था। इस योजना का लाभ एथलीट मुरली श्रीशंकर, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और शॉटगन निशानेबाज भवानीश मेंदीरता सहित कई अन्य खिलाड़ियों का भी मिलेगा।

पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले शॉटगन निशानेबाज मेंदीरत्ता बाकू में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए अपने निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ अभ्यास के लिए इटली जाएंगे, जबकि एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता श्रीशंकर सुजोउ दोहा में डायमंड लीग में शामिली होंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा तीन अन्य निशानेबाजों अनंतजीत सिंह नरुका और रायजा ढिल्लों (स्कीट) और राजेश्वरी कुमारी (ट्रैप)तथा पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी पलक कोहली को भी टॉप्स योजना में शामिल किया है। अब इनको भी अभ्यास के लिए मंत्रालय से सभी सहायता मिलेगी। टॉप्स योजना में उन्हीं खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिनसे पदक की उम्मीद रहती है।

शुभमन ने हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया

लखनऊ। गुजरात टाइटन्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के हाथों 33 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इसपर गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने बल्लेबाजों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गुजरात ने सत्र की शुरुआत जीत के साथ की थी पर इसके बाद उसका अभियान पटरी से उतर गया। शुभमन ने कहा कि ये विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा था। इस मैच में ऑल राउंडर मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक 58 रनों के बाद यश ठाकुर के पांच विकेट से लखनऊ ने लगातार तीसरा मुकाबला जीता। यह लखनऊ की गुजरात टाइटन्स पर पहली जीत है। शुभमन ने मैच के बाद कहा, ''मुझे लगता है कि विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा था पर हमारी बल्लेबाजी कमजोर रही। हमने अच्छी शुरूआत की लेकिन बीच के ओवरों में विकेट गिरने से हम उबर नहीं पाये।''

उन्होंने अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा, ''हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए लखनऊ को कम स्कोर पर रोक दिया। इसके बाद हमें जो लक्ष्य मिला वह हासिल किया जा सकता था पर हमारे बल्लेबाज विफल रहे। '' लखनऊ ने स्टोइनिस के अर्धशतक के बाद निकोलस पूरन की नाबाद 32 रन की पारी से पांच विकेट पर 163 रन बनाये। इसके बाद गुजरात टाइटन्स ने अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 54 रन बनाये लेकिन इसके बाद उसके विकेट लगातार गिरने लगे जिससे टीम 18.5 ओवर में 130 रनों पर ही आउट हो गयी।

आरसीबी के खराब प्रदर्शन से निराश कोच फ्लावर बोले, बल्लेबाजों में ऑत्मविश्वास की कमी

जयपुर। रॉयल चैलेंजर बेंगलोर (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने अपनी टीम के खराब प्रदर्शन पर निराशा जतायी है। आईपीएल के इस 17 वें सत्र में आरसीबी को लगातार हार का सामना करना पड़ा है। फ्लावर ने कहा कि इस सत्र में अब तक केवल विराट कोहली ही अच्छा प्रदर्शन कर पाये हैं जबकि अन्य बल्लेबाज फार्म के लिए संघर्ष करते हुए दिखे हैं। कोच ने कहा कि अन्य बल्लेबाजों में आत्मविश्वास की कमी का भी अंदाजा हो रहा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी विराट ने 113 रनों की शानदार पारी खेली पर इसके बाद भी आरसीबी तीन विकेट पर 183 रन ही बना पायी। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स ने जोस बटलर के 58 गेंद में नाबाद 100 रनों की सहायता से मैच जीत लिया।

फ्लावर ने कहा, 'हम पांच में से चार हारे हैं और कोई भी टीम इस प्रकार के हालात नहीं चाहती है।

हमारी बल्लेबाजी में कुछ कमजोरियां हैं। विराट शानदार फॉर्म में हैं पर अन्य खिलाड़ी फार्म के साथ ही आत्मविश्वास हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि वे मजबूत और आत्मविश्वास का अनुभव करें। खिलाड़ियों को विरोधी टीम को दबाव में डालने के लिए फॉर्म और आत्मविश्वास की जरूरत पड़ेगी। हमें अभी तक उस प्रकारा की फॉर्म नहीं मिली है। कोहली ने 72 गेंद की अपनी नाबाद पारी के दौरान 12 चौके और चार छक्के लगाए। इसके अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी 44 रन के अलावा उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला।

प्रधानमंत्री की कड़ी सुरक्षा के लिए पुलिस ने जारी की यातायात की एडवायजरी

शहर में नो एंट्री का समय सुबह 9 बजे से

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बालाघाट आगमन के लिए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के मद्देनजर प्रतिबंधित मार्ग, डायवर्सन मार्ग और पार्किंग स्थलों का यातायात प्लान जारी किया है। नगर के कुछ मुख्य चौराहों से आवगमन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंध सुबह 8 बजे से लागू होगा। जबकि शहर में नो एंट्री का समय सुबह 7 बजे से आगामी आदेश तक निर्धारित किया गया है। इसी तरह बालाघाट आने-जाने वालों भारी व यात्री बस के लिए मार्ग डायवर्ट किये गए है। नगर पुलिस अधीक्षक श्री अंजुल अयंक ने जानकारी देते हुए बताया कि वीआईपी के आवागमन के लिए वीआईपी रूट पुलिस लाइन से जय स्तम्भ चौक होकर,अम्बेडकर चौक से कार्यक्रम स्थल उत्कृष्ट मैदान निर्धारित है। इसके अलावा वीआईपी के भ्रमण कार्यक्रम के संपूर्ण क्षेत्र हेलीपेड से लेकर संपूर्ण मार्ग एवं सभा स्थल आदि



को नो ड्रोन फलाई जोन घोषित किया है। वहीं कार्यक्रम के संपूर्ण क्षेत्र में धारा-144 लागू रहेगी। इसी तरह महाराष्ट्र व छत्तीसगढ राज्य की सीमा में 15 तथा जिलों की सीमा से 09 चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन चैकिंग प्रारंभ की गई है।

इस मार्ग से निकलना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

बालाघाट नगर के वीआईपी आगमन के लिए मोती गार्डन चौक से अम्बेडकर चौक तक आवागमन पूर्णतः बंद किया जाएगा। इसी तरह काली पुतली चौक से अम्बेडकर चौक व जयस्तंभ चौक तक। दुर्गावती चौक से अम्बेडकर चौक। जय स्तम्भ चौक से अवंतीबाई चौक से कालीपुतली चौक-अम्बेडकर चौक-विश्वेश्वरैया चौक-दुर्गावती चौक-जय स्तम्भ चौक-बिरसा मुंडा चौक-अवंतीबाई चौक के मध्य किसी भी प्रकार से आवागमन निरुद्ध किया गया है।

यह रहेगा डायवर्सन मार्ग

मंगलवार को शहर में भारी वाहन प्रवेश नही करेंगे। इसके लिए सरेखा से बैहर रोड होकर आवागमन करेंगे। लांजी-गोंदिया आने-जाने वाली बसें बैहर रोड होते हुए सरेखा बायपास से बस स्टैंड आना-जाना करेगी। इसी तरह सिवनी-नागपुर-वारासिवनी-लालबर्रा आने-जाने वाली बसे बैहर रोड होकर सरेखा बायपास से बस स्टैंड आवागमन करेगी।

यहां कर सकेंगे पार्किंग

पुलिस विभाग द्वारा जारी यातायात प्लान के अनुसार मीडिया के वाहनों की पार्किंग यातायात थाने के सामने नवीन बालक हाई स्कूल ग्राउंड व एमएलबी गर्ल्स स्कूल डाइट ऑफिस के मैदान में रहेगी। वहीं सिवनी, वारासिवनी, लालबर्रा की ओर से आने वाली बसों की पार्किंग सिंचाई कॉलोनी व रेंजर कॉलेज में। जबकि इस मार्ग से आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग चाँदवारी रोड़ में। लांजी, किरनापुर,उकवा बैहर से आने वाली बसों की पार्किंग जागपुर घाट व सरस्वती स्कूल में रहेगी। वहीं इसी मार्ग से आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग पॉलीटेकनिक कॉलेज में पार्किंग होगी। मंडला/ लामता से आने वाले वाहनों की पार्किंग बूढ़ी आईटीआई के मैदान में रहेगी। संबंधित वाहन यात्रियों को अवंतीबाई चौक उतार कर बूढ़ी आईटीआई की ओर रवाना होंगे। इसी तरह मंडला व लामता से आने वाली बसों की पार्किंग बूढ़ी आईटीआई के सामने मैदान में रहेगी। यह पार्किंग भरने पर इस मार्ग से आने वाले वाहनों को छोटी कुम्हारी से डायवर्ट कर धपेरा-मोहगांव-नेवारगांव-कनकी से गर्रा चौक होते हुए पार्किंग सिंचाई कॉलोनी व रेंजर कॉलेज में पार्किंग रहेगी। जबकि इसी मार्ग से आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग भटेरा रोड भवन रोड नवीन विद्यापीठ के सामने एवं पेट्रोल पंप के पीछे मैदान में पार्किंग होगी। इस स्थानों के अलावा किसी भी स्थान पर पार्किंग की अनुमति नही होगी।

लो वोल्टेज की समस्या और बिजली कटौती से परेशान किसानों ने सौंपा ज्ञापन

खैरलांजी/वारासिवनी (पद्मेश न्यूज़)। डोंगरमाली पॉवर स्टेशन के अंतर्गत आने वाले ग्राम घोटी, गुनई, आरंभा, लावनी, सिवनघाट, भेंडारा, बकोड़ी, चिचोली, नोनसा, कन्हड़गांव, अतरी हेटी, पिपरीया, कोथूरना, मोहाड़ी, भानपुर सहित अनेक ग्रामों में प्रतिदिन विद्युत की समस्या से किसान और घरेलू उपभोक्ता काफ़ी परेशान है। सभी लोग लगातार बिजली गुल हो जाना एवं लो वोल्टेज की समस्या से परेशान है। बिजली कटौती से किसान फसल में सिंचाई नही कर पा रहे है। धान को पानी नही मिलने से फसल सुख रही है। इसी प्रकार बिजली कटौती से ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति नही हो पा रही है। लो वोल्टेज के कारण पंखा, टीवी, कुलर, फ्रिज, बल्ब, पानी की मोटर खराब हो रहे है और लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बिजली विभाग के द्वारा ट्रांसफ ार्मर की क्षमता से अधिक कनेक्सन देने से आये दिन लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। विगत वर्ष २०२३ में ग्राम मोहाड़ी में सब स्टेशन स्वीकृत किया है गया है। कुछ कार्य होने के पश्चात अभी तक कोई कार्य चालु

नही हुआ है। अगर समय रहते सब स्टेशन चालु हो जाता है तो किसानों हो रही इन समस्याओं से काफी राहत मिल जाएगी। किसानों ने इस संबंध ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के नाम डोंगरमाली जेई को ज्ञापन सौंपकर सब स्टेशन को तत्काल चालू किए जाने की मांग की है। लो वोल्टेज एवं बिजली कटौती की समस्या जल्द पूरी नही हुई तो किसानों के द्वारा बैलगाड़ी से रैली निकालकर चक्का जाम किया जाएगा। साथ ही मतदान का भी बहिष्कार करने की बात की जाएगी। इस दौरान ज्ञापन सौंपते समय जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, भारत सिंह सिवहरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हेमंत लिल्हारे, घोटी सरपंच नरेंद्र ठकरेले, योगेश सुलकिया, सुरेंद्र दमाहे, गिरीश नगपुरे, योगेंद्र क ु प ग य े , सालिकराम, मनोज मसकरे, कमलेश, देवेंद्र डाहरे, दीपक बसेने आदि उपस्थित रहे।

ग्राम चिचगांव में निकली मतदाता जागरूकता रैली

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय राजा भोज महाविद्यालय कटंगी के द्वारा सप्ताह के पहले दिन सोमवार को गोद ग्राम चिचगांव में जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही कॉलेज परिसर में भव्य मानव श्रृंखला तैयार कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। कॉलेज की निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से यह आयोजन करवाया गया। प्राचार्य अनिल शेंडे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा और स्वीप नोडल अधिकारी डी.ए.रणदा के निर्देश पर यह आयोजन करवाया गया। बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। कॉलेज की तरफ से आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ कुसुमलता उइके, मतदाता जागरूकता प्रभारी डॉ निखहत खान, डॉ आशीष मेश्राम, भिवेन्द्र धुर्वे, प्रणीत चवरे, सतीश गढ़पाल, थानसिंह पारधी, विशाल पटले सहित विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

जराहमोहगांव में नल-ज़ल योजना नहीं बुझा पा रही जनता की प्यास

नांदी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी विकासखंड अंतर्गत क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जराहमोहगांव में नल-ज़ल योजना ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा पा रही है.अप्रैल के शुरुवाती दिनों में ही गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है वहीं जराहमोहगांव की नलजल योजना भी दम तोडते नजर आ रही है.आने वाले दिन संकट भरे होंगे खासकर पेयजल समस्या को लेकर आने वाले दिन हाहाकार मचाने वाले साबित हो सकते हैं.यहां पर नल जल योजना के तहत लगी 4500 लीटर क्षमता की पानी टंकी और लगभग 300 से अधिक नल जल कलेक्शन के बावजूद ग्रामीणों के बीच पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। फिलहाल यहां की पेयजल योजना खड़कपुर घाट से आ रहे नल जल योजना की मोटर पंप में आई तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़ी हुई है तथा इस नल जल मोटर कनेक्शन में चौबीस घंटे वाला बिजली कनेक्शन है और वही बिजली विभाग के द्वारा पीएचई के ट्रांसफार्मर से कुछ किसानों को कनेक्शन दे दिया गया है जिसकी वजह से आयें दिन यहां की मोटरें

जलती है। जिससे गांव में चलने वाली पेयजल योजना बंद हो जाती है।

ग्रामीणों को 3 से 4 किलोमीटर दूर से लाना होता है पीने का पानी

गांव में 30 से 35 हैंडपंप है तथा दर्जन भर से अधिक कुएं है परंतु इनमें से कुछ हेड पंप से ही मीठा पानी निकलता है अधिकांश हेडपंप से खारा पानी निकलता है और फ्लोराइड युक्त पानी निकलता है.वहीं गांव के कुंओ का पानी भी पीने योग्य नहीं है इस स्थिति में ग्रामीणों को पीने के शुद्ध व मीठे पानी के लिए तीन से चार किलोमीटर की दूरी तय कर खेतों से पानी लाना पड़ता है.बारिश व ठंड के दिनों में तो खेतिहर जल स्त्रोतों से काम चल जाता है लेकिन गर्मी के दिनों में जलस्तर नीचे चले जाने के बाद भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

नौ वार्ड में हवा उगल रहे हैंडपंप सबसे ज्यादा पानी के लिए हाहाकार

ग्रामीणों के मुताबिक गांव में मौजूद पी एच ई के हेड पंप कम गहराई का बोर किए जाने से अभी से हवा उगलने लगे है। लगभग सभी हैंडपंप में 7 से 8 ही बोरिंग पाइप डले हुए हैं.जिसके जल स्तर गिरने के बाद हेड पंप दम तोड़ देते हैं। पंचायत के वार्ड क्रमांक 12,13,14,15,16,17,18,19 और 20 में पानी की सबसे ज्यादा समस्या की बनी हुई है.पर्याप्त पानी न मिलने से वार्डवासियों को मजबूरी वश नीम चौक के कुछ वार्ड के नल जल योजना कनेक्शन में बाल्टी व पानी के कैन लेकर जाना पड़ता है। किंतु इन वार्ड नंबर 05 व 06 के नल जल कनेक्शन से पानी में कीड़े व अन्य गंदगी भरा पानी निकलता है। ग्रामीणों के मुताबिक इस संबंध में कई बार पंच सरपंच को समस्या से अवगत कराया गया लेकिन अब तक ना पानी की समस्या दूर हुई और ना ही इसकी कोई गुंजाइश नजर आ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिन वार्डों में बोर का पानी आ रहा है और वहां कुछ वार्डों में नाली के वजह से कीड़े मकोड़े आ रहे हैं ऐसे स्थान पर फिटकरी व अन्य केमिकल डालकर पानी को शुद्ध किया जाए ताकि लोगों को गंदा पानी न मिल पाएं.और बाकी के 09 वार्डों में जो पानी की समस्या बनी हुई है उसे तत्काल समस्या का समाधान किया जाए।

इनका कहना है

जहां से पाइपलाइन गई हुई थी पंचायत के द्वारा वहां नाली निर्माण करवाया गया है वहीं पर नलजल योजना की लाइन लीकेज होने की वजह से कुछ वार्डों में गंदा पानी आ रहा है इस समस्या का निराकरण जल्दी ही कर दिया जायेगा साथ ही मोटर खराब होने की वजह से नलजल योजना बंद थी जो जल्द ही चालू हो जायेगी।

विनोद कुंभरे
उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कटंगी

सुबह से मतदाता जागरूकता के लिए खिलाड़ियों ने मैराथन में लगाये नारे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में मंगलवार सुबह से शहर के युवा खिलाड़ियों और अधिकारियों ने मैराथन रैली के माध्यम से मतदाताओं को संदेश दिया। रैली मुलना स्टेडियम से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर चौक से प्रेमनगर से मोती तालाब से अम्बेडकर चौक से पुनः मुलना स्टेडियम पर समाप्त हुई। रैली के प्रारम्भ में एआरओ गोपाल सोनी ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मैराथन में शामिल खिलाड़ी व अधिकारी नारे लगाते हुए निकले। रैली में खिलाड़ियों ने नारे के साथ वार्म अप कर अच्छा सन्देश दिया। रैली में दिव्यांग स्वीप आइकॉन जीआर घोडेश्वर,कैम्पस एम्बेसेडर रोहिणी खेल अधिकारी केके चौरसिया व जिपं के पीओ विकास रघुवंशी मौजूद रहे।

हाई मास्क लाइट का पिंजरा गिरा नपा कर्मचारी घायल

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी नगर के मुस्लिम कब्रिस्तान में हाई मास्क लाइट की मरम्मत का काम कर रहा कर्मचारी घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी में भर्ती करवाया गया है. मिली जानकारी अनुसार सेलवा निवासी जागेश्वर पटले नगर परिषद की विद्युत शाखा में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है जो सोमवार को कब्रिस्तान में हाई मास्क लाइट की मरम्मत रहे थे। जिन पर अचानक से हाई मास्क लाइट का पिंजरा आकर सिर पर गिर गया। इस दुर्घटना के बाद साथी कर्मचारी ने घायल को उपचार के लिए कटंगी सरकारी अस्पताल पहुंचाया। मगर, घायल कर्मचारी का कुशलक्षेम जानने के लिए कोई भी जिम्मेदार अस्पताल नहीं पहुंचा। वहीं हादसे की सूचना मिलने पर पार्षद प्रतिनिधि योगराज ठाकरे अस्पताल पहुंचे। जिन्होंने

नपा से अनुरोध किया कि वह घायल कर्मचारी के उपचार का सारा खर्च वहन करें और हालत में सुधार आने तक अवकाश प्रदान कर वेतन में किसी प्रकार की कटौती ना की जाए। गौरतलब हो कि बीते दिनों ही हाई मास्क लाइट आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हो गया था। तभी हाई मास्क की क्वालिटी को लेकर सवाल खड़े हो गए थे। दरअसल, नगर परिषद पर तमाम सामग्रियों के खरीदी में भ्रष्टाचार किए जाने की चर्चा होते ही रहती है और फिर जब इस तरह की घटनाएं होती तो इस बात की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

एक माह से बंद हाई मास्क लाइट-

मुस्लिम कब्रिस्तान में जहां हाई मास्क लाइट की मरम्मत करते वक्त कर्मचारी गंभीर रुप से घायल हो गया है. वहीं दूसरी तरहफ नगर के वार्ड क्रमांक 02 अर्जुननाला के चौक में लगा हाई मास्क लाइट करीब 01 माह से बंद पड़ा है। वार्ड पार्षद ने जिम्मेदार अधिकारी को इसकी सूचना देकर मरम्मत कराने के लिए कहा था लेकिन अब तक सुधार कार्य नहीं हुआ है जिस कारण शाम होते ही चौक में अंधेरा छा जाता है। शहर को प्रकाशमय बनाने के उद्देश्य से शहरी सीमा में करीब आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगाई गई। अब इस हाई मास्क लाइट की गुणवत्ता पर ही सवाल उठने लगा है। सवाल और कोई नहीं नगर परिषद की पार्षद गायत्री ठाकरे ने उठाया है. उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि सभी हाई मास्क लाइट की जांच की जाए।

पहले दिन 959 अनुपस्थित मतदाताओं ने किया मतदान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनुपस्थित मतदाताओं से गत दिवस होम वोटिंग कराई गई है। गत दिवस 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांगजन जो वास्तविक मतदान दिवस 19 अप्रैल को मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान नही कर सकते। ऐसे मतदाताओं से निर्धारित प्रारूप में फॉर्म भरवा कर सहमति ली गई थी। पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी श्री राकेश कुमार खोबरागड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन कुल 997 अनुपस्थित मतदाताओं में से 959 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के 573 व पीडब्ल्यूडी के 38 मतदाताओं ने मतदान किया। दूसरे दिन भी होम वोटिंग के लिए मतदान दल विधानसभा वार पहुँचे। मतदान के पश्चात दल विधानसभाओं में पहुँचे। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय स्थित पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम में करीब रात

9:30 बजे राजनीतिक दलों की उपस्थिति में सीलबंद किया गया। इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे,पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम नोडल अधिकारी श्री राहुल नायक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में वैभव मर्सकोले, दिलीप कुमार, जितेंद्र बर्वे, संजय अग्निहोत्री, मोहन कुमार, संगीता नागेश्वर व अन्य उपस्थित रहें।

जिला अस्पताल में बायोवेस्ट का नहीं हो रहा उचित प्रबंधन, करीब सप्ताह से कमरे में भरा है बायो वेस्ट

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। सबसे बेहतर स्वास्थ्य सेवाए देने का दावा करने वाला जिला अस्पताल, अपने ढीले प्रबंधन के चलते लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। जहा अस्पताल प्रबंधन के उदासीन रवैये के चलते रोजाना निकलने वाले बायो वेस्ट का निस्तारण नही हो रहा है।उचित प्रबंध न होने के कारण अस्पताल परिसर के पीछे इन दिनों बायो वेस्ट खुले में बिखरा हुआ है। जिसे उठवाने की जहमत भी अस्पताल प्रबंधन ने नही उठाई है अस्पताल में बायो वेस्ट एकत्र होने से पूरे क्षेत्र व अस्पताल परिसर में दुर्गंध उठ रही है। इससे मरीजो व उनके रिश्तेदारों का यहां से निकलना तक दुश्वार हो रहा है। जानकारी के मुताबिक पोस्टमार्टम कक्ष के बाजू में बायो वेस्ट को रखने के लिए 3 कमरो का निर्माण कराया गया है जहा सभी कमरे बायोवेस्ट से पूरी तरहा भर गए है जहां से ठेकेदार द्वारा अब तक बायोवेस्ट नहीं उठाया गया है। कमरा पूरा भरा होने के कारण अब अस्पताल का बायो वेस्ट कमरे के बाहर परिसर में फेंका जा रहा है जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

सिर्फ अस्पताल के अंदर हो रही सफाई, बहारी परिसर पर नही गया किसी का ध्यान। बताया जा रहा है कि पिछले 7 दिनों से अस्पताल के पीछे बने कक्ष से ठेकेदार द्वारा बायोवेस्ट नहीं उठाया गया है।वहीं अस्पताल प्रबंधन का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है जिससे पूरा परिसर दुर्गंध से सराबोर हो गया है वही इससे संक्रमण फैलने का खतरा

नजर आ रहा है। आपको बताएं कि संक्रमण के खतरे को देखते शासन द्वारा भी अस्पतालों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए है लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल के अंदर तो साफ-सफाई कराई जा रही है, लेकिन इससे निकलने वाला मेडिकल वेस्ट अस्पताल के पीछे ही फेंका जा रहा है। जो अस्पताल के कर्मचारियों के अलावा यहां भर्ती मरीजों के साथ-साथ आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी खतरा साबित हो सकता है।

दुर्गंध मार रहा बॉयोवेस्ट

जिला अस्पताल में शव घर के पास कचरे का ढेर पड़ा है। हैरानी की बात तो यह है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा किसी भी स्थिति में बायो मेडिकल वेस्ट को खुले में न फेंकने के सख्त निर्देश दिए गए हैं,वही निस्तारण के नियम भी तय किए गए हैं। इसके बावजूद अस्पताल में इसका पालन नहीं हो पा रहा है।बायोवेस्ट का उठाव ना होने के कारण अस्पताल से निकलने वाला बायोवेस्ट दुर्गंध मार रहा है जिससे अस्पताल में आमजन को काफी तकलीफ उठानी पड़ रही है।

बढ़ा संक्रमण का खतरा

चिकित्सक स्वयं मानते हैं कि अस्पताल में निकलने वाली पट्टियां, खराब खून, सीरिंज, इंजेक्शन तथा अन्य सामग्री लोगों के लिए हानिकारक साबित हो सकती है।खुले में रखी बायोवेस्ट का समय पर निस्तारण नहीं किए जाने पर इसमें से दुर्गंध आने लगती है वही इसके संक्रमण से बीमारियां फैलने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में इस बायोवेस्ट को तुरंत प्रभाव से निस्तारण करने की कार्रवाई को अमल में लाना चाहिए। लेकिन अस्पताल में ऐसा कुछ भी नजर नही आ रहा है।

क्या कहती हैं गाइड लाइन

स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन के अनुसार अस्पतालों व नर्सिंग सेंटरों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट को इंसीनेरेटर में नष्ट किया जाना चाहिए क्यो की ऑपरेशन के बाद निकलने वाले मानव अंग के अंश, पट्टी व अन्य मटीरियल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है मेडिकल वेस्ट में विभिन्न बीमारियों के वायरस सहित दवाईयो व अन्य खतरनाक चीजों के अंश होते हैं। इसलिए इसे काफी सुरक्षित तरीके से इंसीनेरेटर में नष्ट किया जाना चाहिए। लेकिन जिम्मेदारो के लिए यह नियम सिर्फ कागजों तक ही सीमित है जबकि इसका यथार्थ में कहीं पर भी पालन नहीं हो रहा है।

रोग मुक्त होने आ रहे लोग, अपने साथ ले जा रहे बैक्टीरिया

जिला अस्पताल के पीछे की ओर मर्चुरी के पास इन दिनों कचरे का ढेर लग गया है, जो सड़ रहा है। इस कचरे से खतरनाक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। आम रोगी तो समझ भी नहीं पाता कि वह बीमारी से मुक्ति के लिए आया और खतरनाक बीमारी के बैक्टीरिया ले जा रहा है।अस्पताल प्रबंधन द्वारा मुर्दाघर के पास बायो मेडिकल वेस्ट एकत्र करने के लिए कमरे बना रखे हैं। जहा पिछले कई दिनों से इसका उठाव नहीं होने से कमरे पूरे भर चुके हैं, साथ ही बाहर तक बॉयोवेस्ट का ढेर लग चुका हैं। वही बदबू के चलते लोगो का इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो रहा है।अस्पताल के कर्ताधर्ता इसे देख कर भी अनजान बने हुए हैं।

पालीथिन की समस्या आ रही थी, कल पूरा वेस्ट उठवा लिया जाएगा- धबड़गाव

इस पूरे मामले को लेकर गई चर्चा के दौरान जिला अस्पताल के सिविल सर्जन संजय धबड़गाव ने बताया की बायोवेस्ट नामक सिवनी के ठेकेदार को मेडिकल वेस्ट उठाने का ठेका दिया गया है जिसे शासन द्वारा समय समय पर भुगतान किया जाता है। उन्हें नियम के मुताबिक एक दिन की आड़ में वेस्ट को उठाना चाहिए। अभी 3 दिन पहले ही उनकी गाड़ी आई थी ।जो मेडिकल वेस्ट लेकर गई है। बाकी जो पदार्थ पड़ा है वह हानिकारक नहीं है क्योंकि शासन द्वारा पॉलिथीन पर बैन लगाया गया है। वही इस पदार्थ को भरने के लिए जिस पॉलिथीन का उपयोग होता था वह पॉलिथीन ठेकेदार को बाजार से खरीदकर लाना है जिसमें वेस्ट भरना है और वह वेस्ट कंपनी पॉलीथिन सहित लेकर जाएगी। पॉलिथीन खत्म हो गई। इस वजह से वेस्ट का उठाव नहीं किया गया है। ठेकेदार को बोलकर इसकी व्यवस्था बनाने कहा गया है। कल की कल बचा कुचा मटेरियल भी उठा लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बालाघाट आगमन आज

जनसभा को संबोधित कर प्रत्याशी के लिए मांगेंगे वोट, उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड में होगी जनसभा ,तैयारियां पूर्ण, सुरक्षा को लेकर किए गए व्यापक इंतजाम

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज मंगलवार को बालाघाट आगमन होगा। जो एक दशक बाद बालाघाट की सरजमीं पर जनसभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी के लिए जनता से वोट का आशीर्वाद मांगेंगे। पीएम मोदी के बालाघाट आगमन को लेकर प्रशासन एवं सुरक्षा तंत्र पूर्ण रूप से सतर्क है। जहां उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। तो वही अर्श से लेकर फर्श तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखे जा रहे हैं। वही किसी भी प्रकार की अनहोनी से निपटने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है ।इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से नगर के 05 मार्गों से आवागमन भी पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। बताया जा रहा है कि एक दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बालाघाट आ रहे है। यहां वे भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस सभा में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व्ही.डी. शर्मा, मंत्री प्रहलाद पटेल के अलावा अन्य मंत्री और नेता शामिल होंगे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई 3000 जवानों की तैनाती

प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर आसमान से लेकर जमीन तक सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए है एक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री के सुरक्षा अमला सहित बालाघाट पुलिस ने लगभग 03 हजार जवानों का तैनाती की है। वहीं बालाघाट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा के चलते, यातायात पुलिस ने शहर के पांच मार्गों में पूर्णत: प्रतिबंधित किया है।

इन मार्गों को किया गया प्रतिबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बालाघाट आगमन को लेकर नगर के पांच मार्गों से आवागमन प्रतिबंधित किया गया है तो वही कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए अन्य मार्गों को डाइवर्ट कर व्यवस्था बनाई गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार मोती गार्डन चौक से आंबेडकर चौक, काली पुतली चौक से आंबेडकर एवं जयस्तंभ चौक, दुर्गावती चौक से आंबेडकर चौक, जयस्तंभ चौक से रानी अवंतीबाई चौक और अवंतीबाई चौक से काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक, विश्वेश्वरैया चौक, दुर्गावती चौक जयस्तंभ चौक, बिरसा मुंडा चौक, अवंतीबाई चौक



के बीच किसी भी प्रकार से आवागमन पूर्णत: अवरूद्ध रहेगा।

इन मार्गों को डाइवर्ट कर बनाई गई व्यवस्था

पीएम मोदी के बालाघाट आगमन को लेकर शहर के प्रमुख मार्गों पर आवागमन प्रतिबंधित होने पर यातायात विभाग ने आवागमन को डायवर्ट किया है। जिसके तहत शहर में भारी वाहन, सरेखा से बैहर रोड होकर आवागमन करेंगे। शहर में नो-इंट्री प्रात: 07 बजे से आगामी आदेश का बंद रहेगी। लांजी और गोंदिया की ओर बस स्टैंड से जाने वाले वाहन बैहर रोड होते हुए सरेखा बायपास से रवाना होगी। जबकि सिवनी, नागपुर, वारासिवनी, लालबर्रा की ओर से आने-जाने वाले वाहन बैहर रोड होते हुए सरेखा बायपास से आवागमन करेंगे।

इन स्थानों पर बनाई गई पार्किंग व्यवस्था

प्रधानमंत्री मोदी के उत्कृष्ट विद्यालय में सभा को देखते हुए, आने वाले लोगों के लिए पार्किंग व्यवस्था भी अलग-अलग की गई है। जिसके अनुसार वीआईपी और मीडिया के वाहन, पीजी कॉलेज के बाजू नवीन बालक हाईस्कूल मैदान, एमएलबी स्कूल और डाईट ऑफिस के मैदान में होगी। इसी प्रकार सिवनी, वारासिवनी और लालबर्रा से आने वाहन की पार्किंग चांदमारी रोड, लांजी, किरनापुर, उकवा, बैहर से आने

वाले बसो पार्किंग जागपुर घाट एवं सरस्वती स्कूल और हल्के वाहनो की पार्किंग पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान, मंडला और लामता से आने वाली बसों और वाहनों की पार्किंग बु ?ी आईटीआई मैदान में होगी और यदि यहां पार्किंग भर जाती है तो फिर वाहन धपेरा-मोहगांव, नेवरगांव, कनकी से गर्रा चौक होते हुए आने वाले वाहनो की पार्किंग सिंचाई कॉलोनी और रेंजर कॉलेज, हल्के वाहन भटेरा रोड नवन विद्यापीठ के सामने एवं पेट्रोल पंप के पीछे मैदान में होगी।

मंत्री प्रहलाद पटेल ने लिया व्यवस्थाओ का जायजा

मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को लेकर की जा रही तैयारियों का सोमवार को केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने जायजा लिया और मंच तथा पूरे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री पटेल ने कहा कि आज देश तो क्या विश्व के लोग प्रधानमंत्री मोदीजी को सुनना चाहते है, उन्हें देखना चाहते है। कार्यक्रम में आम जनता बिना किसी असुविधा के उन्हें सुन सकें और उनके संवाद का लाभ ले सके। इसको लेकर की जा रही तैयारियों का हमने निरीक्षण किया है।चूंकि प्रधानमंत्री आ रहे है तो उनके कार्यक्रम स्थल में किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे, यह देखना हमारी जवाबदारी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम आने के बाद उसे मीडिया को साझा किया जाएगा।

चुनाव ,पार्टी नहीं बल्कि जनता स्वयं लड़ रही है- बिसेन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर सोमवार की शाम जिला भाजपा कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।अयोजित इस पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बालाघाट दूसरी बार आगमन हो रहा है लेकिन वे प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रथम बार बालाघाट आ रहे हैं ।उन्होंने बताया कि उनका प्रथम आगमन वर्ष 2014 में हुआ था जहां 10 साल का कार्यकाल पूर्ण करने के बाद में एक जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। पार्टी की तरफ से सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जिला प्रशासन और चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों को ध्यान में रखा गया है ।वही बालाघाट सिवनी संसदीय 8 विधानसभा क्षेत्र और मंडल के लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे जिनके आगमन को लेकर सभी दिशाओं में अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था बनाकर कार्यक्रम स्थल के लिए रूट डाइवर्ट किए गए हैं। जो लोग भी प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं वे12 बजे के पहले ही आकर पंडाल में बैठ जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो। श्री बिसेन ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव का प्रोग्राम भी आ चुका है वे 12 बजे तक बालाघाट पहुंच जाएंगे। मीडिया के लिए भी अलग से पास जारी कर बैठक व्यवस्था बनाई गई है उन्होंने बताया कि पहली बार देखा जा रहा है कि बीजेपी की कार्यकर्ता तो इस चुनाव में काम कर ही रहे हैं लेकिन ऐसा लग रहा है कि यहां चुनाव पार्टी नहीं बल्कि जनता स्वयं लड़ रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में इस बार 400 के पार का संकल्प लिया गया है हम चाहते हैं कि इस 400 सीटों में बालाघाट का भी नाम शामिल रहे। अंत में उन्होंने जनता से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की बात कही है ।

आवश्यकता है

सांई ट्रेक्टर बालाघाट (पावरट्रेक शोरूम) में सेल्समेन (ट्रेक्टर सेल हेतु)

सैलरी एवं इन्सेंटिव 10 से 20 हजार प्रतिमाह तक योग्यतानुसार

संपर्क सूत्र- सांई ट्रेक्टर 7000671669 8770334649

नर्मदा नगर वार्ड नं. 32, बालाघाट

JOB VACANCY

आवश्यकता है

PADMESH X FIBERNET में

TECHNICAL ENGINEER

हम देंगे...

सम्मानजनक मानदेय, पेट्रोल खर्च अतिरिक्त, तेजी से विकास का मौका, नौकरी की सुरक्षा

पता- पद्मेश सिटी केबल, काली पुतली चौक, बालाघाट 9752771444

ANJUMAN URDU SCHOOL

(ENGLISH MEDIUM)

Needed a Principal and teachers

Teachers for all main subjects

Preference - B.ed, D.ed, bachelor's degree

Office time - 9am to 1pm

Classes from NURSERY to 6th

Add-Ward No.09, Jama Masjid Chowk, Baihar Road, Balaghat

Mo. 9407314594

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट